डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

वैशाख शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 23 मई 2024, वर्ष-30, अंक-214, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

आइए गर्व के साथ मतदान करें

मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव



5 चरणों के चुनाव में देश में मोदी सरकार ....

संसेक्स
74,221.06 +267.75

डॉलर
83.269 -0.052

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 73,280
01 किलो 93,020

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# आरोप-प्रत्यारोप के बीच राजग और इंडी गठबंधन में जोर आजमाइश

## भाजपा ही आलमगीर आलम जैसों को जेल में डालेगी : हिमंता



**बोकारो/ दुमका।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में धनबाद व दुमका लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत तय है। वह बोकारो के चंदनक्यारी में ढुल्लू महतो के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। हिमंता ने कहा कि मोदी को जिताने के लिए भाजपा को वोट दें और ताकि आलमगीर आलम जैसों को जेल में डाला जा सके। झारखंड में बांग्लादेश घुसपैठिए आ रहे हैं। ये लोग मूलवासियों को बहला-फुसलाकर उनसे शादी कर रहे हैं। अब झामुमो नेता भी अस्सलाम वालेकुम बोल रहे हैं लेकिन हम बता देते हैं कि राजनीति करना है तो जय श्रीराम कहना होगा। झारखंड के एक सांसद के घर से, एक मंत्री के घर से करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी इन रुपये को जब्त कर गरीब जनता को स्वच्छ जल और पक्का मकान बना रहे हैं। अब तक के पांच चरणों के चुनाव में भाजपा 400 के आंकड़े के नजदीक शेष पृष्ठ 11 पर

## बेईमानों ने लूटकर झारखंड को बर्बाद कर दिया : शिवराज सिंह चौहान



**रांची/धनबाद।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को धनबाद लोकसभा के झरिया के डिगवाडीह स्थित मानस मंदिर मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि लंबे संघर्ष के बाद अटल बिहारी वाजपेई ने झारखंड बनाया। अटल जी ने झारखंड का निर्माण किया, प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड को संवारा। बीच में आकर इंडी एलाइंस ने सब बर्बाद कर दिया। मीडिया में खबर आ रही है कि मंत्री आलमगीर आलम को किसने कितना कमीशन दिया। कांग्रेस के संसद के घर 350 करोड़ रुपए मिले। विधायक लूट रहा है। सांसद लूट रहा है। मंत्री लूट रहा है। एक मुख्यमंत्री तो जेल में ही चले गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। प्रधानमंत्री मोदी अगर नहीं होते तो ये जेल नहीं जाते। इन्होंने पूरे झारखंड को लूट लिया। अमीर राज्य के लोगों को गरीब बनाने का काम किया। कांग्रेस, झामुमो और राजद ने किया तीन तिगड़ा शेष पृष्ठ 11 पर

## देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर : प्रियंका

ब्यूरो रिपोर्ट



**रांची/गोड्डा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार को झारखंड पहुंची। रांची एयरपोर्ट पर उन्होंने आदिवासी महिलाओं के साथ लोक नृत्य किया। इसके बाद उन्होंने गोड्डा और रांची में जनसभा को संबोधित किया। रांची के हाईटेंशन मैदान, लोवाडीह नामकुम में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मतदान के लिए लोगों से अपील की। उनको सुनने के लिए भारी संख्या में महिलाएं सभा स्थल पहुंची थी। उन्होंने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि संविधान ही आपको सारे अधिकार देता है। शिक्षा और आरक्षण का अधिकार देता है। आज जनता के सामने महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्याएं हैं, महंगाई चरम पर है लेकिन पीएम इस पर कुछ नहीं कहते।

**देश में शिक्षित बेरोजगारी की संख्या अधिक :** देश में काफी संख्या में शिक्षित युवक बेरोजगार हैं। शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के विकास का पैसा मांगने पर हेमंत को भेजा जेल : कल्पना सोरेन



**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने बुधवार को गोड्डा, जमशेदपुर व रांची में जमकर भाजपा पर निशाना साधा। जमशेदपुर के जुगसलाई में भारी बारिश के बीच लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र से राज्य के विकास के लिए एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये की मांग की तो साजिश के तहत हेमंत बाबू को जेल में डाल दिया। कल्पना ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में देश की जनता को झूठ बोलने के सिवा कुछ नहीं किया। जनता से जो भी वादा किया उसे आज तक पूरा नहीं किया। क्षेत्र का सांसद कहां रहता है जनता को यह भी मालूम नहीं है। राज्य के आदिवासी मूलवासियों का विकास करने वाले हेमंत बाबू की सरकार ने 26 लाख लोगों को पेंशन, राशन से जोड़ने एवं 15000 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया। गोड्डा में उन्होंने हेमंत ने राज्य की महिलाओं को पेंशन से जोड़कर सशक्त बनाने का काम किया है। इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तभी जेल का ताला टूटेगा और हेमंत बाबू बाहर आएंगे।

### ट्रेलर और अल्टो कार में सीधी टक्कर

# एक ही परिवार के दो की मौत, तीन घायल





नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू से सटे गढ़वा-अंबिकापुर एनएच पर स्थित लरकोरिया कन्या मोड़ के पास ट्रेलर और अल्टो कार में सीधी टक्कर हो गयी। इसमें नफीसा बानो (45) व उसकी बेटी स्वीटी परवीण (27) की मौत हो गयी, जबकि नफीसा बानो के पुत्र और कार चालक वसीम अंसारी (30), पुत्री ब्यूटी (25) घायल हो गए। वहीं ब्यूटी की एक वर्षीय पुत्री बाल-बाल बच गयी। स्वीटी की मौत घटनास्थल पर हो गयी, जबकि मां नफीसा बानो की मौत गढ़वा ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गयी। घायलों को इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है। इसमें वसीम अंसारी और ब्यूटी की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना बुधवार की अपराह्न 2.30 बजे हुई। घायलों में हाफिज हुसैन का पुत्र वसीम अकरम तथा उसकी छोटी पुत्री सगुफ्ता प्रवीण को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि सभी एक ही परिवार के लोग छत्तीसगढ़ के बिश्रामपुर अपने घर से कार पर सवार होकर गढ़वा शहर के सोनपुरवा अपने रिश्तेदारी में आ रहे थे। इसी दौरान भदुवा घाटी के पास ट्रेलर ने कार को सीधी टक्कर मार दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए रंका स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां दो महिला को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उसे 108 एंबुलेंस की मदद से गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के शेष पृष्ठ 11 पर

### जाको राखे साइयां मार सके ना कोय...



गाड़ी में सवार एक साल का दूधमुंहा बच्चा बाल बाल बच गया। लोगों ने इस बच्चे को रखने की व्यवस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में किया। वहीं उसको रखा गया है। थाना प्रभारी बच्चों के परिजनों से संपर्क स्थापित करने में लगे हुए थे। जैसे ही परिजन रंका पहुंचे इस बच्चे को उन्हें सौंप दिया गया। जबकि अन्य घायलों को सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए दोनों को रांची रेफर कर दिया गया। इधर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह भी अंबिकापुर पुलिस से परिजनों से संबंध स्थापित के लिए प्रयास कर रहे हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचल पदाधिकारी शिव पूजन तिवारी, सोनदाग पंचायत के समाजसेवी अजय कुमार गुप्ता ,कुलदीप यादव, संजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हेमंत कुमार पासवान, पूर्व मुखिया मालती देवी, वर्तमान मुखिया रीमा देवी सहित अन्य लोग घायलों की मदद के लिए आगे आये।

### गिरफ्तारी को चुनौती मामले में हेमंत को करारा झटका

## तथ्य छिपाने पर सुप्रीम कोर्ट का याचिका की सुनवाई से इनकार

**कपिल सिब्बल ने कहा था कि हेमंत सोरेन पर वर्ष 2009-10 में इस जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया, लेकिन इसे लेकर कहीं कंप्लेन दर्ज नहीं है।**

**ईडी ने कहा सक्षम न्यायालय मामले में संज्ञान लिया जा चुका है, जमानत याचिका रद्द करते हुए अदालत ने यह कहा है कि प्रथम दृष्टया आरोप सही प्रतीत होते हैं।**



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सोरेन की ओर से फाइल की गई पिटीशन में इस फैक्ट को छिपाया गया कि इस मामले में ईडी की स्पेशल कोर्ट संज्ञान ले चुकी है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की वेकेशन बेंच ने याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त की, जिसके बाद सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने याचिका वापस ले ली। इससे पहले बुधवार को कार्यवाही के दौरान कपिल सिब्बल ने दलीलें रखीं, लेकिन कोर्ट ने इस बात पर असंतोष व्यक्त किया कि उनके सामने तथ्यों को छिपाने की कोशिश की गई और यह अच्छा आचरण नहीं है। बता दें कि इससे पहले मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से पक्ष रखते हुए सिब्बल ने कहा था कि जिस जमीन पर कब्जे के आरोप में ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की है, वह जमीन छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट के तहत भुईंहरी नेचर की है और इसे किसी भी स्थिति में किसी व्यक्ति को बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता। इस जमीन की लीज राजकुमार पाहन शेष पृष्ठ 11 पर

### एक नजर

## राष्ट्रपति ने देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर देशवासियों और दुनिया भर में फैले भगवान बुद्ध के अनुयायियों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों और दुनिया भर में फैले भगवान बुद्ध के अनुयायियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि करुणा के अवतार भगवान बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, शांति और संपूर्ण मानवता तथा सभी जीव जंतुओं के प्रति प्रेम का संदेश दिया है।

### आज कल




### आलमगीर आलम पांच दिन और ईडी रिमांड पर

## आलमगीर टेंडर घोटाले की जांच में नहीं कर रहे सहयोग

- **जब्त की गयी सामग्रियों, दस्तावेजों, रिकॉर्डों से नये तथ्य सामने आये हैं**
- **नए तथ्यों का आलमगीर आलम से आमना-सामना कराने की जरूरत**



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत से आलमगीर आलम की सात दिनों की रिमांड मांगी। इसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने ईडी को पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड के लिए दिये आवेदन में पीएमएलए कोर्ट को बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम टेंडर घोटाले की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी ने कहा कि जब्त की गयी सामग्रियों, दस्तावेजों, रिकॉर्डों से नये तथ्य सामने आये हैं, जिनका आलमगीर से आमना-सामना कराने की जरूरत है। ईडी ने कहा कि डिजिटल रिकॉर्ड भारी मात्रा में हैं। विभिन्न डिजिटल उपकरणों से डाटा निकालने का काम अभी भी जारी है। साथ ही संजीव लाल और जहांगीर आलम से पूछताछ के दौरान कई नये तथ्य सामने आये हैं। इन तथ्यों का मंत्री के साथ सामना कराने और पुष्टि करने की जरूरत है। क्योंकि, आलमगीर धन के स्रोत यानी शेष पृष्ठ 11 पर

## कैश स्कैंडल मामले में ईडी ने आईएएस मनीष रंजन को किया समन जारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के टेंडर कमीशन और कैश स्कैंडल में ईडी ने अब एक सीनियर आईएएस मनीष रंजन को समन जारी किया है। उन्हें 24 मई को रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। मनीष रंजन फिलहाल पथ निर्माण एवं भवन विभाग के सेक्रेटरी हैं। इसके पहले वह रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी रहे हैं। ईडी ने 6-7 मई को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम एवं कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर की गई छापेमारी में 35. 5 करोड़ के ज्यादा कैश के अलावा कई कागजात और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए थे। इन साक्ष्यों के आधार पर जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में कमीशनखोरी के संगठित खेल का खुलासा हो रहा है। आईएएस मनीष रंजन को इस कमीशनखोरी नेटवर्क की अहम कड़ी माना जा रहा है। ईडी ने कोर्ट में मंगलवार को एक एक्सेल शीट एवं कागजात पेश किए। इसमें बताया गया है कि जिन लोगों के बीच कमीशन की राशि बंटती रही है, उनके नाम कोर्ड वर्ड में एच, एम, एस, टीसी, सीई आदि लिखे गए हैं। ईडी ने कोड वर्ड्स को डिकोड किया है। इसके अनुसार, एच का अर्थ ऑनरेलबल मिनिस्टर और एम का अर्थ मनीष है। एच यानी 'ऑनरेबल मिनिस्टर' आलमगीर आलम इस मामले में 15 मई को गिरफ्तार किए जा चुके हैं और अब एम अर्थात मनीष रंजन भी जांच के रडार पर आ गए हैं। पिछले दो वर्षों में ईडी ने सीनियर आईएएस पूजा सिंघल और छवि रंजन को मनी लॉन्ड्रिंग के अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया है। जबकि, दो अन्य आईएएस राजीव अरुण एक्का एवं रामनिवास यादव से पूछताछ हो चुकी है।

### इंडिया



सुनील बादल

*पाकिस्तान पीओके के संसाधनों की लगातार लूट में लगा है, इसी नीति के विरोध में जन प्रदर्शन उग्र रूप ले चुका है।*

# आधा कश्मीर उबाल पर अब होगा भारत का अंग

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला कश्मीर पीओके के लोग अब भारत में शामिल होने का मन बना चुके हैं तो अगली सरकार मोदी की बनेगी तो यह होकर रहेगा। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पिछले कुछ दिनों से आटे की आसमान छूती कीमत और बिजली के बिल में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन जारी है। वहां की बदहाली का मुख्य कारण पीओके के साथ पाकिस्तान का सौतेला व्यवहार है। पाकिस्तान पीओके के संसाधनों की लगातार लूट में लगा है। इसी नीति के विरोध में यह प्रदर्शन उग्र रूप ले चुका है। लोगों का कहना है कि पीओके स्थित मंगला बांध से उत्पादित बिजली की पाकिस्तान में आपूर्ति की जाती है। हमें मिलने वाली सब्सिडी बंद कर ?बिजली के बिल में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की गई है।

पीओके स्थित मंगला से बांध दो से ढाई हजार मेगावाट बिजली पैदा होती है। इसकी उत्पादन लागत दर ढाई से तीन रुपये प्रति यूनिट है और पाकिस्तान सरकार उपभोक्ताओं से 50 से 60 रुपये प्रति यूनिट वसूल करती है। इस आंदोलन का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर संयुक्त आवामी एक्शन कमेटी कर रही है। आंदोलन को कुचलने के लिए हजारों की संख्या में रेंजर्स तैनात किए गए हैं। इसमें दोनों तरफ से हुई झड़पों में आंदोलनकारी, रेंजर्स और पुलिस कर्मचारी मारे गए हैं। अब इस मुद्दे की गूंज ब्रिटेन और कई देशों में पहुंच गई है। ब्रिटेन में पाकिस्तान कश्मीर पीपुल्स पार्टी के कार्यकताओं ने पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार, अब मुजफ्फराबाद में हेलीकॉप्टरों के माध्यम से सेना के कमांडो की तैनाती की जा रही है, जिससे हिंसा और जान-माल के नुकसान की आशंका और ज्यादा बढ़ गई है। पीओके के हालात अब इतने बदहाल हो गए हैं कि वहां के लोग पाकिस्तानी हुकूमत के खिलाफ खुली बगावत पर उतर आए हैं। वे खुलेआम कह रहे हैं कि 'हम भारत में शामिल होना चाहते हैं, कम से कम हमें वहां दो वक्त की रोटी तो मिल जाएगी। यहां जीना दूभर हो गया है। यहां के प्राकृतिक संसाधनों को पाकिस्तान लूट रहा है। वह अपनी जरूरत की चीजें निकाल कर ले जाता है, लेकिन हमें कुछ नहीं मिलता।'उल्लेखनीय है कि विगत 10 मई को वहां भारतीय तिरंगा लहराए गए। कई जगह पर 'हमें भारत से मिला दो' के नारे लिखे हुए पोस्टर भी लगाए गए। दरअसल पीओके के लोग देख रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर के निवासी शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में खुशहाली और विकास की नई लहर चल पड़ी है। हाल ही में हुए संसदीय चुनाव में जम्मू-कश्मीर में 38 फीसदी का रिकॉर्ड मतदान हुआ, जो पहले हुए मतदानों से काफी ज्यादा है। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके को 23 अरब पाक रुपये का अनुदान दिया है, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। हकीकत तो यह है कि पीओके के लोग पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर अब बिल्कुल भी भरोसा नहीं करते। इसलिए अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पीओके जाकर बातचीत के जरिये वहां की समस्याओं का हल निकालना चाहते हैं। अब देखना होगा कि उनकी बातचीत क्या रंग लाएगी। देखा जाए, तो 1947 के बाद भारत की किसी भी सरकार ने पीओके को पाकिस्तान के कब्जे से छुड़ाने की कोई कोशिश नहीं की। लेकिन हमारी मौजूदा मोदी सरकार के रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और विदेश मंत्री ने पीओके के संजीदा हालात को देखते हुए कहा है कि पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे हर हाल में पाकिस्तान के चंगुल से निकाल कर रहेंगे।



उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत इसे वापस लेने के लिए ठोस कदम उठाएगा, ताकि इसके दूसरे हिस्से को जम्मू-कश्मीर के साथ मिलाया जा सके। अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर के हालात काफी बेहतर हुए हैं। इससे पहले संसद में दो प्रस्ताव भी पास हो चुके हैं। अब पाकिस्तान से हिसाब लेने का समय आ गया है। पीओके में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई वहां के युवाओं को हथियार और प्रशिक्षण देकर भारत के खिलाफ भड़काती है और जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करा रही है। पीओके में आतंकियों के प्रशिक्षण शिविर भी बने हुए हैं। अगर पीओके को कब्जे से छुड़ा लिया गया, तो ये शिविर बंद हो जाएंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि आगामी चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद जब नई सरकार का गठन हो जाएगा, तो इसके तुरंत बाद सरकार अपने एजेंडे में पीओके की वापसी को प्राथमिकता में रखेगा।

# सड़क पर खड़ी लावारिस गाड़ियां बन रही दुर्घटना का कारण

- सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर होटल में घंटों बैठ गप्पे लड़ाते हैं लोग
- होटल व ढाबों के पास नहीं होती चेकिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** यदि आप हाइवे पर गाड़ी चला रहे हों तो बेहद सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि जरा सी असावधानी बड़े खतरे का कारण बन सकती है। एनएच 75 व एनएच 98 पर सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहन हादसे की मुख्य वजह बन रहे है। इस तरह के हादसों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग तीव्र गति से चलने योग्य बनाने का लाभ तो सभी को मिल रहा है, लेकिन जान का जोखिम भी बढ़ गया है। हाइवे पर चलने वाले माल भरे हुए ट्रक हो या अन्य कोई वाहन चालक की लापरवाही से दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं। एनएच 98 स्थित पड़वा मोड़ से तुकबेरा, बाना, कंडा, नावा आदि तक सड़कों के दोनों ओर वाहन ही वाहन खड़े नजर आते हैं। सड़क किनारे चालक अपने वाहन अक्सर रात में बेतरतीब खड़ा कर देते हैं, जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिनमें लोगों की जान भी बड़ी संख्या में जा रही है। पीछे से आने वाले तेज रफ्तार वाहन खड़े वाहन में टकरा जा रहे हैं। ऐसी कई घटनाएं हो चुकीं, लेकिन लापरवाह वाहन चालकों पर आज तक लगाम नहीं लग सकी। दुर्घटनाएं अक्सर सड़क किनारे अवस्थित होटलों व लाईन होटलों के आसपास होती हैं। जहां मोटरसाइकिल, चारपहिया, ट्रक आदि बेतरतीब वाहन खड़ा कर देते हैं। खड़े वाहनों में न तो पार्किंग लाइट जलाई जाती है और न ही रेडियम संकेत होते हैं। जो हादसा होने का कारण भी यही है।



### होटल व ढाबों के पास नहीं होती चेकिंग

सड़क किनारे अवस्थित होटलों व ढाबों के पास बेहतरीब ढंग से वाहन खड़े नजर आते हैं। रात व दिन में यहां वाहन एक के पीछे एक खड़े रहते हैं। रात के समय पड़वा मोड़ से नावा पार जाने में डर बना रहता है। नियमित चेकिंग न होने और चालान न होने की वजह से यहां हादसे का डर बना रहता है। छुटपुट मामले तो यहां प्रतिदिन होते रहते हैं।

### सड़क पर गाड़ी खड़ी कर लोग करते हैं बाजार

नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय के एनएच 98 औरंगाबाद-मेदनीनगर मुख्य मार्ग पर साप्ताहिक प्रत्येक बुधवार को लगता है। साप्ताहिक बाजार में मोटरसाइकिलो का अतिक्रमण देखने को सहज हीं मिल जाता है। इससे आवागमन में लोगों को काफी परेशानी होता रहा है। लावारिस सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर बाजार घंटों तक करते हैं। जिसके कारण जाम की स्थिति बन जाती है। जिसके कारण आवागमन में बड़े वाहनों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रायः दुर्घटना होता रहा है। साथ हीं प्रायः दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## न्यूज बॉक्स

### लापता बेटे की तालाश में दर-दर भटक रहे हैं माता पिता, किसी अनहोनी की आशंका



**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा का बेटा राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा (25) पिछले बारह दिनों से लापता है। इस संबंध में डब्लू मिश्रा ने विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था। लेकिन अभी तक मोनू का कोई सुराग पुलिस को भी नहीं मिला है। इधर मोनू के परिजन किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए गम में डूबे हुए हैं। परिजन पुलिसिया कार्रवाई से भी संतुष्ट नहीं हैं। पिछले दस मई को मोनू घर से निकाला था। लेकिन वह आज तक घर वापस नहीं लौटा। इधर मोनू की तलाश में उसके माता-पिता दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। बेटे की तालाश में दोनों दिन भर जहां-तहां भटक रहे हैं। लापता युवक मोनू के पिता डब्लू मिश्रा ने बताया कि पुलिस को कुछ संदिग्धों का नाम भी बताया गया था, लेकिन पुलिस उन से भी कड़ाई से पूछताछ नहीं कर पा रही है। मोनू के चाचा सह बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि अगर पुलिस अपेक्षित कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा।

**बारह दिनों से लापता है छिपादोहर का युवक, परिजन पुलिसिया कार्रवाई से है असंतुष्ठ**

### चोरी गयी लूना बाइक बरामद

**पाटन।** पाटन थाना की पुलिस ने एक लूना बाइक को बरामद किया है। मुकुल पासवान ने थाना में आवेदन देकर लूना बाइक की चोरी होने की केश दर्ज कराया था। पाटन पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद मंगलवार को लूना बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आई कि कांड के वादी किशुनपुर के मुकुल पासवान ने बाइक चोरी का झूठा केस किया था। जबकि बाइक अपने साला को गिरवी रखा था। अपने साला को झूठा केस में फसाने के लिए झूठा केस किया था। इस संबंध में थाना प्रभारी लालजी ने लूना बाइक को जब्त कर वादी मुकुल पासवान के विरुद्ध दंडित कर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। वादी पाटन के किशुनपुर का रहने वाला है।

## एक नजर

### चुनाव कर्मी को नहीं किया गया राशि का भुगतान, असंतोष

**नावाबाजार।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण यानी चतरा चुनाव के लिए पलामू से लगाए गए कर्मियों को राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को तीन दिन पूर्व भुगतान कर दिया जाता रहा है। इसकी जानकारी देते हुए राजस्व उप निरीक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मराज मिश्रा ने कहा कि चतरा लोकसभा में पलामू जिला का पांकी विधानसभा क्षेत्र आता है। जहां पांकी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्य के लिए पलामू जिले के हीं कर्मियों को लगाया जाता है। इस बार पीठासीन पदाधिकारी को 2500 रुपया अन्य मतदान कर्मियों को 2000 रुपए देने की बात कही गई थी। जो चुनाव की तिथि से पूर्व भुगतान कर दिया जाएगा। लेकिन चुनाव कार्य संपन्न करने के बाद भी अभी तक किसी भी कर्मियों के खाते में राशि का भुगतान नहीं किया गया है। बताया कि इससे सभी कर्मी उदास और हताश हैं। बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 का एक ग्रुप मास्टर ट्रेनर का है, इसमें भी तीन बार संदेश भेजकर राशि का भुगतान की अपील किया गया। जिसमें नोडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी भी इस ग्रुप में शामिल हैं। मिश्रा ने पलामू उपायुक्त से सभी कर्मियों की राशि भुगतान करने का अपील किया है।

### दाह संस्कार में शामिल हुए भाजपा नेता

**पाटन।** प्रखंड के ग्राम काके कला गांव के विनय भुईयां की आकस्मिक मौत की खबर सुनकर भाजपा नेता मनोज कुमार ने दाह संस्कार में भाग लिया। मृतक के परिजनों से मिलकर दुख जाहिर किया। भगवान से प्रार्थना किया कि मृतक के परिजनों को दुख सहने की भावना प्रदान करें। मौके पर अशोक तिवारी, मंडल मंत्री आनंद सिंह, वीरेंद्र प्रसाद यादव, संतोष पासवान, सुनील पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, सिकंदर पांडे, सचित पांडे, नरेंद्र राम सुरेंद्र राम समेत अन्य लोग दाह संस्कार में मौजूद रहे।

## डगरा में मोबाइल टावर लगने से ग्रामीणों में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित सुदूर नक्सली गढ़ इलाका डगरा में एक माह पहले निर्माण एयरटेल कंपनी का टावर खड़ा हुआ। एयरटेल कंपनी का टावर ग्रामीण जनता अपने मोबाइल फोन नेटवर्क पाकर हुए खुश हैं। बता दें कि आज के पहले बीते पिछले दिनों में नेटवर्क न होने से ग्रामीण जनता को पेड़ पौधे घर की दीवार पर खड़े होकर अपने मोबाइल फोन से नेटवर्क खोजना पड़ता था। वहीं स्कूली बच्चों को भी इंटरनेट डिजिटल का लाभ न मिलने से बच्चे अपने पढ़ाई में दिलचस्पी नहीं ले पाते थे। लेकिन एयरटेल कंपनी टावर होने से ग्रामीण में हर्ष उल्लास देखने को नजर आया है। ऐसे में स्कूली बच्चों को भी इस नेटवर्क होने से लाभ मिल रही है। बता दें कि जब से यह टावर बनी है तब से ग्रामीणों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर खड़ा होकर नेटवर्क खोजने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।



### अनुमंडल कार्यालय से मुनि सिंह चौक तक की सड़क जर्जर

## जल-जमाव से राहगीरों को परेशानी, नाली बनाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी क्षेत्र के अनुमंडल रोड से होते हुए मुनि सिंह चौक के नवीनगर मुख्य रोड में वार्ड नंबर दो के नवीनगर रोड तक जाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि मुख्य सड़कों पर नाली का गंदा पानी के जल -जमाव से राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। वहीं उक्त सड़कों पर वाहनों का चलना भी मुश्किल हो गया हैं। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि बोर्ड की बैठक में नाली व सड़क निर्माण कराने की योजना ली गई थी। परंतु कार्यकाल समाप्त होने के बाद कार्य अधर में लटक गया है। इधर लोकसभा चुनाव को लेकर कोई काम नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद प्रतिनिधि के नाते कार्यपालक पदाधिकारी से इस समस्या की समाधान निकालने पर पहल करने की बात करेंगे। ताकि अनुमंडल मैदान व अस्पताल से होते हुए जपला रेलवे स्टेशन जाने में कोई परेशानी न हो। उक्त सड़क बनने से आवागमन में लोगों को सुविधा के साथ-साथ यह रिंग रोड भी हो जाएगा। उधर मोहल्ले वालों का कहना है कि गर्मी के मौसम में सड़क की यह स्थिति पैदा हो गई। तो बरसात के समय में क्या स्थिति होगी। उधर सुविधाओं के नाम पर लोगों से विभिन्न प्रकार की टैक्स की वसूली कर नगर पंचायत विभाग द्वारा लोगों का दोहन किया जा रहा है।



## एके सिंह कॉलेज जपला में विश्वविद्यालय स्तरीय सेमिनार का समापन



### मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्राध्यापकों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला के प्रांगण में आइक्यूएसी, राजनीति विज्ञान तथा समाज शास्त्र विभाग द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य - सह- आई क्यूएसी अध्यक्ष प्रो. सूर्यमणि सिंह ने की। वहीं संचालन प्रो. राजेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि - डॉ. वीरेंद्र कुमार विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय समाज शास्त्र विभाग नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि - भास्कर कुमार सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा , प्रो. राजमोहन , प्रो. रोहित कुमार, प्रो. पंकज कुमार सिंह, प्रो. जमशेद आलम, प्रो. राजमुनि उरांव, प्रो. जयलेश गुप्ता, डॉ. आनंद कुमार, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो. सुनील कुमार सिंह राजनीति विज्ञान, प्रो. अभिषेक कुमार, प्रो. चंदन कुमार सिंह, प्रो. शशिभूषण, प्रो. सुदीप कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। दिव्या कुमारी, शीतल कुमारी तथा नैंसी कुमारी ने मां सरस्वती के समक्ष वंदना की तथा आए हुए अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किये। तत्पश्चात वे मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि तथा अन्य अतिथि प्राध्यापकों को शॉल एवं बुके देकर स्थानीय प्राध्यापकों ने सम्मानित किया। इसके पश्चात सेमिनार के विषय पर चयनित विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इसी बीच प्रो. डॉ. आलोक रंजनकुमार ने वर्तमान परिवेश में भारतीय ग्रामीण समाज में राजनीति की भूमिका विषय पर विशद व्याख्या की तथा उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इसके उपरांत मुख्य वक्ता तथा विशिष्ट अतिथि भास्कर कुमार ने उक्त विषय पर अपने व्याख्यान दिए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार ने सारगर्भित व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इसके उपरांत प्रो. सूर्यमणि सिंह ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए सभी शिक्षक शिक्षककेतर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

वहीं कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सभी वक्ता विद्यार्थियों तथा वक्ता प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। सेमिनार में अंत तक सहभागिता अपनाने वालों में प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो. सुनील कुमार सिंह, रसायन विज्ञान, प्रो. रेखा कुमारी सिंह, प्रो. हरेंद्र नारायण सिंह, प्रो. अयूब, प्रो, डॉ. अजय कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अखिलेश सिंह अधिक राज पाल, मीना कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## जिप सदस्य व मुखिया ने किया जन वितरण प्रणाली की दुकान का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जिला पार्षद ददन पासवान व तेंदुई पंचायत के मुखिया उषा देवी ने बुधवार को पिपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत अंतर्गत सकलदीपा गांव स्थित महेश राम की जनवितरण प्रणाली की दुकान का ग्रामीणों के शिकायत पर निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान में स्टॉक की जानकारी ली। लाभुकों की संख्या व स्टॉक पंजी का ब्योरा लिया। उन्हें शिकायत मिली थी कि कार्डधारियों को मई माह का अंगूठा लगवा लेने के बाद भी राशन नहीं दिया जा रहा है। डीलर द्वारा 17 मई को 47 क्विंटल 80 किलो चावल, 11 क्विंटल गेहूं तथा 306 पैकेट चना दाल का उठाव कर लिया गया है। जबकि गोदाम में सिर्फ 15 क्विंटल चावल तथा 200 पैकेट चना दाल ही पाया गया। खाद्यान्न से वंचित लाभूकों ने बताया है कि डीलर महेश राम द्वारा मई माह का आवंटित खाद्यान्न का उठाव के साथ ही वाहन अभिकर्ता पंचम कुमार के साथ मिलकर कालाबाजारी कर बेच दिया गया है। साथ ही लाभुक द्वारा राशन की मांग करने पर डीलर अनाज नहीं मिलने की बात कहते है। जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं पूछे जाने पर डीलर महेश राम ने कहा कि गोदाम से उन्हें खाद्यान्न अभी पूरा नहीं मिला है। वहीं वाहन अभिकर्ता पंचम कुमार ने कहा कि डीलर को खाद्यान्न 30 क्विंटल होम डिलिवरी के माध्यम से भेज दिया गया है। शेष जल्द ही भेज दिया जाएगा। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी एमओ सरजुन राम ने बताया कि मुखिया व जिला पार्षद के माध्यम से मामले की जानकारी मिली है। अगर डीलर द्वारा खाद्यान्न का कालाबाजारी किया गया होगा तो जांचों उपरांत सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं जनप्रतिनिधियों ने उक्त डीलर की शिकायत कर उच्च पदस्थ पदाधिकारियों से कानूनी कार्रवाई करने के लिए अनुशंसा करने की बात कही। मौके पर उप मुखिया विजय राम, समाजसेवी अरविंद सिंह, वार्ड सदस्य पति नीरज उरांव, ग्रामीण नरेश यादव, जगन सिंह, किशुन सिंह, पवन राम, अनिल राम, विमलेश सिंह, अवधेश राम, महेंद्र राम, जितेंद्र भुइयां सहित कई लोग मौजूद थे।





### जन समस्या

### पांकी के परसांवा में पानी की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## ग्रामीण दो किलोमीटर दूर से ला रहे हैं पानी, प्रशासन से पेयजल की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड क्षेत्र में गर्मी के मौसम के शुरू होते ही कई गांवों में पानी की किल्लत होना शुरू हो जाता है। वहीं दिन प्रतिदिन यह समस्या प्रखंड के लगभग सभी पंचायत में घटते जलस्तर के कारण और भी गंभीर होने लगा है। घटते जलस्तर के कारण पांकी प्रखंड के नवडीहा वन पंचायत के परसांवा गांव में लगभग सभी सरकारी चापाकल एवं कुआं सूख चुके हैं। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल को लेकर गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। फिलहाल ग्रामीण पानी एक से दो किलोमीटर दूर से ला रहे हैं। परसावां गांव के बढ़ई टोला के लोग अपने निजी खर्चे से अपने घरों में बोरिंग भी कराए, लेकिन उसमें भी पानी नहीं निकला। परसावां गांव के बढ़ई टोला के लोगों का कहना है कि हम सभी का दुर्भाग्य है कि चापाकल में पानी नहीं के बराबर है। दो चार बाल्टी पानी निकालने के पश्चात पानी सूख जाता है। हम लोग किसी तरह पानी इधर-उधर से लाकर पी रहे हैं। नल जल योजना के तहत घर-घर पानी का कनेक्शन दिया है लेकिन उसमें भी पानी नहीं आता है।



**खाली बाल्टी लेकर किया प्रदर्शन :** पानी की समस्या से त्रस्त दर्जनों ग्रामीणों ने हाथ में खाली बाल्टी एवं डब्बे लेकर प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से अविलंब पानी मुहैया कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि पानी की समस्या को लेकर वे प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंप कर उक्त समस्या के निदान हेतु मांग करेंगे।

### हैदरनगर में रेल फाटक पर चार साल में नहीं मिला जाम से छुटकारा

## फाटक बंद रहने से मुख्य पथ पर भी लग जाती है वाहनों की लंबी कतार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** डीडीयू रेलमंडल के बीडी सेक्सन अंतर्गत हैदरनगर रेलवे स्टेशन से जुड़े रेल फाटक संख्या 50 सी पर चार साल में भी जाम से वाहनों व लोगों को छुटकारा नहीं मिल सका है। उक्त जाम रेल यातायात सुचारु रखने के लिये घंटों फाटक का बंद रखना रेलवे की ओर से दलील अब तक दिया जाता रहा है। इससे मुख्य पथों पर वाहनों सहित लोगों की भीड़ का दृश्य भी आये दिन देखने को मिलता है। हालांकि रेलवे के थर्ड लाईन निर्माण कार्य को लेकर कई छोटे रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण करा चुकी है। किन्तु अतिव्यस्ततम इस स्थान पर न तो अब तक अंडरपास और न ही आरओबी का निर्माण कराया जा सका है। हालांकि गत दो वर्षो से कायम इस जटिल समस्या के प्रति रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति पलामू के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह व प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया कमल कुमार पासवान, नवाजिश खान, मनोज शर्मा, जिला पार्षद संगीता देवी, हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह ने इस रेल फाटक पर आरओबी निर्माण कर अविलंब जाम से छुटकारा दिलाने का आग्रह रेल महाप्रबंधक हाजीपुर व डीआरएम मुगलसराय से कराते आये हैं। जिसे अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है। अब तक विभागीय अधिकारियों ने उन्हें यही बताया जाता रहा है कि आरओबी के लिये सर्वे के बाद मंत्रालय को स्वीकृति के लिये भेजा गया है। इससे मुख्य बाजार से आपातकाल में लोगों को हॉस्पिटल, थाना, ब्लॉक सहित मोहम्मदगंज मुख्य पथ का घंटों कनेक्टिविटी अवरुद्ध होने से आवागमन में शामिल लोगों को रेल प्रशासन के प्रति सदैव चिड़चिड़ापन की स्थिति भी देखा जाता है। इससे 12 पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों सहित संबधित ग्रामीणों को भी स्थानीय ब्लॉक और थाना तक आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।



## एक नजर

### प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता में रोटरी का प्रियांशु चयनित



**मेदिनीनगर।** प्रेरणा स्कूल बड़नगर गुजरात द्वारा मेदिनीनगर के जवाहर नवोदय विद्यालय में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव 2024 प्रतियोगिता का आयोजन 22 अप्रैल को किया गया था, जिसमें पलामू जिले के विभिन्न विद्यालयों के 50 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। चर्चा का विषय था विकसित भारत, मुझे प्रेरणा के लिए क्यों चुना जाए, भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण, जिसमें रोटरी स्कूल के दसवीं कक्षा का छात्र प्रियांशु सिंह पलामू जिले से चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रौशन किया। ज्ञातव्य हो कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निदेर्शानुसार चयनित छात्र को एक सप्ताह के लिए विद्यालय के शिक्षक के साथ प्रेरणा स्कूल बड़नगर गुजरात भेजा जाएगा। साथ जानें वाले शिक्षक अपने विषय के किसी एक अध्याय पर पाठ योजना तैयार कर के जायेंगे, जिसका सम्बन्ध मूल्य के एकीकरण से होगा। विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने चयनित छात्र के लिए मंगल कामना व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी स्कूल में ऐसे ऐतिहासिक पल प्रारम्भ से आते रहे है। अंतर्राष्ट्रीय रोटरी क्लब का छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ यह गर्व की बात है। प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडेय ने इस सफलता पर काफी हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रियांशु सिंह की इस सफलता से हम गौरवान्वित है। प्रारम्भ से ही इस विद्यालय के छात्र-छात्राएं अच्छे मुकाम पाकर विद्यालय के साथ साथ अपने अभिभावक तथा समाज का नाम रौशन कर रहे हैं तथा देश सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। हम लगातार एकेडमिक में सुधार लाकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के प्रयास में लगे है, जिससे अधिक से अधिक बच्चे आगे बढ़े और देश के योग्य नागरिक बन राष्ट्र हित में कार्य करें। चयनित छात्र के उज्जवल कामना करते है तथा उनके अभिभावक को साधुवाद देते है।

# एमएमसीएच के मेडिकल स्टूडेंट की सड़क हादसे में मौत

## स्कूटी अनियंत्रित होकर बिजली की खंभे से टकराई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से इंटर्नशिप कर रहे 34 वर्षीय अभिषेक कुमार चंचल की सड़क हादसे में मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर बुधवार को एमएमसीएच परिसर में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। अभिषेक मंगलवार की रात 9.30 बजे इंटर्नशिप खत्म करने के बाद स्कूटी से आबादगंज जा रहे थे। इसी दौरान उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर बिजली की खंभे से टकरा गयी, जिससे सिर में गंभीर चोट लगी। आनन-फानन में उन्हें शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देर रात मौत हो गयी। स्कूटी पर अभिषेक के साथ एक और व्यक्ति सवार थे। उनको नुकसान नहीं हुआ है। एमआरएमसीएच के सुपरिटेंडेंट डॉ. डीके सिंह ने कहा कि अभिषेक चंचल रांची से एमबीबीएस करने के बाद पिछले नौ महीने से एमएमसीएच में फोरेन मेडिकल ग्रेजुएट के रूप में इंटर्नशिप कर रहे थे।



**बुधवार को एमआरएमसीएच परिसर में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी**

### इंटर्नशिप के 11 महीने पूरे हो चुके थे

इंटर्नशिप के लगभग 11 महीने पूरे हो चुके थे। यहां उनकी पढ़ाई और काम दोनों खत्म ही होने वाला था। तभी सड़क दुर्घटना में उनकी जान चली गई। आज मेदनीराय मेडिकल कॉलेज में एक शोक सभा में उनकी आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा की जानकारी मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर निखिल निशांत ने दी। पूरा मेडिकल कॉलेज और परिवार डॉक्टर चंचल के मृत्यु से हतप्रभ हैं। मेडिकल कॉलेज के एक कर्मी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि डॉक्टर चंचल बहुत ही नेक दिल इंसान थे।

## कुंदरी वन क्षेत्र में चेकनाका फिर से चालू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कुंदरी वन क्षेत्र में पुनः नाका लगा दिया गया है। यह नाका पिछले 6 सालों से बंद था। प्रभारी मेदिनी नगर वन प्रमंडल अधिकारी कुमार आशीष ने प्रेस को बताया कि हमारे पलामू टाइगर रिजर्व के गारु पूर्वी के रेंजर उमेश दुबे इस समय कुंदरी रेंज के भी प्रभार में हैं। उन्होंने बताया कि उमेश दुबे दो दिन से कुंदरी में ही है। उन्होंने बताया कि हमारा बंद नाका अब फिर से चालू हो गया है। रेंजर उमेश दुबे ने यह भी बताया की कुंदरी नाका रात दिन काम कर रहा है। रात्रि में भी वन विभाग के कर्मी इस नाका पर ड्यूटी कर रहे हैं। बालू और कोयले की अवैध ढुलाई वाले ट्रैक्टर की आवागमन बंद हो गई है। उनका कहना था कि जो ट्रैक्टर या ट्रक के पास बालू अथवा कोयले का चालान नहीं होगा वह ट्रक या ट्रैक्टर इस नाका से पास नहीं होगी और पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। उमेश दुबे ने बताया कि हर चार चक्का वाहन या बड़ी गाड़ी जिस पर अवैध सामान यानी लकड़ी, बालू, कोयला लदे होने का संदेह होगा उसे तत्काल रोककर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उमेश दुबे ने बताया कि इस नाका से गुजरने वाली हर चार चक्का और दूसरे गाड़ी का नंबर और समय नोट किया जा रहा है। यह कुंदरी नाका पर 24 घंटा काम किया जा रहा है।

## भरी से गोगाड तक की सड़क जर्जर, आम लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पांकी प्रखंड में भरी से गोगाड गांव तक की 5.5 किलोमीटर लंबी सड़क जर्जर है। सड़क में कई जगह केवल मेटल स्टोन बिछाकर छोड़ दिया गया है। जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भरी ग्राम पंचायत की यह महत्वपूर्ण सड़क प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र हुरलौंग, होटाई आदि तक जाता है। परंतु खराब सड़क के कारण इन गांव का विकास भी काफी प्रभावित है। गोगाड निवासी चलितर सिंह, उदय यादव आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव इस क्षेत्र के गांव में सड़क के साथ-साथ सिंचाई की भी कोई सुविधा नहीं है। सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण पिछले दो सालों ने गांव में धान की फसल नहीं हो पाई है। हालांकि धान के खेत बेहद उपजाऊ हैं परंतु सिंचाई की सुविधा के अभाव में किसान परेशान रहते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र वर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण की पहल की गई है परंतु ठेकेदारी के विवाद में सड़क निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। इस सड़क के करीब दर्जनभर गांव सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं।

**गांव इस क्षेत्र के गांव में सड़क के साथ-साथ सिंचाई की भी कोई सुविधा नहीं है। सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण पिछले दो सालों ने गांव में धान की फसल नहीं हो पाई है : ग्रामीण**

## मेडिकल कॉलेज के केंद्रीय पुस्तकालय में नहीं है जेनरेटर की सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का केंद्रीय पुस्तकालय बिजली के भरोसे है। यदि बिजली है तो यहां मेडिकल के छात्र-छात्राएं शाम और रात में पढ़ाई कर पाते हैं। अगर बिजली चली गई तो पूरा अंधेरा हो जाता है। पढ़ाई बाधित हो जाती है। कुछ मेडिकल के छात्र-छात्राएं अपने-अपने मोबाइल फोन की लाइट में कुछ कछ पढ़ने की कोशिश करते है, नहीं तो पुस्तकालय से बाहर निकल जाते हैं। यहां एक भी इनवर्टर नहीं है। झारखंड राज्य का शायद यह पहला ऐसा मेडिकल कॉलेज का केंद्रीय पुस्तकालय होगा, जिसमें एक भी इनवर्टर या जेनरेटर की सुविधा नहीं लगा हो। इस मेडिकल कॉलेज में बिजली की व्यवस्था पहले से ही खराब है और ऊपर से इस केंद्रीय पुस्तकालय में इनवर्टर के न होने एक गंभीर समस्या है। इस मेडिकल कॉलेज के एक फैकेल्टी डॉक्टर निखिल निशांत ने बताया कि इस केंद्रीय पुस्तकालय में इनवर्टर ना होने के कारण मेडिकल के छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस मेडिकल कॉलेज में कुल आठ विभाग है किसी भी विभाग में एक भी इनवर्टर नहीं लगा है। डॉ. निखिल निशांत ने बताया कि उनका विभाग सामुदायिक औषधि का है। सामुदायिक औषधि विभाग मेडिकल कॉलेज के चौथे तलने पर है। यहां पर बिजली जाने पर सब कुछ बंद हो जाता है लेक्चर हॉल से लेकर प्रैक्टिकल तक। यदि इनवर्टर होता तो यह स्थिति नहीं होती। चौथी मंजिल पर क्या गर्मी और धूप के प्रभाव होगा पलामू में यह बात समझा जा सकता है। एक और विभाग है चौथी मंजिल पर यह ऋट.ळ का चूके इस विभाग में अभी कोई शिक्षक नहीं है तो यह विभाग बंद है। इतने बड़े मेडिकल कॉलेज में केवल दो स्थान पर ही इन्वर्टर लगा है प्राचार्य के चेंबर में इनवर्टर है और दूसरा इनवर्टर ऑफिस में है। बाकी के जगह पर कोई भी इनवर्टर नहीं लगा है। एक मेडिकल छात्रा ने नाम ना बताने की शर्त पर यह कहा की यह मेडिकल कॉलेज अच्छे इंग्लिश मीडियम वाले स्कूल से भी बहुत पीछे है सुविधा के मामले में। प्राचार्य डॉक्टर कमरेंद्र प्रसाद को बताया कि इनवर्टर के लिए स्वास्थ्य विभाग को आज ही चिट्ठी लिखेंगे की इनवर्टर खरीदने के लिए राशि उपलब्ध कराया जाए।





रात्री के समय वाहन चकिंग करते पुलिस अधिकारी

## इप्टा द्वारा आयोजित नाट्य कार्यशाला के छठे दिन पहुंचे राकेश निखज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा पलामू द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की गतिविधियों के दौरान 15 मई से 25 मई तक नाटय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला के छठे दिन इप्टा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में सीआईएसएफ बटालियन कमांडेंट राकेश निखज, असिस्टेंट कमांडेंट सतीश कुमार, एस आई जय सिंह गुज्जर, एवं होटल रमाडा के जीएम फरेश सोनी सहित बटालियन के जवान उपस्थित होकर कार्यशाला में भाग ले रहे बच्चों को प्रोत्साहित किया। यहां बताते चलें कि राकेश निखज सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले बच्चों एवं नौजवानों की शिक्षा एवं व्यक्तित्व के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहते हैं। उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों में 11 जगह पर छात्रों एवं छात्राओं के लिए लाइब्रेरी की स्थापना की है। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए राकेश निखज ने कहा कि इप्टा बच्चों के व्यक्तित्व के विकास के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने बच्चों के बीच शिक्षा और स्वास्थ्य का संदेश देते हुए सम्मानित किया। साथ ही राकेश निखज ने समृद्धि मिशन एवं इप्टा के शीला श्रीवास्तव, आशा शर्मा एवं अहिल्या गिरी को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सम्मानित करते हुए कहा कि समृद्धि मिशन के बच्चों के लिए एक लाइब्रेरी विकसित करूंगा। साथ ही संस्कृतिक पाठशाला के पुस्तकालय को भी समृद्ध करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर कार्यशाला में भाग ले रहे बच्चों ने अतिथियों के समक्ष तैयार किए गए गीतों में एक गीत ₹हो सावधान आया तूफान₹ प्रस्तुत किया। इसके बाद इप्टा के रंगकर्मियों ने गोपाल दास नीरज की रचना ₹इसीलिए तो नगर नगर बदनाम हो गए मेरे आंसू₹ धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रस्तुत किया। इसके बाद रंगकर्मियों ने अदम गोंडवी की रचना ₹काजू भुने प्लेट में व्हिस्की गिलास में₹ संजीत दुबे के नेतृत्व में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में इप्टा के अध्यक्ष प्रेम भसीन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं इप्टा द्वारा तैयार किए गए कविता व संवाद पोस्टर प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर उपेंद्र कुमार मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, रवि शंकर, अजीत, गोविंद प्रसाद, राजीव रंजन, भूपेश कुमार शर्मा सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आम जनता के लिए काम करती रहूंगी: अरुणा शंकर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार को प्रथम महापौर अरुणा शंकर चिलचिलाती धूप में वार्ड नंबर 2, 3, 9 और 14 में दौरा कर निगम द्वारा कराई जा रहे टैंकर से पानी की सप्लाई का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पहले लगभग डेढ़ सौ टैंकर पानी की सप्लाई निगम द्वारा की जा रही थी। आज से कई वार्डों में पानी की सप्लाई बढ़कर निगम द्वारा 200 टैंकर कर दी गई है। लेकिन हर वार्ड में पानी का टैंकर इस भीषण गर्मी में पहुंचना जरूरी है। कहीं कागज में ही बढ़ा कर ना छोड़ दिया जाए इसकी निगरानी करने आई हूं और हर वार्ड में जाऊंगी। जरूरत पड़ी तो मैं नगर आयुक्त से बात कर और भी पानी के टैंकर की व्यवस्था करूंगी। जिससे लोगों को राहत मिल सके।

### युवा नेता झामुमो नेता ने धनबाद जाकर इंडी गठबंधन के लिए मांगा समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता अभिषेक सिंह अपनी टीम के साथ धनबाद में जनसंपर्क करते हुए इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए समर्थन मांगा। मुनीडीह में हुई जनसभा में शामिल होने के बाद अभिषेक सिंह व अन्य ने धनबाद के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क किया। मुनीडीह की जनसभा में प्रदेश के मंत्री मिथिलेश ठाकुर और इंडी गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह शामिल थे। अभिषेक सिंह ने बताया कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में तानाशाही और नफरती ताकतों के विरुद्ध धनबाद की जनता एकजुट कर अनुपमा सिंह को विजयी बनाने के लिए समर्थन जुटाया जा रहा है। इंडी गठबंधन मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। नफरत की राजनीति का अंत निकट है। मंत्री ने मुनीडीह के लोगों को आश्वस्त किया है कि जलसंकट का निदान शीघ्र निकाला जाएगा। झारखंड की जनता झामुमो नेता हेमंत सोरेन को जेल भेजने वाली भाजपा से, बदला लेने को तैयार है। अभिषेक सिंह ने कहा कि ढुल्लू महतो जैसे लोग अगर धनबाद के सांसद बनते हैं तो यह दुखद स्थिति होगा।

### कुराईन पतरा पंचायत के पूर्व उप मुखिया का निधन

**नीलांबर पितांबरपुर।** कुराईन पतरा पंचायत के पूर्व उपमुखिया कठौंधा निवासी जय प्रकाश राम का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम मंगलवार की संध्या पैतृक गांव कठौंधा के श्मशान घाट पर किया गया। घटना की सूचना के बाद कुराईन पतरा मुखिया पूनम देवी ने मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और दुःख की इस घड़ी में हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। अंतिम संस्कार में कुराईन पतरा पंचायत के पंसस पति जीतेन्द्र कुमार सिंह, समाजसेवी बीरेंद्र कुमार, डीलर दयाशंकर प्रसाद, उपेन्द्र राम, अनिल यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

**बेटी ने दी मुखाग्नि** - उप मुखिया जय प्रकाश राम के शव का अंतिम संस्कार पैतृक गांव कठौंधा के श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनकी 13 वर्षीय बेटी सुहानी उर्फ परी ने दी। जिसे देखकर सभी की आंखें गमगीन हो गई। वे अपने पीछे पत्नी एवं तीन नाबालिक बेटियों को छोड़ गये है।

**लोन चुकाने के लिए गया था कमाने-** जानकारी के मुताबिक जय प्रकाश राम घर के जरूरी काम से महिला समूह से लोन लिया था। जिसे बेरोजगारी की वजह से नहीं चुका पा रहा था। वह काम के तलाश में 9 मई को ही सिकंदराबाद गया था। जहां कुछ विवाद में अपराधियों ने उन्हें मारपीट कर मृत समझकर सड़क किनारे फेंक दिया था। घटना की सूचना के बाद परिजनों ने उन्हें सिकंदराबाद से लाकर मेदिनीनगर में ईलाज करा रहे थे। ईलाज के उनका निधन हो गया।



## खेलकूद

### बीएम पांडेय ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

# वुशू प्रतियोगिता में 180 खिलाड़ी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी में मंगलवार को हुई पलामू जिला स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में पांडू, हुसैनाबाद, रेहला, जपला प्रखंड के 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि बीएम पांडेय ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खेल उनके जीवन का अहम हिस्सा है। उनकी नौकरी खेल कोटा से हुई है। सुमित बर्मन, शिक्षक प्रदीप नारायण, पलामू वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश प्रसाद ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। संघ के सचिव सुमित बर्मन ने बताया कि अव्वल खिलाड़ी 22 मई को नामकुम में राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में भाग लेंगे।






**खेल जीवन का अहम हिस्सा : बीएम पांडेय**

मुख्य अतिथि बीएम पाण्डेय ने कहा कि खेल जीवन का अहम हिस्सा है। यह शिक्षा का एक घटक है, जो व्यक्ति के समग्र विकास को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। इससे अनुशासन की भावना आती है। छात्रों को समय निकाल कर जरूर खेलना चाहिए।

## जीएलए कॉलेज में पीजी विषयों में कई सीट रह गए रिक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रीमियर संस्थान गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में कई विषयों में स्नात्तकोत्तर पाठ्यक्रम में सत्र 2023-2025 में सीटें खाली रह गई है। प्राचार्य डॉ. आईजे खलखो ने खाली सीटों को भरने की पहल करते हुए संबंधित अधिसूचना जारी की है। जूलोजी, फिजिक्स, इतिहास, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी और भूगोल में कुछ सीटें खाली रह गई है। वैसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने पीजी सत्र 2023-25 में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पर ऑन लाईन आवेदन किए हैं और फर्स्ट तथा सेकेंड मेरीट लिस्ट में उनका नाम नहीं आया है, वे 22 मई तक कॉलेज में आकर नामांकन काउंटर पर अपना फार्म जमा कर सकते हैं। जमा होने वाले फार्म के आधार पर रिक्त सीट के लिए मेरीट लिस्ट निकाला जाएगा जिसके आधार पर 24 से 25 मई को नामांकन लिया जाएगा। प्राचार्य के अनुसार इसके बाद नामांकन किसी भी हालत में नहीं लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जीएलए कॉलेज जब रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत था, तो छात्र-छात्राएं पीजी में दाखिला लेने के लिए परेशान रहते थे। सीटे नहीं बचती थी, परंतु अब स्थिति विपरित हो गई है। सीटें खाली रह जा रही है। प्राचार्य ने कहा कि वैसे छात्र-छात्राएं जिनका नामांकन नहीं हो सका है, वैसे छात्र-छात्राओं को मौका दिया जा रहा है, ताकि बचे हुए सीटों पर अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का दाखिला हो सके। कोई इच्छुक विद्यार्थी नामांकन से वंचित नहीं रह जाएं। प्राचार्य ने कहा कि जूलोजी, फिजिक्स, इतिहास, हिंदी, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी और भूगोल में कितने सीटें बची हुई है, इसे अभी नहीं बता सकते हैं। एनपीयू के आदेश पर बचे हुए सीटों पर विद्यार्थियों का दाखिला लिया जा रहा है।



## एक नजर

### शिवेश्वर चंद्रवंशी डिग्री कॉलेज में नामांकन शुरू

**मझिआंव।** प्रखंड अंतर्गत शिवेश्वर चंद्रवंशी डिग्री महाविद्यालय में बीए के तीनों संकायों में नामांकन प्रारंभ हो गया है। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य संजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बीए के कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में नामांकन लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इलाके का एकमात्र डिग्री कॉलेज है। स्थानीय छात्र यहां नामांकन करा सकते हैं। छात्रवृत्ति सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### सांसद प्रतिनिधि को पितृशोक

**कांडी।** प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि राणा ऋषिकेश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को पितृ शोक हुआ है। उनके 92 वर्षीय पिता राणा राजदेव सिंह का निधन हो गया। घटना मंगलवार की सुबह तकरीबन आठ बजे की है। वह फेफड़े की बीमारी से ग्रस्त थे। उनका इलाज पिछले कुछ दिनों से रांची स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गए। मृतक का अंतिम संस्कार सुंडीपुर गांव स्थित त्रिवेणी घाट पर किया गया। मृतक के पुत्र राणा संजीव सिंह ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### तीन ट्रैक्टर जब्त

**कांडी।** पुलिस ने मंगलवार की रात में कोयल नदी से ला रहे अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई। जब्त किसी भी ट्रैक्टर पर कोई रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं है। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को पुलिस जब्त कर थाना ले आई है। अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को लिखा गया है। जैसा निर्देश प्राप्त होगा पुलिस आगे कार्रवाई करेगी।

### युवती ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मरौनी गांव निवासी यशवंत पाठक श्वेता कुमारी 17 वर्ष में कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गठवा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में बताया गया कि पिता के द्वारा किसी बात को लेकर श्वेता कुमारी को डांट फटकार किया गया था इसी बात से आक्रोशित होकर श्वेता कुमारी ने कीटनाशक खा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे आनंन फानन में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### आपसी विवाद में भाई को पीटकर किया घायल

**मझिआंव।** थानांतर्गत मोरबे गांव निवासी 38 वर्षीय श्यामलाल उरांव को पारिवारिक विवाद में अपने ही भाई धरमू उरांव ने पिटकर घायल कर दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट हुई थी। मामले में पीड़ित ने अपने भाई पर केस दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर करते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए धरमू को पूछताछ के लिए थाना लाई है।

### अबुआ आवास को लेकर लाभुकों से ली जानकारी

**धुरकी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने बुधवार को टाटीदीरी पंचायत भवन में अबुआ अवास को लेकर लाभुक से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास में पैसा डाले दो महीने होने के बाद भी निर्माण कार्य की धीमी गति पर एतराज जताया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर कार्य को चालू करें, ताकि अन्य लाभुकों का योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने लाभुक को, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पास बुक और जॉब कार्ड हर हाल में स्वयं सेवकों के पास जमा करने का निर्देश दिया ताकि अगले किस्त का भुगतान में परेशानी न हो। मौके पर मुखिया सगुनी राम, पंचायत सेवक राम शंकर सिंह आवास को ऑर्डिनेटर मनीष कुमार, रोजगार सेवक, उपमुखिया प्रतिनिधि निरंजन साह, अमजद अंसारी मौजूद थे।

# मेडिकल स्टूडेट की सड़क दुर्घटना में मौत, शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

## मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी के बाद खाना खाने होटल जा रहे थे, तब हुई दुर्घटना

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के रांकी मोहल्ला निवासी वेंकटेश प्रसाद का पुत्र डॉक्टर अभिषेक कुमार गुप्ता की मौत मंगलवार की देर शाम मेदिनीनगर में बिजली के पोल से टकराने से हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि डॉक्टर अभिषेक कुमार बाहर से मेडिकल का पढ़ाई किया है। इसके बाद वह पलामू मेडिकल कॉलेज से इंटर्नशिप कर रहा था। मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी करने के बाद वह अपने एक अन्य साथी के साथ अपने रूम से स्कूटी पर सवार होकर खाना खाने होटल जा रहे थे। होटल से खाना खाकर लौट रहा था। इस दौरान अनियंत्रित होकर बिजली की पोल से स्कूटी टकरा गई। जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन आनन-फानन में मेदिनीनगर अस्पताल पहुंचे। जहां से मंगलवार की देर रात्रि ही शव को लेकर परिजन अपने घर पहुंचे। शव पहुंचते ही मोहल्ले में मातम सा छा गया। बता दें कि वह पिछले वर्ष ही चाइना से एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर लौटा थे। पलामू में वह इंटर्नशिप के लिए वहीं पर रूम लेकर इंटर्नशिप कर रहा था। उधर, घटना की सूचना मिलने पर केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन के लोग शोक व्यक्त किया है। साथ ही फार्मासिस्ट एसोसिएशन के लोग भी दुख प्रकट करते हुए शोक सभा का आयोजन किया। इसमें 2 मिनट का मौन धारण कर आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक सभा में सुरेंद्र गुप्ता, संतोष मेहता, अभय कुमार ठाकुर, अभिमन्यु पाठक, संजय कुमार यादव, रंजन केसरी, आशुतोष पांडे, पंकज विश्वकर्मा, हिरामन विश्वकर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# मारुति वैन व मोटरसाइकिल की टक्कर, तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शाहपुर मार्ग पर बुधवार को मारुति वैन के टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घायलों में धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा गांव निवासी सुदामा पासवान का पुत्र कृष्ण कुमार पासवान, बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा गांव निवासी विनय रजवार का पुत्र अजीत कुमार रजवार एवं गढ़वा थाना क्षेत्र के टंडवा बिरहा मोहल्ला निवासी कुश प्रसाद का पुत्र हिमांशु कुमार शामिल हैं सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में बताया गया कि कृष्ण कुमार पासवान व अजीत कुमार रजवार गढ़वा शहर के टंडवा मोहल्ला में डेरा में रहकर पढ़ाई करता है बुधवार को तीनो पैदल ही अपने डेरा से चिनिया रोड पढ़ाई करने के लिए जा रहे थे इस दौरान सदर अस्पताल में कार्यरत ममता वाहन के रूप में संचालित मारुति वैन ने उक्त तीनों को टक्कर मार दिया। उक्त मारुति वैन कंचन कुमार का बताया जाता है जिसे वह खुद मरीज को मारुति वैन से घर पहुंचकर लौट रहा था उसी दौरान टंडवा नदी स्थित पुल के पास मारुति वैन नेउक्त तीनों युवक को टक्कर मार दिया। जिसमें उक्त सभी घायल हो गए।



# गनियारी खुर्द के युवक की कटक में मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** गनियारी खुर्द गांव निवासी 35 वर्षीय सुनील भुइयां की मौत ओडिशा के कटक में रविवार की रात को हो गई। परिजनों ने बताया कि सुनील कटक शहर के पारादीप थाना क्षेत्र में एक कंपनी में सरिया सेटरिंग के काम में दैनिक मजदूरी करता था। उसके साथ गांव के कुछ और युवक काम करने साथ गए थे। साथ में रह रहे युवकों के अनुसार सुनील विगत रविवार को रोजाना की तरह काम कर रात में खाना खाने के बाद सोने लगा। उसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी। उसके साथियों ने कंपनी के सुपरवाइजर को फोन पर सूचना दी। उसके बाद सुपरवाइजर ने उसे अस्पताल ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की। अस्पताल ले जाने के क्रम में ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। कंपनी के कर्मियों ने सुनील के शव का अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार करने के लिए एंबुलेंस से उसका पैतृक गांव भेजा। वह परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। वह अपने पीछे पत्नी सहित तीन बेटा और तीन बेटी छोड़ गया है।

### अंडरपास की मांग को लेकर काम बंद कराया

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय में बन रहे फोरलेन बाईपास सड़क में मूर्ति टोला के समीप अंडरपास बनाने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बुधवार को बाईपास सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया है। ग्रामीण महेंद्र प्रजापति, रमाकांत प्रजापति, सुमित्रा देवी, रानी देवी, सोनी देवी, सुषमा देवी, सुनैना देवी, अनीता देवी, गुड्डू पासवान, लालचंद प्रजापति, सुदामा प्रजापति सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बाईपास सड़क निर्माण में मूर्ति टोला के समीप अंडरपास अत्यंत आवश्यक है। मूर्ति टोला के समीप बाईपास निर्माण होने से टोला दो भाग में बंट जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि इसके पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग निदेशक को आवेदन देकर उक्त स्थल पर अंडरपास की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। ग्रामीणों ने उक्त मामले पर प्राथमिकता के आधार पर अंडरपास निर्माण कराने की मांग की है। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने निर्माण कार्य स्थल पर उपस्थित एमजीएम कंपनी के अधिकारी विनोद कुमार सिंह, कमल हसन से ग्रामीणों की समस्याओं को अवगत कराते हुए अंडरपास की स्वीकृति दिलाने की मांग की। साथ ही अध्यक्ष ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर अंडरपास की स्वीकृति नहीं मिलती है तो उच्च अधिकारी को सूचित किया जाएगा।

# नपं में कमीशनखोरी की भेंट चढ़ रही विकास योजनाएं

## शहर में बने 51 जलमीनार में 30 बेकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर पंचायत में विकास योजनाएं कमीशनखोरी की भेंट चढ़ जा रही हैं। योजनाओं का लाभ शहरवासियों को नहीं मिल पा रहा है। इसका ताजा उदाहरण नगर पंचायत की ओर से करोडों रुपये खर्च कर लगाये गये जलमीनार है। शहर में अधिष्ठापित अधिकांश जलमीनार खुद प्यासे हैं। प्यासे जलमीनार दीया तले अंधेरा वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शहर में पेयजल की समस्या को देखते हुये नगर पंचायत की ओर से करोड़ों रुपये खर्च कर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगभग 51 जलमीनार लगाया गया है। साथ ही उक्त जलमीनार से शहर में लगभग 30 घरों में नल से जल उपलब्ध कराया जाना था। ताकि शहरवासियों को पेयजल संकट से निजात मिल सके एवं शहर में आने जाने वाले राहगीरों के तपती धूप में वे हलक तर हो सके। किंतु जलमीनार में कमीशन खोरी होने के कारण शहर में लगे अधिकांश जलमीनार हाथी दांत साबित हो रहे हैं। जलमीनार खराब एवं बेकार होने के कारण लोगों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। जहां जलमीनार लगा है वहां भी एक बूंद पानी उपलब्ध नहीं है। लोग पानी के लिये इधर उधर भटक रहे हैं। सबसे दुर्भाग्य की बात है कि शहर की हृदयस्थली गोसाईबाग मुंडन घाट, गर्ल्स हाईस्कूल, थाना के निकट एवं स्टेट बैंक के पास लगे जलमीनार बिन पानी के हांफ रहे हैं। लोग बूंद बूंद पानी के लिये तरस रहे हैं। जबकि यह इलाका भीड़ भाड़ वाला है। यहां से लोग बाहर आते जाते हैं। गर्ल्स हाईस्कूल के पास लगाया गया जलमीनार लगने से लेकर आज तक एक बूंद पानी नहीं दिया है। जबकि गर्ल्स हाईस्कूल में लगभग आठ सौ से एक हजार तक छात्राएं पठन पाठन करने आती हैं। सूत्र बताते हैं कि जलमीनार अधिष्ठापन योजना में ठेकेदार के द्वारा पांच वर्षों तक जलमीनार की देखभाल कर लोगों को पानी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। किंतु ऐसा नहीं हो रहा है। यह गंभीर सवाल है। जलमीनार योजना की बदहाली इस बात के प्रमाण हैं कि उक्त जलमीनार से शहरवासियों एवं शहर में आने वाले राहगीरों की हलक तर हो या ना हो किन्तु नगर पंचायत के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की हरे हरे नोटों से हलक जरूर तर हुई है। जो जलमीनार खराब है उसे दुरुस्त कराने के लिये तेजी से काम किया जा रहा है। खराब मोटर को ठीक कराने के लिये भेजा गया है जल्द ही जलमीनार को चालू करा दिया जायेगा। ताकि लोगों को पानी मिल सके।




# भीषण गर्मी और लू के कारण जनजीवन अस्त- व्यस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भीषण और लू के कारण जिलेभर में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मंगलवार सुबह हवा में थोड़ा ठंडापन के कारण लोगों को राहत मिली। उसके बाद जैसे जैसे दिन चढ़ता गया लू और गर्मी बढ़ती गई। लू और गर्मी के कारण विभिन्न सड़कों पर दिन चढ़ते ही सन्नाटा पसर जाता है। अस्पताल में भी गर्मी और लू की चपेट में आने से बीमार हुए मरीज भी अन्य दिनों के बनिस्पत अधिक पहुंच रहे हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि मौसम विभाग की ओर से अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया था।

### गर्मी के कारण घरों में दुबके लोग, दोपहर में सड़को पर सन्नाटा

भीषण गर्मी और लू के कारण गढ़वा-अंबिकापुर एनएच 343 और गढ़वा-मुरीसेमर एनएच 75 पर दिन ढलने के साथ ही वाहनों का आवागमन कम हो गया। गर्मी के कारण जरूरत पड़ने पर ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। अन्यथा लोग अपने घरों में ही रह रहे हैं। बताया जा रहा है कि मई महीने के तीसरे हफ्ते में इसबार अधिक गर्मी पड़ रही है। सुबह आठ बजे से ही सूरज की तेज गर्मी अपना रौद्र रूप दिखाने लगता है। लोग बाहर जाने पर चेहरा ढंककर ही बाहर निकल रहे हैं। अधिक गर्मी और लू के कारण शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर आम का शर्बत, सत्तू का शर्बत और ठंडा पेय की दुकानें भी सज गई हैं। उधर खेतों में काम करने वाले किसान भी गर्मी से बचने के जरूरी एहतियात बरत रहे हैं।



### आपसी विवाद में भाई को पीटकर किया घायल

**मझिआंव।** थानांतर्गत मोरबे गांव निवासी 38 वर्षीय श्यामलाल उरांव को पारिवारिक विवाद में अपने ही भाई धरमू उरांव ने पिटकर घायल कर दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट हुई थी। मामले में पीड़ित ने अपने भाई पर केस दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर करते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए धरमू को पूछताछ के लिए थाना लाई है।

# नगर परिषद के कई इलाकों में नाली जर्जर, बारिश में बढ़ेगी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नगर परिषद क्षेत्र में नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है। कई इलाकों में नालियों के अतिक्रमण के कारण नाली का अस्तित्व ही मिट गया है। वहीं कई जगहों पर नालियों में कचरा भर गया है। नगर परिषद क्षेत्र में बारिश को देखते हुए अबतक नालियों की सफाई शुरू नहीं की गई है। बारिश होने पर कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होगी। उससे नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। आलम यह है कि अभी भी हल्की बारिश होने पर नाली का पानी सड़क पर आ जाता है। सबसे ज्यादा जल जमाव की समस्या कचहरी से लेकर चिनिया मोड़ तक है। कचहरी से लेकर चिड़िया मोड़ तक एक तरफ नाली का पूरी तरह से अतिक्रमण कर दिया गया है। उक्त कारण बारिश होने पर अलग-अलग जगह पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। फॉरेस्ट कॉलोनी के सामने और सदर अस्पताल के गेट के पास प्रत्येक वर्ष जल जमाव की समस्या रहती है। उसके बाद भी नगर परिषद की ओर से जरूरी उपाय नहीं किए गए। नगर परिषद की ओर से आज तक इस इलाके के नाली की सफाई कभी भी नहीं की गई। वहीं चिनिया रोड स्थित शिव मंदिर के समीप प्रत्येक वर्ष भारी जल जमाव होता है। उसका मुख्य वजह दुकान के कचरे को नाली में फेंक दिया जाता है। नगर परिषद की ओर से बरसात से पूर्व नाली की नियमित सफाई अबतक शुरू की गई है। मौसम विभाग को माने तो अगले कुछ दिनों में मानसून का दस्तक भी होने वाला है। उसके बाद भी नगर परिषद की ओर से नालियों की सफाई नहीं की गई है। जगह-जगह पर नाली में भारी कचरा का जमाव हो गया है। ऐसे में अगर बारिश हुई तो बारिश का पानी कचरे को पार नहीं कर सकेगा। उससे जल जमाव की समस्या उत्पन्न होगी। शहर के सहिजना में भी जल जमाव की बड़ी समस्या है। लोग इस जल जमाव से काफी परेशान रहते हैं। बरसात आते ही लोगों की चिंता बढ़ जाती। नगर परिषद क्षेत्र के नगवा मोहल्ला की स्थिति कुछ इसी तरह का है। नगवा मोहल्ला में कर्बला के समीप प्रत्येक वर्ष जल जमाव की समस्या उत्पन्न होती है।

**न्याय**

## विशेष लोक अदालत में होगा कई मामलों का निष्पादन

# दुर्घटना दावा से संबंधित मामलों का किया जायेगा निपटारा : रवि चौधरी

### विधिक सेवा प्राधिकार की पहल




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झालसा के निर्देश पर 8 जून को गढ़वा व्यवहार न्यायालय और अनुमंडल व्यवहार न्यायालय नगर उटारी में मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश शरण सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि 8 जून को सुबह साढ़े सात बजे से इस विशेष लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित मामले का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 जून से लेकर 7 जून तक गढ़वा व्यवहार न्यायालय एवं नगर उटारी व्यवहार न्यायालय में सुबह साढ़े सात बजे से लेकर साढ़े बारह बजे तक प्री लोक अदालत का आयोजन भी किया गया है। ताकि अधिक से अधिक से पक्षकारों को बैठक एवं सुलह समझौता करा कर मामले का निष्पादन किया जा सके।

### 146 वादों में नोटिस निर्गत किया गया है: सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने बताया कि अधिक से अधिक मामले के निष्पादन के लिए पक्षकारों को नोटिस की गई है नोटिस की तामिला नजारत टास्क फोर्स और पीएलबी के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसमें अब तक 146 वादों में नोटिस निर्गत किया गया है। पक्षकार एवं सभी इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता एवं पीड़ित पक्षकार के अधिवक्ता के साथ बैठक कर अधिक से अधिक मामले का निष्पादन करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी पक्षकार की हार नहीं होती है इसमें दोनों पक्षकार जीते हैं और यहां जो भी मामले आते हैं उसका निष्पादन किया जाता है। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित 172 मामले लंबित है उक्त लंबित मामले की निष्पादन के लिए यह विशेष मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### बस स्टैंड में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

गढ़वा। जिला मुख्यालय स्थित सोनपुरवा बस, कमांडर जीप व ऑटो स्टैंड में मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। उस दौरान 42 वाहन चालकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा ने बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना खतरनाक हो सकता है। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। उसके साथ हिट एंड रन और गुड समरितन के बारे में बतलाया गया। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित बुक व पंपलेट दिया गया। परिवहन विभाग से विनय रंजन तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### किसलय स्मृति पुस्तकालय के संस्थापक का निधन, शोक व्यक्त

**भवनाथपुर।** किशु केयर फाउंडेशन दिल्ली के चेयरमैन सह किसलय स्मृति पुस्तकालय बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय भवनाथपुर के संस्थापक 94 वर्षीय वशिष्ठ नारायण सिंह का आकस्मिक निधन सोमवार को दिल्ली में हो गई। वह मूल रूप से हरिहरपुर के डगर गांव के रहने वाले थे। उनके निधन पर मंगलवार को बीएसएम कॉलेज भवनाथपुर में प्राचार्य आरपी शुक्ला की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित किया गया। शोकसभा में शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट किया। मौके पर प्राचार्य शुक्ला ने कहा कि दिवंगत वशिष्ठ नारायण शिक्षाविद् व जानेमाने समाजसेवी थे। उनका सपना क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को व्यापक बनाना था। उनका दाह संस्कार दिल्ली में ही किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र विपिन बिहारी सिंह ने दी।

### सर्पदंश से पिता की मौत, जीवित करने के लिए बेटी करती रही मंत्र जाप

**गढ़वा।** चिनिया थानांतर्गत गुरु सिंधु चौक निवासी शिवनाथ साव का पुत्र अनिरुद्ध प्रसाद साव की मौत मंगलवार को सांप काटने से हो गयी। उधर पिता को जीवित करने के लिए उसकी बेटी सदर अस्पताल परिसर में मंत्र जाप करने लगी। उससे वहां काफी भीड़ लग गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अनिरुद्ध सोमवार की रात बाहर शौच करने के लिए घर से निकला हुआ था। उसी दौरान सांप ने उसके पैर में काट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। उसे रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों उसे मेदिनीनगर अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद भी परिजनों को संतुष्टि नहीं मिलने के बाद उसे तुम्बागड़ा अस्पताल ले जाया गया। वहां भी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद भी परिजनों ने अंधविश्वास के चक्कर में उसे झाड़ फूंक करने के लिए ले गये। वहां भी उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं होने पर उसे पुनः सदर अस्पताल लाया। जहां उसे फिर से चिकित्सकों द्वारा जांच किया गया। उस दौरान मृतक की पुत्री सदर अस्पताल पहुंचकर घंटों तक अपने पिता को अंधविश्वास के चक्कर में जीवित करने के लिए ओम बागेश्वराय नमः का जाप करती रही। उसे विश्वास था कि वह अपने पिता को बागेश्वर धाम के मंत्र से जीवित कर लेगी। यह देखने के लिए सदर अस्पताल में काफी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गयी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए ले जाने का प्रयास किया तो उसकी पुत्री आरती देवी पोस्टमार्टम के लिए मना करने लगी। उसका कहना था कि वह अपने घर ले जाकर हनुमान जी के धाम पर रखेगी तो उसके पिता जीवित हो जाएंगे। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने सदर अस्पताल से शव को लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

### जांच से खुलेगा फर्जी मनरेगा जॉब कार्डधारकों का फर्जीवाड़ा

**विशुनपुरा/ गढवा।** विशुनपुरा पंचायत में दो दिन पूर्व फर्जी मनरेगा मजदूर को लेकर खबर सामने आने से विशुनपुरा के फर्जी जाबकार्ड धारकों में हड़कंप मचा हुआ है। उनलोगों को पता नही है कि किस योजना में उनका जॉबकार्ड लगा कर उपयोग किया जा रहा है। बता दे कि जिनके नाम से भी मनरेगा मजदूर जाबकार्ड बना दिए गए हैं। उन फर्जी कार्डधारकों के नाम से रोजगार देने से लेकर भुगतान तक का खेल चलता आ रहा है। इसमें ऐसे लोगों के नाम भी कार्ड बना दिए गए हैं, जिनकी संख्या गांव में ही नहीं है। इन जाबकार्ड धारकों में बहुत ऐसे हैं जो पात्रता की श्रेणी में नहीं आते हैं जिनके पास ट्रैक्टर,गाड़ी, नौकरी है। मुखिया ने अपने चहेते परिवारों के किशोरों ओर किशोरियों तक के नाम से मनरेगा जाबकार्ड बनवा दिए हैं। जिससे अवैध पैसा निकासी में परेशानी न हो ।ऐसे कार्ड धारक कभी काम पर नहीं जाते लेकिन उनके बैंक खाते में मजदूरी की रकम पहुंच जाती है। बहुत से जाबकार्ड धारक ऐसे भी जो विदेशों में रह रहे हैं। बहुत से मजदूर हैं जो बाहर में रहकर पढ़ाई कर रहें है लेकिन उन्हें नियमित रूप से रोजगार मिल रहा है और उनके खातों में मजदूरी जा रही है। बहुत से ऐसे मजदूर भी हैं जो शहरों में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं लेकिन मुखिया की कृपा से उनके खातों में मजदूरी जा रही है। ऐसे में कई जॉब कार्डधारी ने बताया कि हमसे केवल ठेकेदार जॉबकार्ड नंबर मांगते है और जब हमारे खाते में पैसा आता है तो पैसा निकलवाकर एक दो सौ रु दे देते हैं। बाकी हमे नही मालूम कि किस योजना का पैसा हमारे खाते में आता है।

### समर कैंप में छात्राओं को अलग-अलग खेलों की दी जा रही जानकारी

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री एक्सीलेंस बालिक विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप के चौथे दिन बुधवार को छात्राओं को विभिन्न खेलों से जुड़ी जानकारियां दी गईं। छात्राओं में खेल को बढ़ावा देने, खेल भावना विकसित करने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के आयोजन से खिलाड़ियों खेल क्षमता विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि छात्राएं खेल को भी करियर के रूप में अपना भविष्य बना सकें। चौथे दिन कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट और टेबल टेनिस के बारे में जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। कबड्डी में फास्ट रेड करने के विभिन्न तकनीक और डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई। उसी प्रकार वॉलीबॉल के खिलाड़ियों को अंडर आर्म बॉडी पोजिशन, बॉडी बैलेंसिंग कराया गया। क्रिकेट में बॉलिंग, थ्रोइंग, कैचिंग कराया गया। उसी तरह टेबल टेनिस में ग्रिपिंग व सर्विस के बारे में जानकारी देते हुए प्रैक्टिस कराया गया। कैंप में 103 बालिका खिलाड़ी उपस्थित हुए ' विद्यालय के प्रधानाध्यापक रेयाज अहमद ने बताया कि प्रतिदिन कैंप सुबह छह बजे से आठ बजे तक विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी के निर्देशन में संचालित हो रहा है। कैंप का 28 मई को समापन होगा। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी पांडेय ने छात्राओं से कहा कि खेल के क्षेत्र भी करियर की अपार संभावनाएं हैं। जो खिलाड़ी सही दिशा में मेहनत करते है वे निश्चित ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। कैंप में विशिष्ट अतिथि के तौर पर माध्यमिक शिक्षक संघ गढ़वा के सचिव राजेश पांडेय उपस्थित थे। मौके पर वरीय स्कूल के वरीय शिक्षक मनोज चौधरी, शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, रमाशंकर सिंह, कमलेश दूबे, सुरजीत पांडेय, विकास पांडेय, अजीत पांडेय चंद्रमौलेश्वर पांडेय, कुलदीप कुमार गौंड उपस्थित थे।

## एक नजर

### आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा गाम में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें पति-पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए ' घायलों में आर ग्राम निवासी सहदेव राम के पुत्र आशीष राम आशीष राम की पत्नी अनीता देवी तथा दूसरे पक्ष के प्रसाद भूईया के पुत्र प्रकाश भूईया शामिल है। जिसे परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहाँ पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार की पहचान प्रकाश भूईया की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया ।

### भाई की फटकार के बाद छोटे भाई ने किया आत्महत्या का प्रयास



**बारियातू।** बारियातू थाना क्षेत्र के फुलसु पंचायत अंतर्गत झिरमतकोमा गांव में बड़े भाई ने छोटे भाई को घरेलू कार्य करने को लेकर फटकार लगाई तो छोटे भाई ने यूरिया खाद खाकर आत्महत्या का प्रयास किया ' उक्त युवक झिरमतकोमा गांव निवासी अरतु गंझु का पुत्र कुलदीप कुमार है ' जिसे परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार की पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### एएसआई सुनील कुमार राय को चटकपुर हिन्दू समाज ने किया सम्मानित



**महुआडांड़।** जिला में कार्यरत एएसआई सुनील कुमार राय (थापा जी) को राष्ट्रपति सेवा पदक से सम्मानित किये जाने के बाद पहली बार महुआडांड पहुंचने पर चटकपुर हिन्दू समाज के अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बता दें कि एएसआई सुनील कुमार राय 2016 से 2019 तक महुआडांड थाना में भी पदस्थापित थे। मौके पर सीआरपीएफ असिस्टेंट कमाण्डेड सिलीक राम को भी उनके अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# मुखिया के जांच में हुआ उजागर, हैंडपंप लगाने में हुई अनियमितता




**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा पंचायत अंतर्गत पिंडारकोण गांव के मंगरदाहा शमसान घाट में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा हैंडपंप लगाने को ले बोरिंग किया गया है। बोरिंग कार्य में घोर अनियमितता बरती गई है। पंचायत के मुखिया सरिता देवी ने बोरिंग की जांच की। जिसके पश्चात अनियमितता उजागर हुआ। बताया जाता है बोरिंग की गहराई कम से कम 150 फीट होनी चाहिए थी, परंतु विभाग द्वारा महज बोरिंग की गहराई मात्र 32 फिट ही की गई है। इस बाबत विभाग के जेई मंगल सिंह भंदा से पूछे जाने पर बताया की पंचायत में पांच हैंड पाइप लगाया गया है। जबकि पंचायत की मुखिया ने बताया अनुशंसा के अनुरुप पंचायत में पांच हैंडपंप लगाए जाने की सूची मिली है। पर जब जांच किया तो तीन ही हैंडपंप मिला। बताया जाता है कि विभागीय कर्मी तथा संवेदक के मिली भगत से मोटी रकम वसूली करके किसी के घर में दो हैंडपंप लगा दिया गया है। बहराल अशचार्य की बात तो यह है के तीन हैंडपंप में एक की गहराई की मापी किये जाने पर मात्र 32 फिट ही पाया गया। इससे साफ जाहिर होता है की बोरिंग कार्य में घोर अनियमिता बरती गई है। मुखिया ने मामले की जांच कराने व संबंधित कर्मी एवं संवेदक पर करवाई करने की मांग उपायुक्त से की है।

## निवार्ची पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर की प्रेस वार्ता, कहा

# जिले में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव हुआ संपन्न, कुल 63.69 प्रतिशत मतदान

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। सर्वप्रथम उपायुक्त ने सभी मतदान कर्मी, पुलिस कर्मी, सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, निर्वाचन कार्य में लगे अन्य पदाधिकारी, कर्मचारियों को शांतिपूर्ण एवं निस्पक्ष मतदान कराने को लेकर बधाई दी। साथ ही इस कार्य में मीडिया कर्मियों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए बधाई दी। डीसी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के पांचवे चरण के तहत चतरा जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ सभी बूथों पर दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। जिले में शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई। अंतिम रूप से मतदान प्रतिशत 63.69 रहा। जिसमें चतरा विधानसभा में 61.98 प्रतिशत एवं सिमरिया विधानसभा में 65.06 प्रतिशत मतदान हुआ। उत्साह भरे माहौल में मतदाताओं ने मतदान प्रकिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराई। महिला मतदाताओं ने पुरूष मतदाताओं से अधिक संख्या में मत का प्रयोग किया। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि 2019 के लोकसभा निर्वाचन में पुरे जिले भर के 50 बूथों में 50 प्रतिशत से कम वोटिंग हुई थी। इसके लिए जिले से प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी के प्रयाश से मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई। सिमरिया विधानसभा के टंडवा प्रखंड में जिले भर में सबसे अधिक वोटिंग 70.19 प्रतिशत हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, संबंधित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार आदि उपस्थित थे।




### भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी में कांटे की टक्कर

**मयूरहंड(चतरा)।** चतरा लोकसभा के पांच विधानसभा में 20 मई को पांचवे चरण में चुनाव सोमवार को कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। जिसमें चतरा जिले में सिमरिया व चतरा विधानसभा तथा पलामु जिले में पांकी व लातेहार के लातेहार और मनिका विधानसभा शामिल है। इन पांचो विधानसभा का रुझान इसबार काफी चौकाने वाला है। वर्ष 2014 से इन सभी विधानसभा क्षेत्रों में मोदी के नाम का डंका बजता था, जिसके कारण भाजपा प्रत्याशी अप्रत्याशित मतों से दो बार चुनाव जितते आ रहे थे। परंतु इसबार के लोकसभा चुनाव में मोदी जादू का असर मतदाताओ में देखने को नहीं मिला, विकास का मुद्दा हावी रहा। जिस के कारण इसबार भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर बताया जा रहा है। चुनाव पूर्व मोदी के भरोसे भाजपा वाले पांच लाख पार का नारा दे रहे थे, जो चुनाव बाद हवा हवाई दिखाई पड रही है। इतना ही नहीं पांचो विधानसभा में लोगों से पूछताछ व सर्वे के अनुसार भाजपा प्रत्याशी के साथ अपनो ने भी विश्वास घात किया है, जिसका सीधा फायदा कांग्रेस प्रत्याशी को मिलता दिखाई दे रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### मासियातू में पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत पुलिस प्रशासन ने बुधवार को मासीयातू में फ्लैग मार्च किया। इस फ्लैग मार्च में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय एवं बालूमाथ बीडियो सोमा उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय एवं बीडियो सोमा उरांव ने बतलाया कि कुछ असामाजिक तत्व शांति व्यवस्था को भंग ना करे जिसको लेकर मासीयातू ग्राम में फ्लैग मार्च किया गया है। कहा किसी भी असामाजिक तत्व से निपटने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है अगर कोई शांति व्यवस्था को भंग करने का कोशिश करेगा तो उसे कानूनंदन दंडित किया जाएगा। फ्लैग मार्च मासीयातु मुख्य चौक के मुख्य मार्ग आसपास के गली मोहल्ला में भ्रमण की । मौके पर थाना प्रभारी बीडियो के अलावे कई पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

### सेवानिवृत्त रसोईया ने शिक्षक पर लागाया धोखाधड़ी का आरोप



**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के हेंदेहास स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय के अवकाश प्राप्त रसोईया रामविलास परहिया (बैगा) ने शिक्षक नवीन कुमार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उक्त विद्यालय के सहायक शिक्षक नवीन कुमार ने पेंशन व कागजी प्रक्रिया कराने के नाम पर हमसे एक लाख चालीस हजार रुपए बहला- फुसलाकर कर ठग लिया। उन्होंने बताया कि हम 2022 में रिटायर हुए थे इसके बाद शिक्षक नवीन कुमार को कई किस्तों में एक लाख चालीस हजार रुपए पेंशन चालू कराने के लिए दिया था। उन्होंने कहां कि दो वर्ष में कई बार उनसे पुछता रहा पर उन्होंने हमेशा बैठक नहीं होने की बात कही और कोई काम नही कराया। फिर मैं किसी तरह दौड़-धूप कर अपना काम करवाया। जब मैं शिक्षक नवीन कुमार से पैसे की मांग करता हु तो वह टाल मटोल कर देते हैं। शिक्षक नवीन कुमार पर रसोइया राम विलास परहिया ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह को शिकायत पत्र सौंपा है। रसोइया ने बताया कि एक सप्ताह पहले शिक्षक नवीन कुमार , प्रधानाचार्य जीतन मरांडी और राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय हड़गड़वा , चंदवा के प्रधानाचार्य श्री शुकन सिंह हमारे घर पर आए और आवेदन वापस लेने का दबाव बना रहे थे। वहीं इस संबंध में शिक्षक नवीन कुमार ने बताया कि उक्त आरोप बेबुनियाद है हम उनसे कोई पैसा नहीं लिए हैं।

### मतदान खत्म होते ही गुणाभाग में जुटे कार्यकर्ता




**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**

प्रखंड के सभी 50 बूथों में 70.38 प्रतिशत मतदान होने के बाद सभी पार्टी के कार्यकर्ता गुणा भाग में लगे हुए हैं. मौन वोटर का आंकड़ा मिलना काफी मुश्किल हो रहा है। हालांकि बारियातू प्रखंड क्षेत्र में दो पार्टियों का ही टक्कर है। अन्य पार्टियों का कोई खास असर नहीं दिखा। दो पार्टियों में भाजपा और कांग्रेस में ही मतदाता बढ़ चढ़ कर मतदान किए हैं। कुछ बूथों में भाजपा बढ़त में है तो कुछ बूथों में कांग्रेस बढ़त में है। चलाक वोटर मौन हैं किस पार्टी में वोट किए हैं वे खुलकर नहीं बता रहे हैं। सभी प्रत्याशीयों का किस्मत मत पेटी में बंद है। 4 जून का इंतजार में लोग है। भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टी के कार्यकर्त्ता जीतने की ताल ठोक रहे हैं। कहीं आंकड़ा से लगाने के लिए चारो ओर आंकड़ा टोह रहे हैं। सभी चौक चौराहा में कोई भाजपा का जीत होने की दावा कर रहे हैं तो कहीं महागठबंधन के कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा ठोक रहे हैं कहीं आंकड़ा देखकर दोनों पार्टी के कार्यकत्ताओं में चिंता भी देखा जा रहा है। मतपेटी में बंद किस्मत का ताला 4 जून को खुलेगा। जनता जनार्दन है। जनता किसे नाकारा है या किन्हे सकारा है। सांसद बनकर दिल्ली कौन जायेंगे। इंतजार की घड़ी जारी है। देखा जाय तो मीडिया के मुताबिक बारियातू प्रखंड क्षेत्र में सर्वे करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कम समय में अनुभव के तहत आंकड़ा दिखाने का भी प्रयास किया जा रहा है। चुनाव खत्म होते गांव घर में चहलकदमी उदास हो गया है।

## चतरा संसदीय क्षेत्र में हार-जीत की चचाओं का बाजार गर्म

**लातेहार।** झारखंड में दूसरे और देश में पांचवें चरण के मतदान हो गया है जिसके अंतर्गत चतरा संसदीय क्षेत्र में 20 मई को मतदान संपन्न हो गया. मतदान के बाद क्षेत्र में हार जीत को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है हालांकि कोई भी यह कंफर्म नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर कौन लीड करेगा वही देखा जाए तो मतदान संपन्न होने के बाद प्रत्याशी व उनके समर्थक आंकलन में जुट गये हैं. क्षेत्र में फोन कर आंकड़े जुटाये जा रहे हैं। कहां कितना किसके पक्ष में मतदान हुआ है, जिसका फोनकर जानकारी ली जा रही है। पिछले चुनाव में किस क्षेत्र से किस दल को कितना वोट मिला था, किस जाति व समुदाय ने किसे कितना वोट दिया होगा, इसकी भी आकलन की जा रही है। बावजूद इसके कोई भी प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर कंफर्म नहीं दिखायी पड़ रहा है। राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशियों की धड़कनें मतदान के बाद बढ़ गयी है।

## जी का जंजाल बना अर्धनिर्मित पावर प्लांट

### उम्मीद थी रोजगार की, लेकिन गवां रहे जान




**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

पावर प्लांट (अभिजीत ग्रुप और एस्सार पावर) के चंदवा में प्रवेश से स्थानीय लोगों में रोजगार की उम्मीद जगी थी। लोगों ने प्लांट स्थापित करने के लिए स्वेच्छा से अपनी अपनी जमीन भी दी परंतु रैयतों को उस समय मायुस होना पड़ा जब लगभग प्लांट शुरू होने की स्थिति में आयी तो दिवालिया हो गयी जिसका खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों को यह चिंता सता रही है कि पुनः कंपनियां यहां आ कर लोगों का पूर्व की कंपनियों की तरह छलने का ही काम करेंगी। कंपनियों के निलाम होने और लिक्विटिडेशन में जाने पर क्षेत्र के असामाजिक तत्व भी मालामाल हो गए। कंपनी के स्क्रैप की चोरी करवाते हैं, इस चोरी की घटना के दरम्यान बहुत से चोरी में शामिल मजदूरो ने अपना हाथ-पैर गंवाया और अनगिनत जाने भी गयी। पिछले शनिवार की रात अभिजीत पावर प्लांट के रिजर्व वायर के लिए बिछाई गई पाईप की कटिंग करने के दौरान मिट्टी में दबने से चकला निवासी सकेन्दर राम की मौत हो गई थी और न जाने अब तक कितने लोगों की जान जा चुकी है लेकिन प्लांट एरिया में चोरी रुकने का नाम नही ले रहा।

## द्वारी पंचायत भवन में हुई चोरी, हजारों रुपये के सामान ले उड़े चोर



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/गिद्धौर**

जिले के गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत द्वारी पंचायत भवन का ताला तोड़कर बीते रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। मुखिया जगदीश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत भवन में लगा ताला अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि में तोड़कर 10 पीस ब्रांड एनर्जी लीडर की सुखी सेल बैट्री, 5 पीस उषा कंपनी का सेलिंग पंखा, दो पीस 300 वाट का सोलर प्लेट चोरी कर लिया गया है। साथ ही मुखिया ने आम लोगों से अपील किया है कि चोर पड़कर जो व्यक्ति सुपुर्द करेगा उन्हें इनाम भी दिया जायेगा। साथ ही चोरी की घटना को लेकर थाना में आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के निदेर्शानुसार एसआई सुनील कुमार सिंह दल-बल के साथ पंचायत भवन का निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल में जुट गए हैं।

# 22 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में हुआ कैद



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप एवं उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान उपरांत सभी ईवीएम व वीवीपैट को प्राप्त कर बुधवार को चतरा महाविद्यालय चतरा के बज्रगृह में सील कर दिया गया। चतरा महाविद्यालय चतरा की सुरक्षा हेतु उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा आदेश जारी कर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनुयक्ति भी कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 4 जून 2024 को मतगणना निर्धारित है। इस प्रकार चतरा लोकसभा के 22 प्रत्याशियों के ईवीएम मशीन में कैद हुए भाग्य, बज्र गृह में सील कर, कड़ी सुरक्षा लगा दी गई है। यहां से भाग्य आजमाने वाले उम्मीदवारों में काली चरण सिंह बीजेपी, कृष्णानन्द त्रिपाठी कांग्रेस, नागमणि बसपा, अर्जुन कुमार सीपीआई, कर्मलाल उरांव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), कामदेव डिहो राण राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, दर्शन गंझू झारखण्ड पार्टी, दुलेश्वर साव भारतीय जवान किसान पार्टी, विमल लकड़ा आंबेडरकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, महेश बांडो बहुजन मुक्ति पार्टी, लव कुमार पंडित भागीदारी पार्टी, संजय कुमार स्नेही लोकहित अधिकार पार्टी, सुमित कुमार यादव समता पार्टी, अर्जुन प्रजापती, मो. अबुजर खां, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, चंदन कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, विक्रांत कुमार सिंह, श्रीराम सिंह शामिल हैं। जिले में करीब 63.96 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

### कुटमू में विधुत टांसफार्मर कई दिनों से खराब, प्रचंड गर्मी की मार झेल रहे टोलावासी



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

बेतला पंचायत के ग्राम कुटमू के टोला टड़ियांही में चरकू सिंह के घर के पास लगे विधुत टांसफार्मर कई दिनो से खराब हो जाने से इस उमस भरी भीषण गर्मी में टडियांही टोलावासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस टोलावासी को अंधेरे में रात गुजारने को विवश हैं। इस बारे में टोले के चरकु सिंह, लिलेश्वर सिंह, कन्हाई सिंह,केदार सिंह आदि ने जले हुए विधुत टांसफार्मर को नहीं बदले जाने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही कई बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी अबतक विधुत टांसफार्मर को नहीं बदले जाने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना होगा की जले हुए विधुत टांसफार्मर कब तक बदला जा सकता है। और टोले वासियों को अंधेरे से निजात मिल पाएगी।


## शपथ पत्र

मैं, राजेश्वर यादव पिता स्व. जटहा यादव ग्राम-डंडीला, पोस्ट-बिलासपुर, थाना- हुसैनाबाद, जिला-पलामू, राज्य-झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में काजल कुमारी दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री की सुकन्या योजना के खाता में भूलवश पुकारू नाम मनिषा कुमारी दर्ज हो गया है। काजल कुमारी उर्फ मनिषा कुमारी दोनों नाम मेरी पुत्री की ही है। दोनों नाम से गांव-घर में जानी एवं पहचानी जाती है।

**शपथ पत्र संख्या : 226/ दिनांक : 15/04/2024**

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।
(अज्ञात शव कि पहचान)



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीब 35 वर्ष, रायडीह थाना अन्तर्गत ग्राम–कांसिर स्थित बरलता जंगल में पाया गया था। जिसके संबंध में रायडीह थाना यू0डी0 काण्ड सं0–06/24, दिनांक–27.02.2024 दर्ज किया गया हैं।

जिसका हुलिया निम्न प्रकार हैं:– 1. उच्चाई–लगभग 05 फीट 05 इंच, 2. रंग–सांवला, 3. बाल–काला, 4. पहनवा–लाल रंग का शर्ट एवं ग्रे रंग का फुलपैंट। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात मृतक पुरूश के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर – 8789253306
3. थाना प्रभारी, रायडीह – 7004358036

PR 325045 Police(24-25)D

पुलिस अधीक्षक,गुमला

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

पत्रांक ..................... /लोहरदगा दिनांक..............................

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री रामायण सिंह, तत्कालीन कनीय अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा (सम्प्रति सहायक अभियंता) द्वारा 2010–11 में जमाशीर्ष के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न कार्यों के विभागीय कार्य हेतु इस प्रमण्डल से अस्थायी अग्रिम लिया गया था। जिसमें शेष असमायोजित राशि रू0 14,85,124/– आपके नाम पर लम्बित है। इस राशि का समायोजन हेतु व्यक्तिगत रूप से एवं डाक के माध्यम से आपको अनेको बार सूचित किया जा चुका है, परन्तु आपके द्वारा समायोजन हेतु किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गयीहै। इस पर महालेखाकार, झारखण्ड, रॉंची द्वारा एवं विभाग से भी काफी असंतोश व्यक्त करते हुए स्मारित किया गया है।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि आप अविलम्ब शेष बची राशि रू0 14,85,124/– का समायोजन हेतु कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित् करें, अन्यथा बाध्य होकर विधि सम्मत कार्रवाई कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 325055 Lohardaga (24-25)_D

# शत प्रतिशत परिवार के लोगों को केवाईसी अपडेट कर आयुष्मान कार्ड बनाएं : डीसी

### स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षात्मक बैठक, माईक्रोपलान बनाकर देने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सिविल सर्जन, एसीएमओ, डीएस सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित डॉक्टर्स, अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। बैठक में उपायुक्त के द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत अब तक हुए सभी कार्यों की समीक्षा की गई।

इस दौरान बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रूप से आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल एनीमिया, टीवी, कैंसर, डेंगू, लेब्रेसी, एएनसी चेकअप, एम्बुलेंस पर चर्चा हुई।



स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले के शत प्रतिशत लाभुकों का सिकल सेल एनीमिया टेस्ट एवं स्क्रीनिग कराने का निर्देश दिया। साथ ही बिशुनपुर में 1 माह के अंदर सभी पीभीटीजी परिवार का सिकल सेल एनीमिया का टेस्ट कराने को कहा गया। सभी को प्रति दिन का माईक्रोपलान चार्ट बनाकर देने का निर्देश दिया गया।

इस दौराण आयुष्मान कार्ड बनाने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने 30 नवम्बर तक सभी का शत प्रतिशत परिवार के लोगों को केवाईसी से जोड़ने तथा उनका आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं जिनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है उसे सभी लाभुको के बीच आवंटित करने को कहा। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत नियमित एएनसी चेकअप के बारे में आंगनवाड़ी सेविका एवं सहिया को जागरूकता करने को कहा। साथ ही डिलीवरी के बाद मिलने वाले लाभ एवं सहायता राशि के बारे में भी महिलाओं को जानकारी देने का निर्देश दिया गया।

#### खराब उपकरणों की मरम्मत करने का निर्देश

इसके अलावा उपायुक्त के द्वारा एमटीसी सेंटर की स्थिति, अस्पताल भवन निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति, एंबुलेंस की व्यवस्था, जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों अंतर्गत अनुपयोगी मशीनी उपकरणों के सदुपयोग करने, खराब हुए उपकरणों की मरम्मती करने आदि का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन करने के विषय पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बसिया प्रखंड में बनाई एवं कोनबीर दो पंचायत को टीवी फ्री पंचायत घोषित किया गया है। इसके अलावा जिले में मिर्गी के मरीजों के इलाज के लिए कैंप के आयोजना किए जाने पर भी विशेष चर्चा हुई। आगामी 29, 30, एवं 31 मई को (डुमरी, बसिया, घाघरा) में एपिलेप्सी (मिर्गी) कैंप का आयोजन किया जाना है। जिसमें मिर्गी के मरीज कैंप में आकर अपना जांच एवं उपचार निः शुल्क करवा सकेंगे।

## आर्य समाज वैदिक सनातन धर्म के प्रचार प्रसार रक्षा के लिए हमेशा तत्पर : कृपा प्रसाद

**लोहरदगा।** झारखंड आर्य वीरदल व शांति आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन प्रातः काल दिनचर्या का शुभारंभ योग आसन प्राणायाम सूर्य नमस्कार भूमि नमस्कार चंद्र नमस्कार सर्वांग सुंदर व्यायाम लाठी संचालन भला संचालन दंड बैठक इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रातः कालीन वैदिक यज्ञ का ब्रह्मत्व आचार्य आशीष कुमार आर्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वेदों के विशेष मंत्रों से आर्य वीरों ने आहुति प्रदान किया और वीरों को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ मानव जीवन में परोपकार की भावना को भरता है। प्रांतीय आर्य वीर दल के महामंत्री आचार्य गणेश शास्त्री ने आर्य वीरों को संबोधित करते हुए कहा की यज्ञ देवताओं की मुख्य यज्ञ है। संसार का सबसे श्रेष्ठ कर्म यज्ञ है अध्यात्म से ही जीवन में सुख शांति की प्राप्ती कर सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### लावारिस कुत्तों का आतंक, दो बच्चों को काट कर किया घायल



**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित शहर के रजा कॉलोनी और हुसैननगर में लावारिस कुत्ते ने दो मासूम बच्चों को काटकर किया लहुलुहान। बताया जाता हैं कि मंगलवार के संध्या में घर से बाहर उक्त दोनों मासूम बच्चे खेलने निकले। चार वर्षीय इफनान अंसारी और पांच वर्षीय इसरूनाज को जिला मुख्यालय में घुम रहा उक्त लावारिस पागल कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। दोनों बच्चों को घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने पागल कुत्ते से दोनों मासूम बच्चों को बचाया गया। बाद में दोनों घायल बच्चों को इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एंटी रैबीज इंजेक्शन दिया गया। गुमला जिले में गत वर्ष से लेकर अबतक लावारिस कुत्तों का आतंक से स्थानीय नागरिक परेशान हैं। ज्ञातव्य है कि गत वर्ष जिला गुमला मुख्यालय में लावारिस कुत्ते के काटने से एक व्यक्ति और एक बैल की मौत हो चुकी है। वहीं लावारिस कुत्ते को भी देखकर अपने घर का रास्ता भी लोग बदल लेते हैं। ऐसे में आम लोग जिला प्रशासन और जिला नगर परिषद् गुमला से राहत दिलाने की गुहार लगाई गई है।

### लोहे के खंभे से टकराई बाइक, एक घायल

**घाघरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलैची मोड़ के समीप लोहे के खंभे को टक्कर मारने से गोया निवासी 18 वर्षीय संजय उरांव और धुवनी खपरा टोली निवासी 14 वर्षीय मुकेश उरांव घायल हो गए जानकारी पर घाघरा थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल भिजवाया। जहां दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों लड़के अरंगी गांव शादी समारोह में गए थे वहीं शराब का सेवन कर लिया। वापसी के क्रम में तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लोहे के खंभे को जोरदार टकराकर मर दिया। घटना में संजय को चेहरा सिर व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी। जबकि मुकेश को हल्की चोट लगी थी। घटना की जानकारी पर काफी संख्या में परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया घटना के बाद दोनो लड़के सड़क किनारे गिर कर बेहोश हो गए। वहीं कुछ लोग उनकी बाइक को लेकर भागने लगे। लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध पर वे लोग बाइक छोड़कर भाग गए। वही घटना की जानकारी पर मजदूर नेता जुम्मन खान सदर अस्पताल पहुंच घायलों का हाल-चाल जाना

### ओम स्टोर से चोरी मामले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया

**गुमला।** मेन रोड स्थित ओम साइकिल स्टोर से मंगलवार को साइकिल की चोरी कर ली गई है। जिसका वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरा में दिखाएं दे रहा है। ओम स्टोर के संचालक अशोक गोयल ने बताया दुकान में काम करने वाले स्टाफ साइकिल को दीवाल से सटकर प्रतिदिन रखते हैं। दोपहर जब स्टाफ खाना खाने के लिए साइकिल लेने गया तो साइकिल गायब पाया इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तो फूटेज में एक व्यक्ति को साइकिल लेकर जाते हुए देखा जा रहा है। अशोक ने बताया वह व्यक्ति दुकान पैसा मांगने आया था। उसे ?2 दिया भी गया। साप्ताहिक बाजार होने के कारण दुकान में भीड़ भाड़ था। इसके बाद वह व्यक्ति साइकिल लेकर चला गया। मंगलवार की शाम करीब 5:45 बजे कुछ लोगों ने उसे सदर अस्पताल परिसर में साइकिल के साथ देखा। वह साइकिल को लेकर किसी तरह गिरते पड़ते जा रहा था। संभवतः उसे साइकिल चलाना नहीं आता है। लोगों ने बताया वह घूम-घूम कर दुकानों और अन्य जगहों पर पैसा मांग रहा था।लेकिन लोगों ने उसे पहली बार देखा है। शायद घूम-घूम कर भिखारी बनकर मांगने के नाम पर वह चोरी की घटना को अंजाम देता होगा। हालांकि मामले को लेकर थाना में किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### एक की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित कांशी टोली आंजन ग्राम निवासी 20 वर्षीय चरवा उरांव की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि उसके साले की शादी थी। जहां वह शाराब का सेवन किया था। उसके बाद वह एकाएक बेहोश हो गया। चरवा उरांव को टोटो ग्राम स्थित एक निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार किया गया। जहां उसे बेहतर इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर सुनील राम ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उक्त घटना की सूचना गुमला सदर थाना पुलिस को दी गई। उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, गुमला सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। वैसे गुमला सदर थाना पुलिस सभी पहलुओं पर गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी है।

### गौतम उरांव का आकस्मिक निधन क्षेत्र में शोक की लहर

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ा पंचायत अन्तर्गत सरना टोली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रार्थना सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष गौतम उरांव का आकस्मिक निधन पर समाज के विभिन्न वर्गो के लोगो गहरी संवेदना व्यक्त किया है। वही कांग्रेस पार्टी के बिशुनपुर विधानसभा के युवा अध्यक्ष ने शोक व्यक्त करते हुए कहा की गौतम उरांव मिलनसार व्यक्ति थे।सभी समाज और धर्म का सम्मान करते थे। साथ ही कहा की सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों में चढ़ के हिस्सा लेते थे। जिसे गौतम उरांव की मृत्यु से समाज को अपूरणीयक्षति हुई है। जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है।मौक पर यूथ कांग्रेस के बिशुनपुर विधानसभा अध्यक्ष इमरान आजाद अंसारी,पंचायत समिति सदस्य सफरुदीन अंसारी,पुर्व मुखिया सुखदेव उरांव, इम्तियाज अहमद वार्ड पार्षद शीला उरांव देवाशिस उरांव सहित अन्य लोगों ने भी दुखित परिवार को सांत्वना दिया।

## एक नजर

### गौतम के निधन पर आजसू ने शोक जताया

**लोहरदगा।** राजी पड़हा प्रार्थना सभा के पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गौतम उरांव के आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर आजसू जिला कमेटी ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि 2004 के बाद जब मैं सक्रिय राजनीति में आया था उस समय गौतम उरांव का मुझे सहयोग प्राप्त हुआ। इनका मार्गदर्शन मिलता रहा है। इनके निधन की सूचना सुन काफी दुख हुआ। भगवान से उनके आत्मा की शांति की कामना करती है। दुख के घड़ी में परिवारजनों को ईश्वर धैर्य प्रदान करें यह कामना करता हूं।

### बीडीओ ने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत उगरा और डॉड़ू पंचायत में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण बीडीओ के द्वारा किया गया। वही सरोवर निरीक्षण के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने बताया की उगरा पंचायत अन्तर्गत कोरम्बे में निर्मित अमृत सरोवर का कम गहराई के कारण पानी नही है।जिसके लिए सरोवर को गहरीकरण कराना होगा। तथा डाडु में निर्मित सरोवर में पानी तो है।परंतु कम पानी है।जिसमे किसान मछली पालन कर रहे है।जिसके बावजूद अमृत सरोवर को विकसित करने की काफी संभावनाये है।साथ ही बताया की मनरेगा योजना के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत दोनो सरोवर में वृक्षारोपण कार्य किया जायेगा। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू, बीपीओ निलेंद्र कुमार, राहुल कुमार तिवारी मौजूद थे।

### कैरो के हनहट गांव में शिविर का आयोजन

## अहर्ताधारी ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता



**कैरो/लोहरदगा।** ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड सरकार के निदेर्शानुसार जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल संचालन एव ग्रामीणों को सहजता से लाभ प्रदान करने हेतु सभी पंचायतों में अभियान के रूप में शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत बुधवार को प्रखण्ड के हनहट गांव में शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओ अबुवा आवास, मनरेगा द्वारा संचालित सिंचाई कूप निर्माण, दीदी बाड़ी, सर्वजन पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड,खाद आपूर्ति योजना,पशुपालन, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग समेत अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक संबधित पदाधिकारी द्वारा दी गई।मौके पर बी डी ओ छन्दा भटाचार्य ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सरकार के योजनाओं को धरातल पर कार्यान्वयन कराया जाए। अहर्ता धारी ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। जिन लाभुकों को अबुवा आवास, सिंचाई कूप निर्माण कार्य या अन्य कोई भी योजना दिया गया हो वे उसे समय से पूर्ण करें। शिविर में ग्रामीणों ने भी अपनी अपनी समस्याएं रखी।मौके पर डॉक्टर राकेश प्रसाद, बी पी ओ रघुनाथ मुंडा, मुखिया श्रवण मुंडा, रोजगार सेवक परवेज अंसारी, स्वयंसेवक समीम अंसारी, बजरंग साहू आदि उपस्थित थे।

## भंडरा में ऑटो चालक नहीं वसूल सकेंगे मनमाना किराया

### भंडरा में विभिन्न रूटों पर भाड़ा तय, उचित किराया लेने का निर्देश



**भंडरा/लोहरदगा।** टेंपो चालको द्वारा मनमानी तरीके से किराया बढ़ाने की खबर स्थानीय विभिन्न अखबारों में प्रमुखता से छपी थी। खबर प्रकाशित होने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों की इस समस्या को प्रमुखता से लेते हुए बुधवार को टेंपो चालको को थाने में बुलाकर बैठक कर किराया तय की। बता दे की टेंपो चालको द्वारा अकाशी रेलवे स्टेशन की दूरी छह किलोमीटर है पर टेंपो चालको द्वारा मनमानी तरीके से छह किलोमीटर का किराया तीस रुपया ले रहे हैं। इसके आलावे चट्टी से नाजगुवा पांच किलोमीटर का किराया भी तीस रुपया ले रहे है। वही भंडरा से बेडो 24 किलोमीटर का किराया 80 रुपया लिया जा रहा है। साथ ही टेंपो चालक नियमो को ताक मे रखकर टेंपो में मनमानी तरीके से 15 लोगो को बैठते है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठ सकते : ऑटो ड्राइवर**

**भंडरा।** प्रशासन द्वारा किराये की लिस्ट को मंजूरी मिलने के बाद ऑटो ड्राइवर सरकारी स्तर से निर्धारित किराया ही लेंगे। इस साथ ही अक्सर ऑटो ड्राइवर अपनी गाड़ी में क्षमता से अधिक सवारी बैठा लेते थे अब वो ऐसा नहीं कर पाएंगे। ऑटो में ड्राइवर अब निर्धारित सवारी ही बैठायेंगे। ऐसे नहीं करने पर उनसे जुमार्ना वसूला जा सकता है।

## विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने प्रखंड के डुको गांव का किया दौरा



### पीड़ित परिवार ने कानूनी सहायता प्रदान करने तथा मुआवजे की राशि दिलाने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** झालसा के निदेर्शानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, ध्रुव चंद मिश्र के निर्देश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला राम कुमार लाल ने घागरा प्रखंड स्थित डुको ग्राम का दौरा किया। उनके साथ में स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी घाघरा थे। ज्ञात हो कि सावित्री देवी की डायन बिसाही के मामले में हत्या कर दी गई थी। उसी संदर्भ में सचिव द्वारा मृतक के पति सीताराम महतो एवं उनके परिजनों से मुलाकात की गई तथा उनका हाल-चाल जाना गया। मृतक के परिजनों के द्वारा सचिव को बताया गया कि सरकार के द्वारा उन्हें राशन मुहैया कराया जाता है। वृद्धा पेंशन भी उन्हें मिलता है। आवास के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सीताराम महतो के लिए अबुवा आवास स्वीकृत कर दिया गया है। सचिव से पीड़ित परिवार ने कानूनी सहायता प्रदान करने तथा मुआवजे की राशि दिलाने की मांग की। वहां मुखिया अशोक उरांव एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## सच्चे जुझारू युवा समाज सेवी थे गौतम उरांव : निशीथ जायसवाल

### राजी पड़हा प्रार्थना सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम उरांव का आकस्मिक निधन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** बुधवार को लोहरदगा तोड़ार सरना टोली निवासी राजी पड़हा प्रार्थना सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व समाजसेवी गौतम उरांव का आकस्मिक निधन हो गया। जिसकी सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल उनके आवास पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गौतम उरांव सच्चे जुझारू युवा समाज सेवी थे। वे राजी पड़हा प्रार्थना सभा के प्रथम जिलाध्यक्ष थे व प्रदेश अध्यक्ष भी थे। इन्होंने लोहरदगा जिले में राजी पड़हा प्रार्थना सभा की नींव रखा और सामाजिक जागरण को नई दिशा प्रदान किया। इनके अमूल्य योगदानों को कभी नही भुलाया जा सकता है। इस मौके पर जिप सदस्य सुखदेव उरांव,राष्ट्रीय धर्मगुरु राजेश लिंडा, प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, प्रार्थना सभा प्रदेश अध्यक्ष माघी उरांव, प्रदेश महासचिव संदीप उरांव,आकाश भगत, राजमुनि उरांव,विशाल डुंगडुंग, संजय टोप्पो सरिता उरांव, रीता उरांव,सुनीता उरांव,प्रभु उरांव,शनि उरांव, बिहारी उरांव आदि उपस्थित थे।

## महावीर मंदिर में महाआरती, श्रद्धालु के बीच बांटे गये प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता


**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में ब्लॉक मोड़ ओवर ब्रिज स्थित महावीर मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा मंगलवार को हर मोहल्ले में एक-एक कर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूप करना है। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा जिस तरह लोगों की महाआरती के प्रति उत्सुकता दिख रही है निश्चित ही आने वाले दिनों में मंगलवार को सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रहेगी। मंगलवार को हनुमान जी की आरती करने से बहुत सारे दुख दर्द दूर होते हैं। सभी लोगों से आग्रह किया कि दुख में सभी लोग भगवान के पास जाते हैं परंतु दुख दूर होने के बाद लोग जाते नहीं है। ऐसा करना महापाप है सुख में भी भगवान का भोग लगाए आरती में शामिल हो निश्चित ही दुख आपको छू नहीं सकता। मौके पर समिति के सैकड़ो कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

### विकास के पथ पर अग्रसर | गुमला का ऐसा इलाका, जहां दिन में भी जाने से डरते थे लोग

# आज सजती है बाजार, पर्यटकों के लिए क्षेत्र बन गया फेमस

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला/चैनपुर।** गुमला जिला आदिवासी बहुल एवं पिछड़ा इलाका के रूप में जाना जाता है। लेकिन यह जिला विकास के पथ पर अग्रसर है। गुमला जिला हसीन वादियों के बीच बसा ह। यहां चारों ओर हरियाली हरे भरे पेड़ पौधे, ऊंचे नीचे पहाड़, नदियां,ऐतिहासिक धरोहर ऐतिहासिक धार्मिक पूजा स्थल आदि से भरा पड़ा है। जो जिला की प्राकृतिक सुंदरता व खुबसूरती में चार चांद लगाते हैं। एक समय यहां नक्सलियों का आतंक हुआ करता था, यहां दिनदहाड़े नक्सली मीटिंग करते थे। जिला मुख्यालय से सटे होने के बावजूद नक्सलियों का अति प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था। जिसमें बांसडीह, परसा, तेतरडीपा, सोकराहातु आदि मुख्य है। यहां नक्सलियों का इतना अधिक भय था कि लोग दिन में भी इस क्षेत्र से होकर गुजरने से डरते थे। यहां गोलियों की तड़तड़ाहट, लोगों की



रोने , चिलाने की चित्कार सुनाई देती थी। लेकिन सड़क के निर्माण होने से अब यह क्षेत्र गुलजार हो गया है। इस क्षेत्र में जंगल और पहाड़ को चीरकर सड़क का निर्माण किया गया है। मोबाइल कनेक्टिविटी व सड़क का जाल बिछने लगा तो विकास के पथ पर अग्रसर है। सड़क के निर्माण होने से अब देर रात तक लोगों का इधर आना जाना लगा रहता है। बताते चलें कि इस इलाके की प्राकृतिक छटा काफी मनमोहक व आकर्षक है। यहां आने से मन को काफी सुकुन मिलता है। अब यहां जिला मुख्यालय सहित जिला के अन्य जगह से लोग घूमने आते हैं। व यहां की प्राकृतिक सुंदरता,स्वच्छ व सुंदर वातावरण का आनंद उठाते हैं।

#### सोकराहातु रोड में परसा, बघबोरा में साप्ताहिक बाजार भी लगता

सोकराहातु रोड में परसा, बघबोरा में अब मंगलवार व शनिवार को साप्ताहिक बाजार भी लगता है। जहां आसपास के कई लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। बाजार में फल फूल, सब्जी के दुकान के अलावा कई होटल भी संचालित हैं। जहां आकार आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ देसी स्टाइल यानि लकड़ी के चूल्हे में बने नाश्ता का लुत्फ उठा सकते हैं। स्थानीय निवासी राजू कुमार सिंह ने बताया कि जब यह सड़क नहीं बना था,तो नाला बहता था।हम लोगों को चाहे कोई भी मौसम हो आने जाने में बहुत परेशानी होती थी। शहीद नायमन कुजुर ने नाम से रोड निकला और निर्माण कार्य पूरा हुआ तो जिला मुख्यालय जाने में हमलोगो को काफी सुविधा हो रही है।यह इलाका चारों ओर पेड़ पौधे से भरा पड़ा है व चारों ओर जंगल है।जब सड़क नहीं था तो यह इलाका नक्सली प्रवाहित क्षेत्र के रूप में माना जाता था, दिन में भी लोग यहां से आने जाने में डरते थे। अभी दिनभर लोगों का इस रास्ता से आना जाना है व एक सेकंड भी कोई दिक्कत नहीं है। पर्यटक क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। यह चारो ओर से जंगल झाड़ से भरा हुआ है। जो काफी सुंदर लगता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता का मजा लेने के लिए काफी दूर-दूर से लोग यहां आते हैं।

## एक नजर

### बिरनी में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**बिरनी गिरीडीह।** बिरनी प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 35 यूनिट का लोगो ने रक्तदान किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार, सीओ सारांश जैन,डॉ सोहैल अख्तार, बीडीएम जयशंकर समेत दर्जनों लोग शामिल हुए। बता दें कि उपायुक्त के निर्देश पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

### बीएमपी प्रत्याशी ऐनुल ने कई गांवों में किया जनसंपर्क



**गिरिडीह।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी मो. ऐनुल अंसारी ने बुधवार को गोमिया एवं बेरमो प्रखंड के दर्जनों गांव में सघन जनसंपर्क चलाया. उन्होंने लोगों से मिलकर अपना चुनाव चिह्न बताते हुए वोट करने की अपील की। कहा कि लोकसभा क्षेत्र में एकमात्र अल्पसंख्यक उम्मीदवार होने के नाते ग्रामीण जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। अभियान में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मुरलीधर राम, कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भेंगरा, कुसुम देवी, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के रांची जिला अध्यक्ष बासुदेव भगत, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोकी महतो आदि शामिल थे।

### भाजपाइयों ने चंद्रप्रकाश के समर्थन में कसमार में किया जनसंपर्क

**बोकारो।** भाजपाइयों ने गिरिडीह लोकसभा सीट से एनडीए समर्थित आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में बुधवार को कसमार प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चालया. पूर्व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक के नेतृत्व में कार्यकताओं ने दांतू, सोनपुरा व पोंडा पंचायत के कई गांव में गए और लोगों से चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा कि देश व जनहित में केंद्र में मोदी सरकार का होना जरूरी है। मोदी की गारंटी ही देश के सर्वांगीण विकास की गारंटी है। पीएम मोदी ने देश के गरीब-गुरबों को उनका हक दिया। जनहित में जिन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा, ऐसा काम किसी पीएम ने नहीं किया। मौके पर भाजपा कसमार प्रखंड अध्यक्ष राजेश पांडेय, उपाध्यक्ष भवानी मुखर्जी, महेंद्र सिंह, मुरलीधर नायक, नागेंद्र नायक, ननकू यादव, अजीत दसौंधी, बलदेव रजवार, गोपाल दसौंधी, भुनेश्वर रविदास, श्यामानंद नायक, ज्योति प्रसाद आदि मौजूद थे।

### आंधी व बारिश ने दिलायी उमस भरी गर्मी से राहत

**जमशेदपुर।** पिछले दो-तीन दिनों से झुलसा देनेवाली धूप और उमस भरी गर्मी ने बेहाल कर रखा था. इस बुधवार की शाम तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश ने गर्मी और उमस से राहत दिला दी. इस दौरान वज्रपात होने की भी सूचना है. मौसम विभाग की ओर से पूर्वानुमान के तौर पर इस संबंध में जानकारी दी गयी थी. विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा. जबकि आंधी के दौरान हवा की रफ्तार 20 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गयी.तेज आंधी और बारिश के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों व मार्गों पर पेड़ों की टहनियां टूट कर गिर गयीं।

# तिसरी में बीड़ी पत्ता मजदूरों के बीच संवेदक ने किया साड़ी का वितरण



**संवेदक सुधांशु कुमार द्वारा जिप सदस्य रामकुमार राउत के हाथों 86 मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी प्रखंड में बीड़ी पत्ता संवेदक द्वारा जिला परिषद सदस्य के हाथों बीड़ी पत्ता मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण किया गया। बुधवार को प्रखंड के तिसरी पंचायत अंतर्गत असगन्धो गांव में संवेदक सुधांशु कुमार के द्वारा दक्षिणी छोर के जिला परिषद सदस्य रामकुमार राउत के हाथों बीड़ी पत्ता चुनने वाले लगभग 86 महिला मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य रामकुमार राउत ने संवेदक सुधांशु कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि संवेदक द्वारा बीड़ी पत्ता मजदूरों को रोजी - रोटी के साथ - साथ उपहार स्वरूप वस्त्र भी दिया जा रहा है। यह मजदूरों के हित और उत्साह के लिए अच्छा कार्य है। उन्होंने मजदूरों से भी अपील करते हुए कहा कि वे उन्नत किस्म में पत्ते इकट्ठा करें ताकि संवेदक को इस व्यापार में घाटा न हो और उनकी रोजी रोटी चलती रहे। वहीं संवेदक सुशांशु कुमार ने कहा कि यह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, यहां रोजगार के भी पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में यहां के कई मजदूर बीड़ी पत्ता तोड़कर अपनी रोजी - रोटी चला रहें हैं। इन मजदूरों के हित में आगे भी जुटा रहूंगा।

### अन्नपूर्णा देवी ने मतदाताओं और कार्यकताओं के प्रति जताया आभार, कहा-

# पीएम नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे मजबूत, सबसे लोकप्रिय लीडर



**कोडरमा की जनता जनार्दन का आशीर्वाद उन्हें मिला है। मोदी जी की गारंटी पर लोगों को यकीन है इसलिए इसबार देश में एनडीए 400 सीट पर जीत हासिल करके ही रहेगी**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने मतदाताओं और कार्यकताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में बड़ी लगन और उत्साह से भाग लेने वाले मतदाता लोकतंत्र के आधार स्तम्भ हैं। अन्नपूर्णा देवी बुधवार की शाम जमुआ चौक पर उक्त बातें कही. गिरिडीह जाने के क्रम में डाक बंगला के गेट पर एक दुकान पर कार्यकताओं एवं आम जनों से रूबरू हो रही थीं।

कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और पीएम नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे मजबूत,सबसे लोकप्रिय और शक्तिशाली लीडर हैं। इनकी गारंटी पर देश की जनता को पूरी आस्था है। जहां भी मोदी जी की सभा होती है अपार भीड़ जुटती है और भीड़ सुनती है, समझती है और मोदी जी की बातों पर यकीन कर उन्हीं की हो जाती है। कहा कि कोडरमा की जनता जनार्दन का आशीर्वाद उन्हें मिला है। मोदी जी की गारंटी पर लोगों को यकीन है इसलिए इसबार देश में एनडीए 400 सीट पर जीत हासिल करके ही रहेगी। कार्यकर्ताओ में सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव,प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, विधायक प्रतिनिधि बैजू यादव,महेंद्र कुमार अधीर वर्मा, लखन यादव, पंकज यादव, उज्ज्वल कुमार साहा, केदार यादव,नरेश यादव, रूपलाल रविदास सहित कई लोग थे।

### डीपीएस बोकारो के अयान को यूपीएससी रक्षा सेवा परीक्षा में देशभर में तीसरा स्थान

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो के एक और होनहार प्रतिभावान छात्र ने राष्ट्रीय फलक पर अपने विद्यालय, शहर और राज्य का नाम गौरवान्वित किया है. संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस)-2 की परीक्षा में इस विद्यालय का छात्र रहे अयान कुमार डे ने देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है. अयान ने भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) में जहां ऑल इंडिया रैंक तीन पाई, वहीं भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की मेरिट लिस्ट में 17वीं रैंकिंग हासिल की है. हालांकि, उसने सैन्य अकादमी को ही चुना है और लेफ्टिनेंट के रूप में ज्वाइनिंग के लिए जुलाई से देहरादून स्थित आईएमए में उसकी ट्रेनिंग शुरू होगी. इसके पूर्व ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) चेन्नई में उसने एनसीसी के आधार पर स्पेशल इंट्री पाई थी. देशभर में उसे 13वां स्थान मिला था और झारखंड से दाखिला पानेवाला वह एकमात्र अभ्यर्थी था।

## धनबाद से सिंगरौली स्टेशन तक चला मेगा टिकट चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद मंडल में बुधवार को एक बार फिर बड़े स्तर पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 1878 यात्रियों को अनाधिकृत रूप से पकड़ा गया है। उनसे लगभग 10 लाख रुपए बतौर जुमार्ना वसूल किया गया है। इस संबंध में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि धनबाद मंडल के विभिन्न खण्डों में मेगा टिकट चेकिंग अभियान के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग चलाया गया। अभियान के फलस्वरूप कुल 1878 यात्रियों को पकड़ा गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री शामिल थे। इस दौरान उनसे 09 लाख 98 हजार 55 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई।

**अभियान में लगाए गए थे रेलवे के 170 कर्मी**

चेकिंग अभियान में 170 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। धनबाद मंडल द्वारा इस प्रकार का टिकट चेकिंग अभियान पहले भी चलाया गया है और भविष्य में आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है, ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें। उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में युवक और वृद्धा घायल, दोनों रेफर




**घटना तिसरी थाना क्षेत्र के गड़कुरा का**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी थाना क्षेत्र के गड़कुरा में बुधवार को दो बाइकों की आमने - सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें बाईक चालक योगेश कुमार और दूसरे बाईक पर सवार मेलाया बेसरा शामिल हैं। इन दोनों को प्रथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि गड़कुरा के प्रकाश पंडित का पुत्र बाईक से गुमगी की ओर जा रहा था जबकि खरखरी के खसियाडीह निवासी 65 वर्षीय मेलाया बेसरा अपने पुत्र के साथ बाईक पर सवार होकर अपनी पुत्री के ससुराल महादेवटांड से वापस अपने घर जा रही थी। इसी बीच गड़कुरा पंचायत भवन के पास दोनों बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में योगेश कुमार ओर मेलाया बेसरा को गंभीर चोटें लगी। जिसके बाद स्थानीय नवयुवक भोला राय व अन्य के सहयोग से दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया।जहाँ डॉ. जैनेन्द्र और स्वास्थ्यकर्मी चंदन व अंकेश ने उनका प्राथमिक उपचार किया। दोनों को सर में चोट होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया।

### रविन्द्र राय ने लोगों से की एनडीए गठबंधन को जिताने की अपील, कहा

# एनडीए गठबंधन विकास का तो इंडी गठबंधन लूट खसोट का प्रतीक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रविन्द्र राय ने बुधवार को गांधी चौक स्थित भाजपा के चुनावी कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उग्रवाद प्रभावित पीरटांड़ समेत झारखंड की खुशहाली के लिए भाजपा के सहयोगी दल आजसू को समर्थन दें और गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी को मतदान करें। कहा कि आज वे पीरटांड इलाके में मतदान की अपील करने गए थे। क्षेत्र की खुशहाली देखकर बहुत खुशी हुई। इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टी झामुमो पर हमला बोलते हुए कहा कि आज लोग शहरो से वापस गांव लौट रहे हैं। पीरटांड़ में नए नए घर बन रहे हैं और सड़को का जाल बिछा हैं और यह सब सिर्फ केंद्र सरकार के कारण ही संभव हो सका है। लेकिन झारखंड में लूट खसोट की सरकार राज्य कर रही है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने चलाया मतदान जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सेदार बनने एवं एक सुलभ नेतृत्वकर्ता के चुनाव के लिए लौहनगरी की जनता के बीच अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद शहर के विभिन्न हिस्सों में मतदान जागरूकता अभियान चला रहा है. इस अभियान के के लिए पूर्व सैनिकों की एक टोली गठित की गई है, जो शहर के विभिन्न मंडलों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं से 25 मई को घरों से निकलकर वोट देने का आह्वान कर रही है. एक सप्ताह से चल रहे अभियान के तहत गोविंदपुर, बारीडीह, सिदगोड़ा, एग्रिको, बागबेड़ा, टेल्को एवं कदमा के पार्कों, दुकानों और चौराहों पर पैंपलेट्स बांट कर सभी से मतदान करने का आग्रह किया जा रहा है.बुधवार को एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में मौजूद मॉर्निंग वॉकर्स और बुजुर्गों से भी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मतदान में भागीदारी निभाने की अपील की. इस अभियान का नेतृत्व संगठन के जिलाध्यक्ष विनय यादव एवं जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह ने किया. अभियान में वरुण कुमार, सुखविंदर सिंह, गौतम लाल, अवधेश कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, उमेश कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार मिश्रा, नीरज कुमार सिंह, पवन कुमार समेत कई पूर्व सैनिक शामिल थे।

### बार संचालक के घर के बाहर बदमाशों ने की फायरिंग

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के न्यू रानीकुदर रोड नंबर 3 निवासी बिपिन तन्ना के घर मंगलवार की रात बाइक से आए दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी. गोली बिपिन के घर की दीवार पर लगी। घटना की सूचना बिपिन ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मौके से पुलिस ने खोखा भी बरामद किया है। इधर, बिपिन ने कदमा थाना में अपने पुराने बिजनेस पार्टनर सिदगोड़ा निवासी प्रभास सिंह और ब्रिज कुमार पर आरोप लगाया है।बिपिन ने बताया कि वे बार संचालक हैं। पूर्व में प्रभास सिंह और ब्रिज कुमार ने पार्टनरशिप में बार खोलने के लिए रुपए मांगे।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस के इशारे पर हेमंत सोरेन की सरकार ने सेना की जमीन घोटाला किया : डा रविन्द्र राय



**गिरिडीह।** भाजपा के पूर्व सांसद डा रवीन्द्र राय ने कहा कि कांग्रेस के इशारे पर हेमंत सोरेन की सरकार ने सेना की जमीन घोटाला किया। इससे पहले भी कांग्रेस के सहयोग से जब-जब झारखंड में झामुमो और अन्य दलों ने सरकार बनाया है। उस वक्त भी कांग्रेस के इशारे पर मंत्री जेल जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले में कांग्रेस ने फंसाया है। आरोप लगाया कि झारखंड में कांग्रेस का इतिहास रहा है हमेशा से झारंखड में लूट कर मलाई कांग्रेस खाती रही। डा रविन्द्र राय बुधवार को प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि करप्शन का पैसा इलेक्शन में कैसे इस्तेमाल करना है इसकी पूरी जानकारी कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन में शामिल दलों को है। दिल्ली की आप सरकार भी इसकी बानगी है। दिल्ली की आप सरकार भी कांग्रेस के सहयोग से चुनाव लड़ रही है।

### तेनुघाट पुलिस की मुस्तैदी से चार किशोर दलालों के चंगुल में फंसने से बचे



**बोकारो।** तेनुघाट ओपी प्रभारी अजित कुमार सिंह की मुस्तैदी से बुधवार को चार किशोर दलालों के चंगुल में फंसने से बच गए। इनमें मोहित यादव (15), पप्पू यादव (14), सुजल कुमार ((15) और चन्दन यादव (13) हैं। बोकारो जिले के तेनुघाट ओपी थाना के साड़म पूर्वी पंचायत स्थित करमाटांड़ गांव में सोमवार को चार किशोर गांव से अचानक गुम गए। शाम तक उनके घर नहीं पहुंचने पर परिजन उन्हें ढूंढने निकल पड़े। काफी खोजबीन के बाद भी वे नहीं मिले तो परिजनों ने तेनुघाट पुलिस से उन्हें ढूंढने की गुहार लगाई। मामला संज्ञान में आते ही तेनुघाट ओपी प्रभारी अजित कुमार सिंह करमाटांड़ गांव पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू की। ओपी प्रभारी ने इन सभी किशोरों के फोटो जीआरपी बोकारो के साथ कई जगह भेजे। इसके बाद जीआरपी भी हरकत में आ गई। पुलिस एवं जीआरपी की मुस्तैदी से सभी किशोर कलकता में दलालों के चंगुल में फंसने से पहले ही पुलिस की पकड़ में आ गए। बताया गया है कि चारों किशोर मोबाइल में गेम खेलने के दौरान पश्चिम बंगाल के एक दलाल के चंगुल में फंस गए थे। दलाल ने उनको अच्छी नौकरी का सब्जबाग दिखाते हुए मोटी सैलरी और रहने का मकान देने का वादा कर कलकता बुलाया। किशोर भी दलाल के झांसे में आकर बिना किसी को कुछ बताए घर से चुपचाप कलकता के लिए निकल गए।

### जमशेदपुर में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** उलीडीह पुलिस ने रामनगर सूर्य मंदिर के पास स्वर्णरिखा नदी के किनारे अनीस कुमार मंडल को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक एमजीएम थाना क्षेत्र के बालीगुमा का रहने वाला है। अनीस के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया है। सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित की गिरफ्तारी की है। सिटी एसपी ने बताया कि दो मई को रामनगर के ही रहने वाले एक व्यक्ति के साथ अनीस का विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर उसने कुछ दिन पहले ही एक साथी से हथियार लिया और मारपीट का बदला लेने के लिए क्षेत्र में घूम रहा था। घटना की अंजाम देने के पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अनीस पूर्व में भी जेल का चुका है और हाल ही में जेल से बाहर आया है।

### कार के धक्के से सड़क किनारे खड़ी 5 बाइक व स्कूटी क्षतिग्रस्त



**बोकारो।** कथारा-गोमिया मुख्य मार्ग पर जारंगडीह फिल्टर प्लांट के सामने बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार कार के धक्के से सड़क किनारे खड़ी पांच बाइक व स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गईं. गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बाइक सवारों ने बताया कि बरिश से बचने के लिए वे लोग अपनी गाड़ी खड़ी कर फिल्टर प्लांट के पास यात्री शेड में चले गए थे। तभी कथारा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार गाड़ियों को टक्कर मारते हुए निकल गई। उन्होंने इसकी शिकायत बोकारो थर्मल थाना में की है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने मैथन में किया फ्लैग मार्च



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने बुधवार को मैथन के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया. फ्लैग मार्च का नेतृत्व मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लोगों को भय मुक्त होकर मतदान करने का संदेश देने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च बीएसके कॉलेज मैदान से शुरू होकर मेनगेट, आजाद नगर, पोस्ट ऑफिस एरिया, रांची कॉलोनी, कालीपहाड़ी, एरिया 3, 4, 5, 6 आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस मैथन थाना लौट आया। फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।

# कम वोटिंग राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय समस्या

***मौजूदा*** लोकसभा चुनाव में औसत मतदान 60 प्रतिशत के आसपास रहना निर्वाचन आयोग ही नहीं, राजनेताओं के लिए भी चिंता का विषय है। इससे लोकतंत्र के मूल उद्देश्य पूरे होते नहीं दिखते। स्थिति यह है कि कुल पंजीकृत मतदाताओं के एक चौथाई हिस्से से भी कम का समर्थन पाकर पार्टियां सरकार बना लेती हैं और फिर पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं। उत्तर और पश्चिम इलाकों में, जहां इस समय प्रचंड गर्मी है, वहां तो कम मतदान हो ही रहे हैं, पर्वतीय क्षेत्रों और दक्षिण राज्यों, जहां गर्मी नहीं है, में भी मतदाताओं में उत्साह नहीं नजर आता है। इसकी एक वजह राजनीतिक व्यवस्था से मोहभंग भी हो सकता है। निर्वाचन आयोग और राजनीतिक दलों की तरफ से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के तमाम प्रयास किए जाते हैं। लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रेरित किया जाता है, लेकिन इससे बहुत फर्क नहीं पड़ता। कुछ के अपवादों को छोड़ दें, तो कभी वोटिंग औसत से ज्यादा नहीं बढ़ी। सिर्फ 2014 और 2019 में मतदाताओं ने उत्साह दिखाया था और औसतन 66 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ था। सवाल यह है कि ऐसे में क्या उपाय किए जाएं कि मतदाता मतदान करने के लिए प्रेरित हों। कम वोटिंग भारत ही नहीं, दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों के लिए चिंता का विषय है। कई देशों ने मताधिकार का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया, तो कुछ देशों ने मतदान नहीं करने पर अलग-अलग तरह से दंड लगाने के कानून बनाए। हालांकि कुछ देशों ने बाद में व्यावहारिक परेशानियों के चलते इसे रद्द कर दिया। सबसे पहले बेल्जियम ने 1892 में वोटिंग अनिवार्य करने का कानून बनाया। फिर अर्जेंटीना ने 1914 में और ऑस्ट्रेलिया ने 1924 में ऐसा ही कानून लागू किया। उसके बाद ऑस्ट्रिया, ब्राजील, मिस्त्र, फिजी, बुल्गारिया, बोलीविया, इटली, ग्रीस, फ्रांस (सिर्फ सीनेट), अमेरिका (कुछ राज्य), मैक्सिको, फिलीपीन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड, स्पेन, तुर्किये, वेनेजुएला, पेरू, पनामा आदि ने भी कानून बनाए। इनमें कुछ देशों ने कानून को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द कर दिया। भारत की स्थिति कुछ भिन्न है। यहां कई बार वोटिंग अनिवार्य करने को लेकर लोकसभा में चर्चा हुई। यही निष्कर्ष निकला कि ऐसा करना व्यावहारिक नहीं होगा। इस संबंध में सबसे पहले चर्चा 1950 में तब शुरू हुई, जब जनप्रतिनिधित्व अधिनियम लागू किया जा रहा था। डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित संविधान सभा के कई सदस्यों ने इसे सिरे से नकार दिया। 1990 में दिनेश गोस्वामी कमेटी ने वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उपायों पर विचार करने के दौरान इसे अनिवार्य किए जाने पर भी गौर किया और अंततः इसे नामंजूर कर दिया। वर्ष 2001 में कंसल्टेशन पेपर ऑफ नेशनल कमीशन रिव्यू द वर्किंग ऑफ द कंस्टीट्यूशन ने इस मुद्दे पर विचार करने के बाद कहा कि वोट नहीं देने पर दंड का प्रावधान रखने से कई जटिलताएं पैदा होंगी। चुनावी खर्च को लेकर गठित तारकुंडे कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा कि वोटिंग अनिवार्य करने से मतदाताओं में रोष पैदा होगा और इसके दुरुपयोग की? आशंका रहेगी। बेहतर होगा कि वोटरों को मतदान के लिए उत्साहित किया जाए। लोकसभा में 2004 , 2009, 2012 एवं 2014 में प्राइवेट बिल पेश किए गए, लेकिन हर बार प्रस्ताव का विरोध हुआ। वर्ष 2009 में इस पर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका पेश की गई, जिसमें मताधिकार का उपयोग नहीं करने वाले के घर की बिजली, पानी आदि काटने और आर्थिक दंड लगाने की मांग की गई। कोर्ट ने इसे बेहद अमानवीय बताकर याचिका खारिज कर दी। देश में चुनावों में अशिक्षित और अल्पशिक्षित मतदाताओं में मतदान को लेकर जितना उत्साह दिखता है, उतना प्रबुद्ध वर्ग में नहीं। प्रबुद्ध वर्ग का एक बड़ा हिस्सा आलस और अरुचि की वजह से घर से नहीं निकलता। वोटिंग लिस्ट में गड़बड़ी होना भी कम मतदान का एक कारण है। चुनाव से पहले मतदाता सूची को ठीक से अपडेट नहीं किया जाता और किया भी जाता है, तो उनमें कई त्रुटियां दिखती हैं। लोगों को शिकायत रहती है कि नाम शामिल करने, संशोधन आदि का फॉर्म बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) को समय पर देने के बाद भी कुछ नहीं होता। यह विडंबना ही कही जाएगी कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में पंजीकृत वोटरों में से 40 प्रतिशत वोट ही नहीं देते। झारखंड में मौसमी पलायन और कामकाज के लिए स्थायी पलायन भी एक बड़ा कारण है।

बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष

# बुद्ध धर्मक्रांति एवं व्यक्तिक्रांति के सूत्रधार



ललित गर्ग

***गौतम*** बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, उनका लोकहितकारी चिन्तन एवं कर्म कालजयी है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। बुद्ध पूर्णिमा को उनकी जयंती मनाई जाती है और उनका निर्वाण दिवस भी बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही हुआ था। आज के दिन गौतम बुद्ध अपनी पूर्णता में खिल गये थे, वे अपनी पूर्णता के साथ-साथ मानव समाज की पूर्णता की खोज में लगे रहे और एक प्रेरणा और संभावना बने। यानी यही वह दिन था जब बुद्ध ने जन्म लिया, शरीर का त्याग किया था, ज्ञान और मोक्ष प्राप्त किया। बुद्ध पूर्णिमा न केवल बौध धर्म के अनुयायियों के लिए बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के लिये एक महत्वपूर्ण दिन है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बुद्ध पूर्णिमा सबसे बड़ा त्योहार का दिन होता है। इस दिन अनेक प्रकार के समारोह आयोजित किए गए हैं। अलग-अलग देशों में वहां के रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार समारोह आयोजित होते हैं। बुद्ध पूर्णिमा को श्रीलंकाई 'वेसाक' उत्सव के रूप में मनाते हैं जो 'वैशाख' शब्द का अपभ्रंश है। इस दिन बौद्ध घरों में दीपक जलाए जाते हैं और फूलों से घरों को सजाया जाता है। दुनियाभर से बौद्ध धर्म के अनुयायी बोधगया आते हैं और प्रार्थनाएं करते हैं। बोधिवृक्ष की पूजा की जाती है। उसकी शाखाओं पर हार व रंगीन पताकाएँ सजाई जाती हैं। जड़ों में दूध व सुगंधित पानी डाला जाता है। वृक्ष के आसपास दीपक जलाए जाते हैं। गरीबों को भोजन व वस्त्र दिए जाते हैं। महात्मा गौतम बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा लोगों को अहिंसा और करुणा का भाव सिखाया। गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल स्थित लुम्बिनी में 563वीं ईसा पूर्व में एक राजपरिवार में हुआ था। महात्मा बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु में से एक माना जाता है। उन्होंने न केवल अनेक प्रभावी व्यक्तियों बल्कि आम जन के हृदय को छुआ और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं



अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों की जीवन दिशा को बदला। बुद्ध संन्यासी बनने से पहले कपिलवस्तु के राजकुमार सिद्धार्थ थे। शांति की खोज में वे 27 वर्ष की उम्र में घर-परिवार, राजपाट आदि छोड़कर चले गए थे। भ्रमण करते हुए सिद्धार्थ काशी के समीप सारनाथ पहुंचे, जहाँ उन्होंने धर्म परिवर्तन किया। यहाँ उन्होंने बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचें कठोर तप किया। कठोर तपस्या के बाद सिद्धार्थ को बुद्धत्व ज्ञान की प्राप्ति हुई और वह महान संन्यासी गौतम बुद्ध के नाम से प्रचलित हुए और अपने ज्ञान से समूचे विश्व को ज्योतिर्मय किया। बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे-तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुयसा जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर लिया तो फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी। इसे तुमसे कोई नहीं छीन सकता। गौतम बुद्ध कहते हैं कि व्यक्ति कभी भी बुराई से बुराई को खत्म नहीं कर सकता है। इसे खत्म करने के लिए व्यक्ति को प्रेम का सहारा लेना पड़ता है। प्रेम से दुनिया की हर बड़ी चीजों को जीता जा सकता है। बुद्ध के अनुसार, खुशियां बांटने से हमेशा बढ़ती हैं। कभी कम नहीं होती हैं। जंगली जानवर की अपेक्षा कपटी और दुष्ट मित्र से डरना चाहिए। जंगली जानवर आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन एक बुरा मित्र आपकी बुद्धि को नुकसान पहुंचा सकता है। गौतम बुद्ध के अनुसार, जीवन में तीन चीजें कभी भी छुपाकर नहीं रखा जा सकता है। वो है- सूर्य, चंद्रमा और सत्य। वास्तव में देखा जाए तो राज-शासन और धर्म-शासन दोनों का ही मुख्य उद्देश्य जनता को सन्मार्ग पर ले जाना है। परन्तु राज-शासन के अधिनायक स्वयं मोहमाया ग्रस्त प्राणी होते हैं, अतः वे समाज सुधार के कार्य में पूर्णतया सफल नहीं हो पाते। भला, जो जिस चीज को अपने हृदयतल में से नहीं मिटा सकता, वह दूसरे हजारों हृदयों से उसे कैसे मिटा सकता है? राज-शासन की आधारशिला प्रेम, स्नेह एवं सद्भाव की भूमि पर नहीं रखी जाती है, वह रखी जाती है, प्रायः भय, आतंक और दमन की नींव पर। यही कारण है कि राज-शासन प्रजा में न्याय, नीति और शांति की रक्षा करता हुआ भी अधिक स्थायी व्यवस्था कायम नहीं कर सकता। जबकि धर्म-शासन परस्पर के प्रेम और सद्भाव पर कायम होता है, फलतः वह सत्य-पथ प्रदर्शन के द्वारा मूलतः समाज का हृदय परिवर्तन करता है और सब ओर से पापाचार को हटाकर स्थायी न्याय, नीति तथा शांति की स्थापना करता है। बुद्ध अन्ततोगत्वा इसी निर्णय पर पहुंचे कि भारत का यह दुःसाध्य रोग साधारण राजनीतिक हलचलों से दूर होने वाला नहीं है। इसके लिए तो सारा जीवन ही उत्सर्ग करना पड़ेगा, क्षुद्र परिवार का मोह छोड़ कर 'विश्व-परिवार' का आदर्श अपनाना होगा। राजकीय वेशभूषा से सुसज्जित होकर साधारण जनता में घुला-मिला नहीं जा सकता। वहां तक पहुंचने के लिए तो ऐच्छिक लघुत्व स्वीकार करना होगा, अर्थात भिक्षुत्व स्वीकार करना होगा। मानवता को बुद्ध की सबसे बड़ी देन है भेदभाव को समाप्त करना। यह एक विडम्बना ही है कि बुद्ध की इस धरती पर आज तक छूआछूत, भेदभाव किसी न किसी रूप में विद्यमान हैं। उस समय तो समाज छूआछूत के कारण अलग-अलग वर्गों में विभाजित था। बौद्ध धर्म ने सबको समान मान कर आपसी एकता की बात की तो बड़ी संख्या में लोग बौद्ध मत के अनुयायी बनने लगे। कुछ दशक पूर्व डाक्टर भीमराव आम्बेडकर ने भारी संख्या में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध मत को अंगीकार किया ताकि हिन्दू समाज में उन्हें बराबरी का स्थान प्राप्त हो सके। बौद्ध मत के समानता के सिद्धांत को व्यावहारिक रूप देना आज भी बहुत आवश्यक है। मूलतः बौद्ध मत हिन्दू धर्म के अनुरूप ही रहा और हिन्दू धर्म के भीतर ही रह कर महात्मा बुद्ध ने एक क्रान्तिकारी और सुधारवादी आन्दोलन चलाया। समाजिक क्रांति के संदर्भ में उनका जो अवदान है, उसे उजागर करना वर्तमान युग की बड़ी अपेक्षा है। ऐसा करके ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे। बुद्ध ने समतामूलक समाज का उपदेश दिया। जहां राग, द्वेष होता है, वहां विषमता पनपती है। इस दृष्टि से सभी समस्याओं का उत्स है-राग और द्वेष। व्यक्ति अपने स्वार्थों का पोषण करने, अहं को प्रदर्शित करने, दूसरों को नीचा दिखाने, सत्ता और सम्पत्ति हथियाने के लिए विषमता के गलियारे में भटकता रहता है। बुद्ध ने जन-जन के बीच आने से पहले, अपने जीवन के अनुभवों को बांटने से पहले, कठोर तप करने से पहले, स्वयं को अकेला बनाया, खाली बनाया। तप तपा। जीवन का सच जाना। फिर उन्होंने कहा अपने भीतर कुछ भी ऐसा न आने दो जिससे भीतर का संसार प्रदूषित हो। न बुरा देखो, न बुरा सुनो, न बुरा कहो। यही खालीपन का संदेश सुख, शांति, समाधि का मार्ग है। उन्होंने अप्प दीपो भव- अपने दीपक स्वयं बनने की बात कही। क्योंकि दिन-रात संकल्पों-विकल्पों, सुख-दुख, हर्ष-विषाद से घिरे रहना, कल की चिंता में झुलसना तनाव का भार ढोना, ऐसी स्थिति में भला मन कब कैसे खाली हो सकता है? कैसे संतुलित हो सकता है? कैसे समाधिस्थ हो सकता है? इन स्थितियों को पाने के लिए वर्तमान में जीने का अभ्यास जरूरी है। न अतीत की स्मृति और न भविष्य की चिंता। जो आज को जीना सीख लेता है, समझना चाहिए उसने मनुष्य जीवन की सार्थकता को पा लिया है और ऐसे मनुष्यों से बना समाज ही संतुलित हो सकता है, स्वस्थ हो सकता है, समतामूलक हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### गर्मी के मौसम से हाल-बेहाल

***अभी*** गर्मी का मौसम है। वैसे तो गर्मी के मौसम को लेकर कई कविताएं और कहानियां लिखी गई हैं, लेकिन गर्मी की महिमा कम और इसके कारण परेशानियों को जिक्र ज्यादा किया गया है। वैसे हम सब जानते हैं कि गर्मी का मौसम का आना आवश्यक है नहीं तो हम सब बरसात का मौसम का लुत्फ नहीं उठा सकते हैं। साथ ही हम खेती-बारी नहीं कर पाते। वहीं कई समृद्ध लोग गर्मी के मौसम का मजा लेने के लिए कश्मीर , शिमला और मनाली चले जाते हैं। सच बात तो यह है कि बहुत कम देश ऐसे हैं जहां जाड़ा,गर्मी और बरसात का मौसम आता हो। वैसे भी लोग कहते रहें लेकिन, ना तो आम आदमी को इस मौसम से कुछ लेना-देना रहता है और ना ही सरकार को। मौसम कोई भी हो लोग अपने-अपने ढंग से इसकी आलोचना करते रहते हैं। बरसात के मौसम में दो-चार दिन भी हो जाये, तो कहेंगे काफी बारिश हो रही है। ठंड लगेगी को तो कहेंगे काफी ठंड पड़ रही है। गर्मी हो तो कहेंगे ,काफी गर्मी पड़ रही है। वहीं सरकार बरसात में नालियों की सफाई और घर में प्रवेश कर गए पानी पर अपनी सफाई देती रहेगी। सड़क पर बहते पानी के लिए लोग प्रशासन और सरकार को दोष देते फिरेंगे। लेकिन दुकानदार यह नहीं बतायेंगे कि नाली के ऊपर उन्होंने ने ही दुकान बना दी है और दुकान का सारा कचरा नाली में डाल रहे हैं। अतिक्रमण करने वाले भी अतिक्रमण हटाने पर अपनी रोजी-रोजगार का हवाला देकर सरकार और प्रशासन को गरीबों का दुश्मन बनाने पर तुल जायेंगे। वैसे भी अतिक्रमण कर अपनी दुकान चलाने वाले सभी गरीब नहीं होते हैं। बरसात में नदी क्षेत्र का अतिक्रमण करनेवाले बाढ़ की शिकायत कर सरकार से मुआवजे की मांग करेंगे। और तो और कई जगहों पर नदी और तालाब का इतना अतिक्रमण हो गया है कि वह नदी और तालाब नाले में तब्दील हो गई है। इसके लिए कोई प्रयास भी नहीं किया जाता है। अपने गली-मुहल्ले में अतिक्रमण के खिलाफ भी नहीं उठेंगे, लेकिन सरकार की नाकायाबी पर भरपूर गुस्सा उतारेंगे। मौसम तो आते जाते रहते हैं। इनमें कुछ तो हमें पसंद आते हैं। कुछ नहीं लेकिन आप जरूर इस बात को जानते होंगे कि कुछ लोग ठंड के मौसम को अच्छा कहते हैं तो कुछ गर्मी के मौसम वैसे बरसात के मौसम को अच्छा मानते हैं। कुल मिलाकर हम यह कह सकते हैं कि सब के अपने अपने मौसम हैं। कुछ के लिए अच्छा और कुछ के लिए खराब है।

**सुबोध कुमार, मेदिनीनगर।**

## देश-विदेश

# खालिस्तानियों का चुनाव लड़ना स्वागत और सतर्कता दोनों जरूरी




राकेश सैन

***असल*** में खालिस्तान एक विकृत सोच है जिसका जन्म विदेशी पोषण और सिख पंथ की मनमाफिक व्याख्या के अवैध सम्बन्धों से हुआ। इस सोच से न केवल पंजाब में हजारों की संख्या में निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी बल्कि देश-विदेश में सिखों की छवि को आघात भी पहुंचा। लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बन्द खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल के खडूर साहिब से नामांकन पत्र दाखिल करने की देशभर में चर्चा है। अमृतपाल दिल्ली की सीमा पर चले किसान आंदोलन के एक नेता दीप सिद्धू के अलगाववादी संगठन 'वारिस पंजाब दे' का सर्वेसर्वा है और यह पद उसने सिद्धू की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद प्राप्त किया। अमृतपाल ने कई महीनों तक इस संगठन के मंच से सिख युवाओं के मनों में खालिस्तानी व अलगाववादी विष भरा परन्तु अजनाला में थाने पर हमले के आरोप में उसे साथियों सहित गिरफ्तार कर डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। केवल अमृतपाल ही नहीं अमृतसर में शिवसेना के नेता सुधीर सूरी की हत्या करने वाला संदीप सिंह, दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह खालसा भी इस चुनाव में ताल ठोक चुके हैं। इसी वर्ग में शामिल अपने भडकाऊ भाषणों के चलते चर्चा में रहने वाले अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान खुद संगरूर की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और वे वहां से वर्तमान सांसद भी हैं। उनके दल के अन्य उम्मीदवार खुशहाल सिंह मान, बलदेव सिंह, अमृतपाल सिंह चंद्रा, मनिन्द्रपाल सिंह क्रमशः आनन्दपुर साहिब, फरीदकोट, लुधियाना व पटियाला से चुनाव मैदान में हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी सिमरनजीत मान खालिस्तान के पक्ष में केवल अपने देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं। आखिर इतने सारे खालिस्तानी अलगाववादियों का चुनाव लड़ना किस बात का संकेत है? क्या यह खालिस्तानी आतंक की वैचारिक पराजय है या अलगाववादियों की नई कोई रणनीति। इसीलिए जहां इसका स्वागत किया जाना बनता है वहीं सावधान रहने की भी अत्यन्त आवश्यकता है।

> **पूर्व आईपीएस अधिकारी सिमरनजीत मान खालिस्तान के पक्ष में केवल अपने देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को लगा जोर का झटका



योगेन्द्र योगी

***धीरे*** से देश की शीर्ष अदालत ने दो मामलों में केंद्र सरकार को जोर का झटका धीरे से देते हुए यह जाहिर कर दिया कि कानूनों की मनमानी व्याख्या अपनी सुविधा के हिसाब से नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के ईडी की गिरफ्तार करने की शक्तियों को सीमित करने के साथ ही दूसरे मामले में एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देने से केंद्र को यह झटका लगा है। इन दोनों मामलों में दिए गए फैसलों से बेशक केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापक राजनीतिक नुकसान नहीं हो किन्तु इसके दूरगामी परिणाम अवश्यंभावी होंगे। परिणाम यह होगा कि ईडी अब आसानी से किसी के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। इसी तरह पुलिस खिलाफ खबर पर किसी पत्रकार को भी आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। ईडी की कार्रवाई में कितने कानूनी तथ्य हैं, यह देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अधिनस्थ अदालतों को रैफ्री की भूमिका दी है। गौरतलब है कि लंबे अर्से से विपक्षी दल केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव के आरोप लगाती रहीं हैं। विपक्षी दलों का आरोप है केंद्र सरकार राजनीतिक रंजिशवश इन एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है। एक याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का सवाल था कि अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यक्ति विशेष के आरोपों को संज्ञान में ले लिया है, तो क्या तब भी उसे बेल के लिए सेक्शन 45 की दोहरी शर्तों को पूरा करना होगा। इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत जमानत की कड़ी शर्तों को संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है। अगर आरोपी समन द्वारा विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। अगर अदालती समन के चलते पेश होने के बाद ईडी आरोपी की हिरासत चाहती है, तो उसे विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। अदालत केवल उन कारणों के साथ हिरासत देगी, जो संतोषजनक हो और जिनमें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत हो। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा है कि अगर किसी मामले में ईडी ने किसी आरोपी को गिरफ्तार किए बिना चार्जशीट दाखिल की और अदालत ने इस पर संज्ञान लेकर उसे समन किया तो ऐसे व्यक्ति को पीएमएलए के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीएमएलए को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान 2002-03 में लाया गया था। बाद में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान 1 जुलाई, 2005 को इसे लागू किया गया। उस वक्त इस कानून को ब्लैक मनी के फ्लो को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया था। पीएमएलए कानून के तहत सबसे पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सीएम मधु कोडा के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बाद साल 2010 में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटालों में इस कानून के तहत कार्रवाई हुई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# प्रेम मंदिर वृंदावन

7. प्रेम मंदिर वृंदावन के दर्शन के लिए टिप्स अगर आप प्रेम मंदिर की यात्रा करने के लिए जा रहें हैं तो ध्यान रखें कि मंदिर के अंदर शराब और फोटोग्राफी प्रतिबंधित है। बुजुर्गों और शारीरिक रूप विकलांग लोगों के लिए मंदिर परिसर में व्हीलचेयर से उपलब्ध है। मंदिर में पेड़ा प्रसाद रूप में लेने के लिए 100 रुपये प्रति पैकेट के हिसाब से देने होते हैं। **8. प्रेम मंदिर में रात में देखने लायक म्यूजिकल फाउंटेन शो**
प्रेम मंदिर में म्यूजिकल फाउंटेन शो का आयोजन हर शाम शाम 7:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक होता है। मंदिर का दौरा करने वाले भक्त इस शो को बेहद पसंद करते हैं।

**9. प्रेम मंदिर वृंदावन कैसे पहुंचे**
अगर आप प्रेम मंदिर की यात्रा करने जा रहें हैं तो बता दें कि यहां की यात्रा हवाई, सड़क और ट्रेन मार्ग द्वारा की




जा सकती है। प्रेम मंदिर वृंदावन में स्थित है जहां का निकटतम हवाई अड्डा आगरा है जो मंदिर से 80 किलोमीटर दूर है। प्रेम मंदिर तक पहुंचने के लिए हवाई अड्डे से टैक्सी किराये पर ले सकते हैं। अगर आप ट्रेन से प्रेम मंदिर के लिए जाना चाहते हैं तो यहां का निकटतम रेल स्टेशन मथुरा रेल जंक्शन है, जहां से मंदिर 8 किलोमीटर दूर है।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# IRCTC के मास्टर लिस्ट फीचर का उपयोग कर

IRCTC Master List Feature IRCTC के वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध है। इसके माध्यम से यात्री अपने टिकट की बुकिंग को तत्काल में भी कर सकते हैं। इस फीचर के जरिए, यात्री को टिकट की बुकिंग के लिए लंबी कतारों में खड़ा होने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय रेलवे यातायात को लेकर हर कोई चिंतित रहता है। कभी यात्रा की योजना तो कभी तत्काल टिकट का इंतजार, रेलवे की यात्रा को लेकर हमेशा अनियमितता रहती है। लेकिन अब भारतीय रेलवे ने एक नया कदम उठाया है, जो यात्रा करने वालों को बहुत ही राहत देगा। भारतीय रेलवे तत्काल टिकट की बुकिंग में अक्सर लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। टिकट की बुकिंग के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन लाइन पर लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है, और फिर भी टिकट नहीं मिल पाने की समस्या होती है। लेकिन अब यह समस्या होगी कम, क्योंकि IRCTC ने एक नया फीचर लॉन्च किया है, जिससे तत्काल टिकट की बुकिंग को बहुत ही आसान बना दिया गया है।




**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कांग्रेस ने सेना को कमजोर किया उपकरणों में भी घोटाला : राजनाथ

- *कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर जनता को धोखा दिया*
- *56 इंच के सीने वाले ने देश से भ्रष्टाचार को खत्म किया*



**एजेसी। करनाल**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को करनाल के घरौंडा में आयोजित विजय संकल्प रैली में करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए वोट मांगे। इस मौके पर उन्होंने पूरे विपक्ष को आड़े हाथ लिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। अब तो उनके मंसूबे और खतरनाक हो गए हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हैं अगर किसी के घर के मुखिया की मौत हो जाती है तो उसकी आधी संपत्ति ले ली जाएगी, क्या देश का कोई नागरिक ऐसे कानून को स्वीकार करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं कांग्रेस नेताओं से पूछना चाहता हूं कि क्या उनके शासनकाल में हर रोज घोटाले नहीं हो रहे थे।

भ्रष्टाचार के मामले में कोर्ट के आदेश पर उनके मंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी थी। सैम पित्रोदा अनाप शनाप बयान देते थे, इसी कारण कांग्रेस ने उन्हें हटाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में हर साल विधानसभा चुनाव होते हैं, पांच साल में लोकसभा चुनाव होते हैं। इस पर समय और पैसा बर्बाद होता है। तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर वन नेशन, वन इलेक्शन करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था। जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता में आए हैं, हम 11वें नंबर से छलांग लगाकर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आज हमारा दुनिया में डंका बजता है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 तक भारत दुनिया की अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। अमेरिका होगा, चीन होगा उसके बाद भारत होगा। वर्ष 2047 तक भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। पाकिस्तानी सांसद ने भी कहा है कि भारत विश्व की महाशक्ति बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग स्वाभीमानी होते हैं, वे भूखे रह लेंगे, लेकिन अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करेंगे।

इससे पहले रैली में पहुंचने पर करनाल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार मनोहर लाल और अन्य नेताओं ने पगड़ी पहनाकर रक्षामंत्री राजनाथ का स्वागत किया। राजनाथ ने कहा कि आज नए भारत का निर्माण हो रहा है, आप खुशकिस्मत हैं कि आपके यहां मनोहर लाल उम्मीदवार हैं। देश का मस्तक ऊंचा होना चाहिए। लक्ष्मीजी कमल के फूल पर घर आती हैं, इसलिए कमल का बटन दबाना है और मेरी अंतिम बात सुन लीजिए कि आप मनोहर लाल को केवल सांसद नहीं चुन रहे हैं कुछ और ही चुन रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भी जनता को धोखा दिया। वह झूठा प्रचार कर रहे हैं कि सरकार ने जेल में भिजवाया, लेकिन ऐसा नहीं है। शराब घोटाले के मामले में संजय सिंह भी जेल में गए। राजनाथ सिंह ने कहा कि वो मनोहर लाल को 40-45 वर्ष से ज्यादा समय से जानते हैं। उन पर कभी चरित्र या भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। वे राजनीति में संत की तरह हैं।

## चंद्रमा का भी होता है नामकरण, बुद्ध पूर्णिमा का चांद 'फ्लावर मून' कहलाएगा

**भोपाल।** वैशाख माह की पूर्णिमा 23 मई को 'गुरु पूर्णिमा' के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर आसमान में दिखने वाला चंद्रमा 'फ्लावर मून' कहलाएगा। ऐसे में खगोलविज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के मन में यह जिज्ञासा होगी है कि आखिर क्यों गुरु पूर्णिमा का चांद फ्लावर मून होगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बुधवार को बताया कि हिन्दू मान्यता में चंद्रमा जिस नक्षत्र में होता है, उस आधार पर किसी बच्चे का नामकरण किया जाता है। इसी तरह चंद्रमा का भी नामकरण होता है। बुद्ध पूर्णिमा के चंद्रमा को 'फ्लावर मून' का नाम दिया गया है। कुछ भागों में इसे प्लांटिंग मून और मिल्क मून भी कहा जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम लगभग 7 बजे के आसपास चंद्रमा फ्लावर मून की स्थिति में पूर्व दिशा में उदित होता दिखेगा और रातभर आकाश में रहकर सुबह सबेरे पश्चिम दिशा में अस्त होगा। सारिका ने बताया कि पश्चिमी देशों में मई में कई जंगली फूल खिलते हैं। संभवतः रंग-बिरंगे फूलों ने वहां के निवासियों को चंद्रमा के इस नामकरण के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि आकाश में विभिन्न ग्रह एवं पूर्णिमा का चंद्रमा एक आकाशीय घड़ी के रूप में कार्य करते हैं, जिनसे दिन, महीने, साल का अनुमान लगाया जाता रहा है।

**ममता सरकार को हाईकोर्ट से बड़ा झटका**

# 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाण-पत्र रद्द करने के आदेश

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कलकत्ता हाईकर्ट से बुधवार को एक और झटका लगा है। हाईकोर्ट ने तृणमूल सरकार द्वारा जारी राज्य के सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि फैसला सुनाए जाने के बाद रद्द किए गए प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किसी भी रोजगार प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट के इस आदेश के परिणामस्वरूप करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। हालांकि, साथ ही हाईकोर्ट ने कहा, इस प्रमाणपत्र के जिन उपयोगकर्ताओं को पहले ही मौका मिल चुका है, उन पर इस फैसले का असर नहीं होगा। हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को विशेष रूप से तृणमूल सरकार का उल्लेख नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए जाएंगे। संयोग से तृणमूल कांग्रेस 2011 से राज्य में सत्ता में आई है। नतीजतन, अदालत का आदेश केवल तृणमूल के समय में जारी ओबीसी प्रमाण पत्र पर प्रभावी होगा। कलकत्ता हाई कोर्ट का कहना है कि 2010 के बाद जितने भी ओबीसी सर्टिफिकेट बनाए गए हैं, वे कानून के मुताबिक ठीक से नहीं बनाए गए हैं। इसलिए उस प्रमाणपत्र को रद्द किया जाना चाहिए, लेकिन साथ ही हाईकोर्ट ने कहा है कि इस निर्देश का उन लोगों पर कोई असर नहीं होगा जो पहले ही इस सर्टिफिकेट के जरिए नौकरी पा चुके हैं या नौकरी पाने की प्रक्रिया में हैं। अन्य लोग अब उस प्रमाणपत्र का उपयोग रोजगार प्रक्रिया में नहीं कर सकेंगे।

### ममता बनर्जी ने जताई नाराजगी

इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आज भी मैंने एक न्यायधीश को एक आदेश पारित करते हुए सुना, जो काफी मशहूर रहे हैं। प्रधानमंत्री इस बारे में कह रहे हैं अल्पसंख्यक तपशिली आरक्षण छीन लेंगे, क्या ऐसा कभी हो सकता है? तपशीली या आदिवासी आरक्षण को अल्पसंख्यक कभी छू नहीं सकते, लेकिन ये शरारती लोग (भाजपा) अपना काम एजेंसियों के माध्यम से कराते हैं, किसी के माध्यम से इन्होंने आदेश कराया है लेकिन मैं यह राय नहीं मानूंगी। जिन्होंने आदेश दिया है वह इसे अपने पास रखें, भाजपा की राय हम नहीं मानेंगे। ओबीसी आरक्षण जारी है और हमेशा जारी रहेगा।

## केजरीवाल को धमकी भरा मैसेज लिखने वाला युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मेट्रो स्टेशन पर धमकी भरा संदेश लिखने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान अंकित गोयल (33) के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, "हमने इस घटना का सीसीटीवी फुटेज बरामद कर लिया है, जिसमें उसे मेट्रो स्टेशन की दीवार पर लिखते हुए देखा जा सकता है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जगह की पुष्टि की गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।" जानकारी के अनुसार मेट्रो स्टेशनों के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धमकी भरा संदेश लिखने की घटना में सोमवार को दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इस बीच आप ने आरोप लगाया कि तीन मेट्रो स्टेशनों - राजीव चौक, पटेल चौक और पटेल नगर में ऐसे संदेश लिखे पाए गए। आप ने इसके पीछे भाजपा का हाथ बताया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 5-6-8
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**वृषभ** — शुभांक 6-7-8
यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन** — शुभांक 2-6-9
शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कर्क** — शुभांक 6-7-9
मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह** — शुभांक 4-6-7
अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**कन्या** — शुभांक 4-6-8
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** — शुभांक 1-5-7
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**वृश्चिक** — शुभांक 5-6-8
अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**धनु** — शुभांक 2-6-8
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मकर** — शुभांक 5-6-9
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुम्भ** — शुभांक 3-8-9
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन** — शुभांक 3-5-6
भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**शोक समारोह**

## ईरानी राष्ट्रपति व विदेश मंत्री के अंतिम संस्कार समारोह में उमड़े लोग



**एजेंसी। तेहरान**

ईरान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और अन्य का अंतिम संस्कार समारोह शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। लोग अपने प्रिय नेता की आखिरी झलक पाने के लिए आतुर दिखे। राज्य मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी शहर ताब्रीज में अपने नेता को विदाई देने के लिए हजारों लोग उमड़ पड़े। ईरानी समाचार एजेंसियों द्वारा जारी वीडियो में आसमान में बादलों के नीचे लोगों की भीड़ जमा है और एक खुली गाड़ी मे फूलों से सजे ताबूत ले जाए जा रहे हैं। लोग राष्ट्रपति रईसी व अन्य मृतकों के ताबूत को स्पर्श करने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। धार्मिक गढ़ और तीर्थ शहर कोम के साथ-साथ राजधानी तेहरान में भी शोक समारोह की योजना बनाई गई है। रईसी को गुरुवार को उनके गृह नगर मशहद के शिया केंद्र में शिया इस्लाम के आठवें इमाम, इमाम रजा की दरगाह पर दफनाया जाएगा। रईसी व अमीर अब्दुल्लाहियन सात अन्य लोगों के साथ सोमवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए थे।

## न्यूज बॉक्स

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस्लामिक गणराज्य ईरान रवाना



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैय्यद इब्राहिम रईसी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए आधिकारिक समारोह में हिस्सा लेने के लिए आज नई दिल्ली से इस्लामिक गणराज्य ईरान के लिए रवाना हो गए। रईसी को गुरुवार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिल्ली में ईरानी दूतावास का दौरा किया। उन्होंने हेलिकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति रईसी और विदेशमंत्री अमीरबदोल्लाहियान की मौत पर भारत की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। जयशंकर ने कहा, भारत इस कठिन समय में ईरान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### बाड़मेर में अधिकतम पारा 48 डिग्री पार

**राजस्थान।** राजस्थान ने बुधवार को गर्मी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। धोरों की धरती बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 48 डिग्री पहुंच गया। इसके अलावा प्रदेश के पांच अन्य शहरों में दिन का पारा 47 डिग्री के पार रहा। राजस्थान में सूरज आग उगल रहा है। सड़कें भट्ठी की तरह तपने लगी हैं। भले ही मौसम विभाग का बुलेटिन तापमान 50 डिग्री के नीचे बता रहा है, लेकिन हीट सेंसर्स में तो पारा 50 डिग्री के पार जा चुका है।

### आय से अधिक संपत्ति के मामले में तेलंगाना में एसीपी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में एसीबी ने सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) टी.एस. उमा महेश्वर राव को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में की गई है। एसीबी की टीम ने मंगलवार देर रात तक हैदराबाद में उनके घर, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में 13 अन्य स्थानों पर छापेमारी के बाद, राव को गिरफ्तार किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने पीएफआई के आठ संदिग्धों की जमानत रद्द की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया जिसमें प्रतिबंधित पीएफआई के आठ संदिग्ध सदस्यों को जमानत दे दी गई थी। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने एनआईए की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि अपराधों की गंभीरता और जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को देखते हुए प्रथम दृष्टया जमानत देने के आदेश को बरकरार नहीं रखा जा सकता।

## इलाज के लिए भारत आए सांसद की हत्या



**एजेंसी। कोलकाता**

भारत में इलाज कराने के लिए आए बांग्लादेश के एक सांसद अनवरुल अजीम की कोलकाता में हत्या हो गई। बताया गया है कि वे 11 मई को इलाज कराने पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। इसके बाद वे अचानक ही गायब हो गए। उनकी आखिरी ज्ञात लोकेशन कोलकाता के राजरहाट में स्थित संजीवा गार्डन्स थी। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने के बाद गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हालांकि, बुधवार को बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुजमां खान ने एलान किया कि अजीम की हत्या हुई है। इस मामले में बांग्लादेश पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि आवामी लीग के सांसद अजमी अंसार, जो कि भारत में लापता हो गए थे, उनकी कोलकाता में एक फ्लैट में हत्या हो गई। अब तक यह सामने आया है कि उनके हत्यारे बांग्लादेशी हैं। उन्होंने साजिश रचकर सांसद की जान ली।

मंत्री ने बताया कि बांग्लादेश पुलिस ने 56 वर्षीय सांसद की हत्या के मामले में तीन को गिरफ्तार किया है। जब उनसे शव को लेकर सवाल किया गया, तो मंत्री ने कहा कि उन्हें अभी इसकी जानकारी मिलनी बाकी है। असदुजमां ने कहा कि वे जल्द ही इस मामले में हत्या की वजहों का खुलासा करेंगे। इस मामले में भारत की पुलिस भी जानकारी जुटा रही है।

गौरतलब है कि अनवरुल अजीम आवामी लीग पार्टी से तीन बार के सांसद रहे हैं और कालीगंज उपजिला इकाई के अध्यक्ष भी हैं। बताया गया है कि वे जिस झेनाइदा संसदीय क्षेत्र से चुने जाते थे, वहां अपराध के आंकड़े काफी ज्यादा थे।

### शेख हसीना ने लिया घटना का संज्ञान



अजीम 12 मई को इलाज के लिए भारत आए थे। 18 मई को उनके लापता होने से जुड़ी एक रिपोर्ट कोलकाता के बड़नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई थी। इस घटना पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आश्चर्य और शोक प्रकट किया है।

## स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रही हूं, इंसाफ मिलने तक लड़ती रहूंगी : स्वाति



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया है कि आप अब उनकी व्यक्तिगत छवि धूमिल करने के लिए बड़े स्तर पर लगी हुई है लेकिन वे स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रही हैं और इंसाफ मिलने तक लड़ती रहेंगी। सीएम आवास में मारपीट और बदसलूकी के मामले में स्वाति पर लगातार आप निशाना साध रही है। स्वाति लगातार सोशल मीडिया पर इन आरोपों का खंडन कर रही हैं। आज भी उन्होंने बताया कि पार्टी के एक बड़े नेता ने उन्हें फोन कर बताया है कि कैसे उनके खिलाफ पार्टी नेताओं को फोटो लीक करने, पीसी करने, ट्वीट करने और फर्जी स्टिंग ऑपरेशन करने को कहा जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, तुम हजारों की फौज खड़ी कर दो, अकेले सामना करुंगी क्योंकि सच मेरे साथ है।

**अनूठी परंपरा**

**शीतकाल में बद्रीनाथ धाम का कपाट छह माह तक बंद रहता है**

# यात्रा काल में भी रोज खोले और बंद किए जाते हैं कपाट





**एजेंसी। देहरादून/बद्रीनाथ**

बद्रीनाथ धाम हिंदुओं के चार प्रमुख धामों में से एक है। यह पवित्र स्थल भगवान विष्णु के चतुर्थ अवतार नर एवं नारायण की तपोभूमि है। इस साल 12 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। जहां हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान बद्री विशाल के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। बहुत कम लोगों को पता है कि रोज बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले और बंद किए जाते हैं। ये बात हम सबको पता है कि शीतकाल में बद्रीनाथ धाम के कपाट छह माह तक बंद रहते हैं। लेकिन, यात्रा सीजन में भी बद्रीनाथ धाम के कपाट रोज खोले और बंद किए जाते हैं। रात में जब कपाट बंद किए जाते हैं। तो, उस पर एक नहीं तीन ताले लगाए जाते हैं। दूसरे दिन तड़के ताले खोल दिए जाते हैं। ताले यूं ही खोले और बंद नहीं किए जाते। इसमें मुहूर्त और धार्मिक परंपराओं का निर्वहन पूरे विधि-विधान के साथ किया जाता है। इस प्रक्रिया में हक-हकूक धारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। कपाट बंद करते समय मंदिर पर तीन ताले लगाए जाते हैं। इनमें से एक ताला मंदिर समिति (बीकेटीसी) का जबकि एक-एक ताला हक हकूकधारी मेहता थोक व भंडारी थोक का होता है। मंदिर के धर्माधिकारी और वेदपाठी जिन चाबियों से द्वार के ताले खोलते हैं। उनमें पहला ताला टिहरी महाराजा के प्रतिनिधि के रूप में राजगुरु नौटियाल के द्वारा खोला जाता है। उसके बाद मंदिर के हक-हकूकधारी के प्रतिनिधियों द्वारा ताले खोले जाते हैं।

### डिमरी पुजारी भितला बड़वा को सौंपी जाती है चाबी

गर्भ गृह के द्वार पर लगे ताले की चाबी मंदिर प्रबंधन द्वारा डिमरी पुजारी भितला बड़वा को सौंपी जाती है और गर्भगृह का ताला भितला बड़वा द्वारा खोला जाता है। इस तरह गर्भगृह द्वार खुलते ही विधिवत तौर पर भगवान के कपाट छह माह के यात्रा काल के लिए खुल जाते हैं। कपाट खुलते ही वहां उपस्थित श्रद्धालु भगवान बदरी विशाल की अखंड ज्योति के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं।





## न्यूज बॉक्स

### गेंदबाजों के बाद कोरी और हरमीत की तूफानी बल्लेबाजी, अमेरिका ने टी20 मैच में बंगलादेश को हराया



**स्टन।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कोरी एंडरसन (34) और हरमीत सिंह (33) की नाबाद तूफानी बल्लेबाजी के दम पर अमेरिका ने टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। टी-20 विश्वकप से पहले अमेरिकी टीम को मंगलवार देर रात तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में ऐतिहासिक जीत मिली है। अमेरिका की जीत के हीरो हरमीत सिंह ने 13 गेंदों पर 33 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ही कप्तान मोनंक पटेल (12) का विकेट रनआउट के रूप में गवां दिया। उसके बाद नौवें ओवर में ऐंड्रियस गौस 18 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में स्टीवन टेलर (20) रन बना कर आउट हुए। ऐरन जोंस (4) और नीतिश कुमार (10) रन बनाकर आउट हुए। 94के स्कोर पर पांच विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी अमेरिका की टीम को कोरी एंडरसन और हरमीत सिंह ने संभाला। एंडरसन ने 25 गेंदों में नाबाद (34) और हरमती ने 13 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (33) रनों की पारी खेली।

### बीमार मां को अस्पताल में छोड़ना कठिन था लेकिन केकेआर भी परिवार है : गुरबाज

**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने बताया कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल प्लेऑफ में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने के लिए वह अपनी बीमार मां को अस्पताल में छोड़कर आए थे क्योंकि इस टीम को भी वह अपना परिवार मानते हैं। इस सत्र में पहला मैच खेलने वाले गुरबाज ने दो मैच लेने के अलावा 14 गेंद में 23 रन बनाकर केकेआर की जीत में अहम भूमिका निभाई। वह इंग्लैंड के फिल साल्ट की जगह टीम में आए थे। केकेआर ने सनराइजर्स को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। गुरबाज ने मैच के बाद कहा, ह्यएक क्रिकेटर को हमेशा पता होना चाहिए कि उसे क्या करना है। लीग क्रिकेट में बहुत कम क्रिकेटर ही खेल पाते हैं। मौका मिलने पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। मौका नहीं मिलने पर भी हमेशा तैयार रहना चाहिए।' उन्होंने कहा, ह्यमेरी मां अभी भी बीमार है। मैं वहां गया और मुझे यहां से फोन आया कि फिल साल्ट जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरबाज हमें तुम्हारी जरूरत है। मैने कहा कि ठीक है, मैं आ रहा हूं। मेरी मां अस्पताल में है और मैं उनसे लगातार बात कर रहा हूं लेकिन यह भी मेरा परिवार है। मुझे दोनों में संतुलन बनाना है।

### स्पेन की स्टार फुटबॉलर एलेक्सिया पुटेलस ने बार्सिलोना के साथ नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

**मैड्रिड।** स्टार स्पेनिश महिला फुटबॉलर एलेक्सिया पुटेलस ने जून 2026 तक एफ सी बार्सिलोना के साथ एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें एक और वर्ष के लिए विस्तार का विकल्प भी शामिल है। क्लब ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। बार्सिलोना के लिए 424 मैचों में 189 गोल करने और स्पेन की राष्ट्रीय महिला टीम के लिए 114 मैचों में 30 गोल करने के बाद 30 वर्षीय पुटेलस को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलरों में से एक माना जाता है। उनके प्रदर्शन को वैश्विक स्तर पर तब पहचान मिली जब उन्हें 2021 और 2022 में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में बैलन डी'ओर से सम्मानित किया गया। घुटने की चोट के कारण 2023 में पुटेलस की उपस्थिति सीमित हो गई और उन्होंने महिला विश्व कप में स्पेन की जीत में केवल एक छोटी भूमिका निभाई, और लीगा एफ में केवल आठ मैच खेले। पिछले शनिवार को कोपा डे ला रीना के फाइनल में जब बार्सिलोना ने रियल सोसिदाद को 8-0 से हराया, तो वह एक विकल्प के रूप में दिखाई दीं, उस जीत के साथ ही उन्होंने अब अपने क्लब के साथ 29 ट्रॉफियां जीत ली हैं।

# भारतीय लड़कियों ने यूरोप दौरे का किया विजयी आगाज



**एजेंसी। ब्रेडा (नीदरलैंड)**

हिना बानो और कनिका सिवाज के तेज तररक गोल की बदौलत भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नीदरलैंड के ब्रेडा में नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज करने के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरूआत की।

दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर के जरिए मौके मिलने के बावजूद पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। इसी तरह, भारत दूसरे क्वार्टर में भी अपने तीन पेनल्टी कॉर्नर में से किसी को भी गोल में बदलने में असमर्थ रहा। आखिरकार तीसरे क्वार्टर में गतिरोध टूटा, जब भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर पर हिना बानो ने गोल किया जिससे स्कोर 1-0 हो गया। ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश ने आक्रामक रूप से बराबरी का प्रयास किया, लेकिन तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद मेजबान टीम किसी को भी गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

चौथे और अंतिम क्वार्टर में कनिका सिवाच ने नेट पर गोल करके भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। भारतीय रक्षात्मक इकाई ने मैच के अंतिम कुछ मिनटों में अपनी क्लीन शीट बनाए रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया और जीत सुनिश्चित की। भारतीय जूनियर महिला टीम अपना अगला मैच 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

### तेलंगाना के मजदूर की बेटी दीप्ति जीवनजी ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

# पैरा एथलेटिक्स में हासिल किया पहला मुकाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**




एक प्रेरणादायक उपलब्धि में, तेलंगाना के वारंगल के दिहाड़ी मजदूरों की बेटी दीप्ति जीवनजी ने जापान में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 वर्ग दौड़ में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने 2023 में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की ब्रेन्ना क्लार्क द्वारा बनाए गए 55.12 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 20 वर्षीया की उपलब्धि असाधारण है, क्योंकि एक वंचित परिवार से आते हुए, उसने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए सभी बाधाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी। अभी कुछ साल पहले, जीवनजी प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद जाने के लिए बस का टिकट भी नहीं खरीद सकते थे। दीप्ति जीवनजी ने दौड़ की मजबूत शुरूआत की और पहले 200 मीटर में आगे रहीं। हालांकि क्लार्क अंत तक पहुंच गए, लेकिन दीप्ति ने आखिरी पांच मीटर में जीत हासिल करने के लिए अंतिम धक्का लगाया। तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे और इक्वाडोर की लिजानशेला एंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 वर्गीकरण बौद्धिक रूप से अक्षम एथलीटों के लिए है। दीप्ति की एथलेटिक यात्रा को कोच पुलेला गोपीचंद द्वारा संचालित एक एथलेटिक्स प्रतिभा खोज कार्यक्रम, गोपीचंद-माइत्रा फाउंडेशन द्वारा भी समर्थन दिया गया था। पिछले कुछ सालों में उन्होंने कई राष्ट्रीय स्तर के पदक जीते हैं।

## मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंची पीवी सिंधु

**एजेंसी। कुआलालंपुर**



ब्रेक से वापसी करते हुए, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने बुधवार को महिला एकल के पहले दौर में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर पर सीधे गेम में जीत दर्ज की। दुनिया की 15वें नंबर की सिंधु, जिन्होंने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था, ने 46 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मैच में 22वें स्थान पर मौजूद गिल्मर पर 21-17, 21-16 से जीत दर्ज की। सिंधु की राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की पदक विजेता गिल्मर पर यह तीसरी जीत थी। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय, जिन्होंने आखिरी बार 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीता था, उनका अगला मुकाबला कोरिया के सिम यू जिन से होगा।

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु को इस साल की शुरूआत में घुटने की चोट से वापसी के बाद से लगातार कई हार का सामना करना पड़ा है। वह पेरिस ओलंपिक से पहले अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए यहां अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही हैं।

मिश्रित युगल में, दुनिया के 53वें नंबर के बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी भी हांगकांग के क्वालीफायर लुई चुन वाई और फू ची यान को 47 मिनट में 21-15 12-21 21-17 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गए।

सुमित- सिक्की की जोड़ी का अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जी और तोह ई वेई से सामना होगा।

### पाकिस्तान के युवा विकेटकीपर आजम खान ने खड़ा किया विवाद, डॉलर के नोट से पोंछा पसीना

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज आजम खान विवाद में फंस गए जब सोशल मीडिया मंचों पर उन्हें अमेरिकी डॉलर से भौंहों से पसीना साफ करते हुए देखा गया। इस वीडियो में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और कुछ अन्य खिलाड़ी भी दिख रहे हैं। पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसक देश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए आजम और अन्य खिलाड़ियों की उनकी असंवेदनशीलता के लिए आलोचना कर रहे हैं। वीडियो में बाबर हंसते हुए आजम से पूछते हैं, ह्यक्या हुआ अब्बा?' आजम इसका जवाब देते हुए कहते हैं, ह्यबहुत गर्मी है।' इस दौरान आजम अपने हाथ में पकड़े डॉलर के नोट से पसीना भी साफ करते हैं जिससे टीम के उनके साथ हंसने लगते हैं। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, ह्यपाकिस्तान के खेल इतिहास में कुछ लोगों को छोड़कर, किसी के पास किसी भी तरह का करिश्मा और प्रभाव नहीं है, एक युवा बच्चे के लिए आकांक्षा करने के लिए कुछ भी नहीं है। मौजूदा लोग बस निराशाजनक हैं।' एक अन्य यूजर ने शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, ह्यइसलिए हम हमेशा कहते रहते हैं कि बुनियादी शिक्षा जरूरी है।

# रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची जिला खो-खो एसोसिएशन की ओर से आयोजित 15 दिवसीय बालक -बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बुधवार को बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय, सेक्टर-2, धुर्वा में किया गया। शिविर के पहले दिन रांची जिले के सभी कोटि के विधालय/महाविद्यालय/क्लब/ग्रामीण क्षेत्रों से साठ खिलाड़ी ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर सभी आयु वर्गों में बीस-बीस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला टीम की घोषणा की जाएगी। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार,वेद प्रकाश तिवारी, निखिल कुमार के देखरेख में सुबह साढ़े पांच बजे से सुबह आठ बजे तक स्कूल प्रांगण में चलेगा। प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि एसआई गुंजन कुमार ठाकुर, सरिता कुमारी, श्रीकांत महतो, सुभाष गांगुली एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### सचिन सर्जेराव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स में एशियाई रिकॉर्ड के साथ बरकरार रखा स्वर्ण पदक

**कोबे (जापान)।** भारत के सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने विव पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरूषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और भारत ने टूर्नामेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिखाया है। भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे। सचिन ने 10.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बनाया था।

### युवराज ने हार्दिक का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने संघर्षरत ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में शुरू होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप में टीम इंडिया के लिए कुछ खास करने का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में मेन इन ब्लू के लिए उनकी फिटनेस और गेंदबाजी महत्वपूर्ण होगी। भारत ने पहले ही टी20आई क्रिकेट के शोपीस इवेंट के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई में 15 सदस्यीय दल और चार यात्रा रिजर्व की घोषणा कर दी है। भारत अगले महीने टी20 विश्व कप की महिमा के लिए अपना अभियान शुरू करेगा।

### टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की सफलता की कुंजी होंगे बाबर आजम

**इस्लामाबाद।** जांचे और परखे बाबर आजम की टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान के कप्तान के रूप में वापसी पिछले 18 महीने में पाकिस्तान क्रिकेट में आए भारी बदलावों की अगली कड़ी है नवंबर 2022 में इंग्लैंड से टी20 विश्व कप फाइनल में बाबर की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम की हार के बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में चार अध्यक्ष बदले, चयन समिति बदली गई और शाहीन शाह अफरीदी को कप्तान बनाने का प्रयोग सफल नहीं रहा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# गोदरेज इंटेरियो ने लांच किए दो नए स्टोर

### राजस्थान में 116 स्टोर्स के साथ विस्तार करने की दिशा में तेजी से प्रयास



**एजेंसी। जयपुर**

। घरेलू और ऑफिस फर्नीचर के कारोबार में जुटी गोदरेज एंड बॉयस की अग्रणी कंपनी गोदरेज इंटेरियो ने जयपुर में अपने दो नए फ्रेंचाइजी स्टोर लॉन्च किए हैं। इनमें 7000 वर्ग फुट का एक स्टोर महल रोड पर और दूसरा राजा पार्क में 2,700 वर्ग फुट में लॉन्च किया गया है। इन दो नए स्टोर के साथ कंपनी ने देश के उत्तरी क्षेत्र के रिटेल बाजारों में अपनी मौजूदगी को अधिक मजबूत किया है। गोदरेज इंटेरियो स्टोर में स्टाइलिश घरेलू फर्नीचर की एक विस्तृत रेंज मिलती है। यहां फर्नीचर की ऐसी रेंज है, जो जयपुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी अपने में समाहित करती है। इस तरह कंपनी जयपुर के बढ़ते आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों की मांगों को पूरा कर रही है। खर्च करने की लोगों की क्षमता, स्मार्ट टेक्नोलॉजी को अपनाने के प्रति रुझान और पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता के साथ जयपुर ने एक तेजी से उभरते आवासीय विकास केंद्र के रूप में अपनी खास पहचान बनाई है। माना जा रहा है कि यहां के लोग स्मार्ट टेक्नोलॉजी के साथ-साथ सस्टेनेबिलिटी को भी अपने जीवन में प्राथमिकता देते हैं। गोदरेज इंटेरियो ने अपने स्टोर में ऐसे ही प्रोडक्ट्स को बखूबी पेश किया है। नए स्टोर की लॉन्चिंग का जश्न मनाने के लिए गोदरेज इंटेरियो ने हर खरीदारी पर एक आश्चर्यजनक उपहार की पेशकश की है। साथ ही ब्रांड की समर वाइब सेल में उपभोक्ताओं को होम फर्नीचर पर 35 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

जयपुर में दो नए स्टोर की लॉन्चिंग के अवसर पर गोदरेज इंटेरियो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (बी2सी) डॉ. देव नारायण सरकार ने कहा कि गोदरेज इंटेरियो में हम अपने ग्राहकों को केंद्र में रखते हुए नए फ्रेंचाइजी स्टोर को लॉन्च करते हैं और हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं की मांग और उनकी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करना है। महल रोड पर हमारा नया आउटलेट, राजस्थान में सबसे बड़ा गोदरेज इंटेरियो स्टोर है। हम अपने स्टोर में ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करते हैं और उन्हें व्यक्तिगत सहायता भी उपलब्ध कराते हैं, ताकि वे विभिन्न शैलियों और डिजाइनों का आसानी से पता लगा सकें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की फर्नीचर संबंधी तमाम आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, गोदरेज इंटेरियो अपने ग्राहकों के लिए लिविंग रूम, डाइनिंग रूम, बेडरूम, गद्दे और होम स्टोरेज प्रोडक्ट पेश करता है। हमने आधुनिक भारतीय घरों की जरूरतों के अनुरूप ऑप्टिमाइजेशन की संभावनाओं के साथ मॉड्यूलर फर्नीचर की उल्लेखनीय मांग दर्ज की है।

# टोयोटा की ग्लैंजा हैचबैक हाईक्रॉस और हाईराइडर पर भारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की टॉप 10 कारों में टोयोटा ने मजबूती से अपनी पोजिशन बरकरार रखी है। हालांकि, इसके अलग-अलग मॉडल की बिक्री में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। बीते महीने, यानी अप्रैल 2024 की टोयोटा सेल्स रिपोर्ट देखें तो प्रीमियम हैचबैक ग्लैंजा ने इनोवा हाईक्रॉस और क्रिस्टा के साथ ही हाईराइडर और फॉर्च्यूनर समेत सभी कारों को पीछे छोड़ दिया। टोयोटा कारों की बिक्री में बीते अप्रैल में सालाना रूप से 31 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। चलिए, आज आपको टोयोटा की सभी कारों की बीते महीने की सेल्स रिपोर्ट बताते हैं।

**सबसे ज्यादा बिकी टोयोटा ग्लैंजा**

**टोयोटा ग्लैंजा**

बीते अप्रैल में टोयोटा की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार ग्लैंजा रहा, जिसे 4380 ग्राहकों ने खरीदा। ग्लैंजा की बिक्री में सालाना रूप से करीब 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

**टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस**

टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस को पिछले महीने 4276 ग्राहकों ने खरीदा और इस एमपीवी की बिक्री में सालाना रूप से 104 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

**टोयोटा अर्बन क्रूजर हाईराइडर**

अर्बन क्रूजर हाईराइडर बीते अप्रैल में टोयोटा की तीसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही और इसे 3252 ग्राहकों ने खरीदा।

**टोयोटा इनोवा क्रिस्टा**

टोयोटा इनोवा क्रिस्टा पिछले महीने कंपनी की चौथी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही और इसे 2827 ग्राहकों ने खरीदा।

**टोयोटा फॉर्च्यूनर**

टोयोटा फॉर्च्यूनर की बीते अप्रैल में 2325 यूनिट बिकी। इस फुलसाइज एसयूवी की बिक्री में बीते महीने सालाना और मंथली रूप से गिरावट देखने को मिली है।

**टोयोटा रूमियन**

टोयोटा रूमियन एमपीवी को बीते महीने 1192 ग्राहकों ने खरीदा। रूमियन की बिक्री में मंथली रूप से अच्छी-खासी बढ़ोतरी हुई है।

# सेल केएमटीआई में दो दिवसीय एचआर कॉन्क्लेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड 23 और 24 मई 2024 को रांची में अपना पहला एचआर कॉन्क्लेव आयोजित कर रहा है, जिसमें सभी सेल संयंत्रों और इकाइयों के 100 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता सेल के केके सिंह, निदेशक (कार्मिक) करेंगे और इसमें संयंत्रों और इकाइयों के कार्यपालक निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। अमरेंदु प्रकाश, अध्यक्ष, सेल नई दिल्ली से वर्चुअल मोड में सभा को संबोधित करेंगे।

दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध); सेल के निदेशक (कार्मिक), एचपीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), पॉवर फाइनेंस कारपोरेशन के ईडी और मानव संसाधन प्रमुख, द्वारा पैनल चर्चा शामिल है। प्रसिद्ध मानव संसाधन विचारक श्री प्रबीर झा और प्रोफेसर चारू मल्होत्रा, आईआईपीए द्वारा फायरसाइड चैट एवं अन्य उद्योग विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुति होगी।

टाटा स्टील, सोसाइटी फॉर मन रिसोर्स मैनेजमेंट के प्रतिनिधि एवं दिग्गज बिजनेस कंसल्टिंग फर्मों जैसे बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और डेलॉइट के वरिष्ठ भागीदार भी इस आयोजन में योगदान देंगे और नवीनतम एचआर रुझानों और सर्वोत्तम एचआर प्रथाओं को साझा करेंगे। कॉन्क्लेव के दूसरे दिन मानव संसाधन की एक अनूठी प्रतियोगिता का फाइनल राउंड होगा जिसमे पांच एकीकृत इस्पात संयंत्रों और सेल की मार्केटिंग विंग सीएमओ की 8 फाइनलिस्ट टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिता के परिणाम उसी दिन घोषित किये जायेंगे। प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहने वाली एचआर टीमों को वर्ष 2024 के लिए क्रमशः सर्वश्रेष्ठ एचआर टीम ट्रॉफी और प्रथम रनर अप ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

# केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देगा आरबीआई

**एजेंसी। मंबई**






रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दे दी है। रिजर्व बैंक ने वर्ष 2022-23 में सरकार को 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। यह राशि एक साल पहले की तुलना में दोगुना से भी ज्यादा है।

रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में लाभांश भुगतान का निर्णय लिया गया। आरबीआई ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया है कि रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी है।

केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था में मजबूती और जुझारूपन बने रहने से आरबीआई निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरबी को बढ़ाकर 6.50 फीसदी करने का फैसला किया है। आरबीआई ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि में पुनरुद्धार होने पर आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) को बढ़ाकर 6 फीसदी किया था।

आरबीआई की निदेशक मंडल बैठक में डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल देबब्रत पात्रा, एम राजेश्वर राव, टी रबी शंकर, स्वामीनाथन जे और केंद्रीय बोर्ड के अन्य डायरेक्टर सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, आनंद गोपाल महिंद्रा, वेणु श्रीनिवासन, पंकज रमनभाई पटेल और डॉ. रवींद्र एच ढोलकिया ने भाग लिया। इसके अलावा बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ और वित्तीय सेवा विभाग के सचिव डॉ. विवेक जोशी भी शामिल थे।

### एनटीपीसी ने एटीडी बेस्ट अवार्ड 2024 में तीसरा स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी लिमिटेड) को प्रतिभा विकास के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है। कंपनी ने एटीडी बेस्ट अवाड्‌र्स 2024 में तीसरी रैंक हासिल किया है। एनटीपीसी यह उपलब्धि हासिल करने के साथ पिछले आठ साल में सात बार पुरस्कार प्राप्त करने वाला एकमात्र सार्वजनिक उपक्रम बन गया है। विद्युत मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि एनटीपीसी ने एटीडी बेस्ट अवाड्‌र्स 2024 में विश्व स्तर पर तीसरी रैंक हासिल की है। ये सभी भारतीय कंपनियों के बीच सर्वोच्च रैंकिंग है। एनटीपीसी सार्वजनिक क्षेत्र का एकमात्र उपक्रम है, जिसे पिछले 8 साल में सात बार यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है। यूएसए में आयोजित एक समारोह में एनटीपीसी की सीजीएम रचना सिंह भाल ने यह पुरस्कार स्वीकार किया।




# जिसके सीने में आग और आंखों में सपने हैं, वहीं युवा : शिवराज सिंह



*शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश के कुछ नेता पाकिस्तान के पास परमाणु बम से डरते हैं। लेकिन हमारे पास तो 56 इंच के सीने वाले पीएम हैं।*

**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**

मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और मामा के नाम से हर वर्ग में लोकप्रिय शिवराज सिंह चौहान ने रांची के मोराहबादी में युवा संवाद में शामिल हुए, जहां युवाओं को संबोधित किया। शिवराज ने सबसे पहले अपने को मुख्य अतिति कहे जाने पर कहा कि मैं तो आप सबका मामा हूं और आप सभी मेरे भांजे, पिर कैसी अतिथि सत्कार । पूर्व सीएम शिवराज ने कहा कि उम्र से कोई युवा नहीं होता, उसकी सोच, नीति और काम युवा बनाती है, शिवराज ने कहा कि जिसके आंखों में सपने हैं, जिसके सीने में आग है वहीं युवा है। उन्होंने देश के महान क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लेते कहा कि ये सभी युवा थे, ठीक उसी तरह इस समय हमारे देश के पीएम मोदी भी युवा हैं। पूर्व सीएम शिवराज ने कहा कि देश के विभाजन के लिए पं. जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेवार मानते हुए कहा कि सिर्फ सत्ता के लिए देश का विभाजन किया गया। इसका पाप कांग्रेस के सिर पर है। उन्होंने कहा कि तीन दिन और युद्ध चलता तो पाक अधिकृत कश्मीर भी आज हमारे देश में होता, लेकिन जवाहर लाल नेहरू ने अचानक एकतरफा युद्ध विराम घोषित कर दिया, जिसके कारण कश्मीर का एक हिस्सा पाक के अधीन चला गया। एमपी के पूर्व सीएम ने कहा कि लोग कहते थे कि कश्मीर से धारा 370 नहीं हट सकता, लेकिन मोदी जी ने बहुमत मिलते ही एक झटके में धारा 370 हटा दिया, जो लोग कहते थे कि खून की नदियां बहेगी, वहां एक पत्ता भी नहीं हिला। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश के कुछ नेता पाकिस्तान के पास परमाणु बम से डरते हैं। लेकिन हमारे पास तो 56 इंच के सीने वाले पीएम हैं।

# झारखंडी युवाओं के साथ सरकार ने विश्वास घात किया है : तेजस्वी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या बुधवार को रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में आयोजित बाइक रैली में शामिल हुए। रांची महानगर युवा मोर्चा की इस रैली में उन्होंने लोगों से संजय सेठ के पक्ष में वोट मांगा। इससे पहले तेजस्वी सूर्या ने रांची पहुंचने पर सर्वप्रथम बिरसा चौक पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर बाइक रैली में पार्टी के युवाओं में जोश भरा। रैली को संबोधित करते हुए सूर्या ने कहा कि देश अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेगा। युवा शक्ति विकसित भारत की मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार युवा विरोधी सरकार है। सरकार ने यहां के युवाओं के साथ विश्वास घात किया है। सरकार ने वादा किया था कि हर साल पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। जब तक नौकरी नहीं देंगे तब तक 7000 प्रत्येक महीना बेरोजगारी भत्ता देंगे। सूर्या ने कहा कि यहां भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो जा रहे हैं। 25 लाख में परीक्षा के पूर्व पेपर बेचे जा रहे हैं। चाहे स्टार्टअप हो या अन्य किसी भी प्रकार के यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर झारखंड की सरकार नहीं दे सकी। और तो और भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो जा रहे हैं 25 लाख में परीक्षा के पूर्व पेपर बेचे जा रहे हैं ।चाहे स्टार्टअप हो या अन्य किसी भी प्रकार के यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर झारखंड की सरकार नहीं दे पाई। यहां की कानून व्यवस्था चौपट है। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। मंत्री से लेकर अधिकारियों के करीबियों के यहां से नोटों के बंडल निकल रहे हैं। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। झारखंड भ्रष्टाचार के कारण शर्मसार हुआ है। रांची महानगर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रोमित नारायण के नेतृत्व में विशाल बाइक रैली निकाली गई, जिसमें रांची के सांसद संजय सेठ, भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष शशांक राज ,पूर्व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनय जायसवाल, के के गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।



गोड्डा में इंडी गठबंधन की रैली के दौरान प्रियंका गांधी के साथ कल्पना सोरेन की मोहक तस्वीर।



धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बुधवार को पति जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की अगुवाई में बोकारो में बाइक रैली में शामिल हुईं। रैली बालीडीह से शुरू हुई, जो बोकारो स्टील सिटी के विभिन्न क्षेत्रों से होकर चास तक गई।



जमशेदपुर की रैली के बाद झामुमो की कल्पना सोरेन ने कार्यकर्ताओं के साथ तीर-धनुष से साधा निशाना।

## उम्मीदवार के इंस्पेक्टर भाई के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**रांची।** गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव के खिलाफ भाजपा चुनाव आयोग पहुंची। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि दुमका जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जोकेला गांव में नीलकंठ यादव नामक व्यक्ति की हत्या हो गयी थी और तब प्रदीप यादव के भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव उस गांव में नीलकंठ यादव के घर पहुंच गए और बताया कि वे ही इस हत्याकांड की जांच कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि दिलीप यादव किसके कहने पर नीलकंठ यादव के घर गए थे। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि 2005 से ही येन केन प्रकारेण दिलीप यादव का हमेशा चुनाव के समय गोड्डा तबादला कर दिया जाता है।

# हेमंत सोरेन को रिहा कराने के लिए दिल्ली में इंडी गठबंधन की सरकार जरूरी : कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो की स्टार प्रचारक और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना बुधवार को जमशेदपुर के बोड़ाम में इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी समीर महंती के लिए जनसभा को संबोधित किया। कल्पना ने कहा कि भारी बारिश में भी लोगों की मौजूदगी यह बताने के लिए काफी है कि तानाशाही ताकतों के ध्वस्त किले का सिर्फ थोड़ा अंश बचा हुआ है जिसका झारखण्ड की जनता अगले दो चरणों में सफाया भी कर देगी। जमशेदपुर लोकसभा वासियों ने बीजेपी के सांसद को भी देखा है जो कभी अपने क्षेत्र में दिखते ही नहीं थे। इंडी गठबंधन आपको ऐसा प्रत्याशी दे रहा है जो हमेशा जमशेदपुर लोकसभा वासियों के हक-अधिकार के लिए काम करेगा। यह चुनाव जनता लड़ रही है बीजेपी की तानाशाही के खिलाफ



आपके चहेते हेमन्त जी को जेल से रिहा करने के लिए जरूरी है कि आप इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को जिताये। दिल्ली में इंडी गठबंधन की सरकार बनते ही बीजेपी की साजिश के तहत जेल में बंद हेमन्त जी भी अपने राज्यवासियों के बीच आ जायेंगे। कल्पना सोरेन ने लोगों से आग्रह करते कहा कि अपने हक-अधिकारों की आवाज के लिए झामुमो से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती जी को 25 मई के दिन 3 नम्बर पर तीर-धनुष का बटन दबाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनाने का करें।

## युवा सपनों का सौदा नहीं होने देंगे : सुदेश महतो

**रांची।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत फुसरो और कतरास में पदयात्रा की। जिसमें पार्टी कई पदाधिकारी समेत हजारों की संख्या में क्षेत्र की जनता शामिल हुई। आजसू नेता ने कहा कि राज्य में युवा वर्ग के सपने कुचले गये हैं। युवा सपनों का सौदा नहीं होने देंगे। झारखंड का सौदा करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। ध्वस्त कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार ही इस सरकार की पहचान है। इन्होंने झारखंड की अस्मिता और छवि को धूमिल किया है। यह सरकार स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि आज इस पदयात्रा में लोगों का जो अपार जनसमर्थन मिला है वो गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से हमारे प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के अभूतपूर्व जीत की गवाही दे रहा है। गिरिडीह की जनता का यह प्यार, स्नेह और आशीर्वाद हमारी ताकत है।

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉ निशिकांत दुबे के समर्थन में किया रोड शो



**गोड्डा।** जिले के महागामा अनुमंडल मुख्यालय में बुधवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गोड्डा लोकसभा के निवर्तमान सांसद सह भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे के समर्थन में रोड शो किया। शिवराज ने कहा कि मुझे गर्व हो रहा है कि आज मैं अपने मित्र निशिकांत दुबे के प्रचार में आया हूं और इस बार आप सभी के आशीर्वाद से दिल्ली में सरकार में मंत्री होंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गोड्डा संसदीय क्षेत्र में रेल, एम्स, नैनो यूरिया का प्लांट, सीमेंट कारखाना, पावर प्लांट और गंगा जी से पीने का पानी लाना कोई खेल नहीं है। क्षेत्र के विकास के लिए दिल में एक तड़प होती है दिन-रात मेहनत करके क्षेत्र के वह के लिए विकास का सपना निशिकांत दुबे ने सच किया है।चौहान ने कहा कि कांग्रेस में कोई दम बचा है क्या, क्या कांग्रेस, झामुमो, आरजेडी जैसी पार्टियां फुके हुए कारतूस हैं। हम किसी भी उम्मीदवार को तीन चीज देखकर वोट देते हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन से प्रधानमंत्री का कोई उम्मीदवार नहीं है। झारखंड को लूटने वाले गठबंधन के बड़े नेता ही हैं। अभी कुछ दिन पहले ही यहां के मंत्री आलमगीर आलम के यहां से नोटों का पहाड़ निकला है। अभी तो 35 करोड़ पकड़ा गया है अभी और पकड़ना बाकी है और उनके सरगना अभी जेल में है। पूर्व मुख्यमंत्री ने हेमंत सोरेन गठबंधन की सरकार ने क्या-क्या नहीं लूटा, कोयला घोटाला, बालू घोटाला, जमीन घोटाला, गिट्टी घोटाला यहां तक पहाड़ को खोद कर खा गए। यह घोटाला का पैसा आम जनता का है यह लूटा हुआ पैसा आम जनता तक कैसे आएगा प्रधानमंत्री इसके लिए कानूनी सलाह ले रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि निशिकांत दुबे को अपना मत देकर जीत का रिकॉर्ड बनाएं। नौ लाख के पार रिकॉर्ड की जीत दिलाए।

# इंडी गठबंधन ने कोड वर्ड के माध्यम से झारखंड को बेचा : अरुण उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव ने भ्रष्टाचार को लेकर इंडी एलाइंस पर कड़ा प्रहार किया। डॉ उरांव ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर इंडी एलाइंस ने नया कोड वर्ड दिया। कोड वर्ड के हिसाब से पैसे लिए जाते थे। रेट के हिसाब से फाइल, फोल्डर और बॉस नाम दिए गए थे। इसका उपयोग पैसे की उगाही के लिए किए गए। भाजपा प्रवक्ता हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में बुधवार को संवाददाताओं को संबोधित करते कई सवाल किए। इस अवसर पर उन्होंने डॉ उरांव ने कहा कि इंडी एलाइंस ने कोड वर्ड के माध्यम से झारखंड को बेच दिया। मंत्री के करीबी के यहां से 37 करोड रुपए बरामद किए गए। कांग्रेस और जेएमएम के लिए कोड वर्ड के माध्यम से भ्रष्टाचार करना नया नहीं है। भ्रष्टाचार के लिए हमेशा इसका उपयोग करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के घर से जो फाइल मिली थी, उसमें भी कोड वर्ड का जिक्र था। मंत्री के पीए ने भी मेंशन किया है कि किस काम के लिए किसे कितना कमीशन दिया गया। मंत्री को कितना कमीशन दिया गया है। ईडी ने टेंडर में कमीशन लेने की विस्तृत जानकारी कोर्ट को दी है। चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ में वीरेंद्र राम ने मंत्री को 3 करोड़ रुपए कमीशन देने की बात स्वीकारी। इसके बाद ही ईडी ने कार्रवाई की। मंत्री के पीए के नौकर के घर से नोटों का पहाड़ बरामद किया गया। संगठन भ्रष्टाचार करने की घुट्टी पिलाई है। भ्रष्टाचार का मामला उजागर होने और नोट बरामद होने के बाद भी आलमगीर आलम में शर्म और नैतिकता नहीं बची है। पद से इस्तीफा नहीं दे रहा हैं। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को इसका संज्ञान लेकर उन्हें मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता इन लोगों की कारीस्तानी देख रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भी जनता उन्हें करारा जवाब देगी। भ्रष्ट नेता, मंत्री और सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि इंडी एलाइंस की करगुजारियों को देखते हुए उन्हें नया नाम हिज मास्टर करप्ट एलाइंस देना उचित होगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया। कहा कि न्यायालय से भी हेमंत सोरेन को बेल नहीं मिल रहा है।

## पांचवें चरण में कुल मतदान प्रतिशत 63.21 रहा : डॉ. नेहा अरोड़ा

**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया है कि पांचवें चरण के संपन्न चुनाव में 63.21 फीसदी लोगों ने मतदान किया है। वहीं गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में 68.92 प्रतिशत मतदान हुआ है। बताते चलें कि पांचवें चरण में कुल तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में 20 मई को मतदान हुआ था। उसमें चतरा में 63.69 प्रतिशत, कोडरमा में 61.81 प्रतिशत और हजारीबाग में 64.39 प्रतिशत मतदान हुआ है। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रही थीं। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इन तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की खासियत यह रही है कि यहां पुरुषों से अधिक महिलाओं ने मतदान किया है। इन तीन लोकसभा क्षेत्रों के सभी 16 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान में महिलाएं पुरुषों पर भारी पड़ी हैं। उन्होंने बताया कि कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बगोदर विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का मतदान प्रतिशत सर्वाधिक रहा है।

## आम चुनाव का अंतिम रण, तीन सीटें, 52 उम्मीदवार, 53 लाख वोटर




**रांची।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के तहत एक जून को झारखंड के तीन लोकसभा सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा पर चुनाव होने हैं। राज्य के तीन संसदीय क्षेत्र में 52 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। राजमहल लोकसभा से 14, दुमका और गोड्डा से 19-19 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों लोकसभा क्षेत्र में छह जिला और 18 विधानसभा आते हैं।

**तीन लोकसभा क्षेत्र में 53 लाख मतदाता :** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के डाटा के अनुसार, सातवें चरण में तीनों लोकसभा क्षेत्र में कुल 84 लाख 11 हजार 857 आबादी है। इसमें 43,02,034 पुरुष और 41,09,823 महिलाएं शामिल हैं। वहीं तीनों लोकसभा में कुल 53 लाख 16 हजार 868 मतदाता हैं। इसमें 26,97,207 पुरुष, 26,19,631 महिलाएं और 30 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

**गोड्डा का क्षेत्रफल कम , लेकिन मतदाता ज्यादा :** तीनों लोकसभा क्षेत्र में दुमका सबसे अधिक पांच हजार 263 स्क्वायर किलोमीटर और गोड्डा सबसे कम 4 हजार 2 स्क्वायर किलोमीटर में फैला है। वहीं राजमहल का क्षेत्रफल 5 हजार 38 स्क्वायर किलोमीटर है। गोड्डा का क्षेत्रफल कम है, लेकिन यहां की आबादी सबसे अधिक 37,67,857 आबादी है। इसमें 16,39,959 पुरुष और 15,27,715 महिला शामिल हैं। वहीं गोड्डा लोकसभा में 20 लाख 25 हजार 176 मतदाता हैं, जिसमें 10,48,884 पुरुष और 9,76,278 महिला मतदाता हैं। दुमका लोकसभा की आबादी 24 लाख 89 हजार 087 है, जिसमें 12,65,562 पुरुष और 12,23,525 महिला हैं. वहीं इस लोकसभा में 15 लाख 89 हजार 435 मतदाता हैं, जिसमें 7,98,286 पुरुष और 7,91,143 महिला मतदाता है। राजमहल लोकसभा क्षेत्र की आबादी 27 लाख 55 हजार 097 है, जिसमें 13,96,513 पुरुष और 13,58,583 महिला आबादी है।

# पृष्ठ एक के शेष

**भाजपा ही आलमगीर आलम...**
पहुंच चुकी है। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा बढ़ता ही जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दलों को कोई बहुमत नहीं मिलने वाला है। तीसरी बार भी नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। इस बार भारत विश्व गुरु भी बनेगा और तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था भी। इस बार कृष्ण मंदिर और ज्ञानव्यापी मंदिर भी बना दिया जायेगा।

**झारखंड में बनानी है भाजपा की सरकार :** हिमंता ने कहा कि इस बार झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनानी है। तभी डबल इंजन की सरकार राज्य का बेहतर विकास करेगी। यहां की माताओं को एक रुपये का भी लाभ नहीं मिल रहा है। बस हेमंत सोरेन के परिवार को मिल रहा है। बालू घोटाला भी यहां व्याप्त है। आज यहां धर्मांतरण हो रहा है लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही है। कांग्रेस मुस्लिमों को आरक्षण देने की बात कह रही है लेकिन संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कहीं भी जिक्र नहीं है। जब तक भाजपा है धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे।

**बेईमानों ने लूटकर झारखंड...**
काम बिगड़ा। ये लोग चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। उन्होंने कोयला लूटा। बालू लूटा। पत्थर लूटा। पहाड़ के पहाड़ गायब कर दिए। ये लोग राजनीति का काम करते हैं। शर्म आती है। इन लोगों ने कैसा प्रदेश बना डाला है। जिसने देश का धन लूटा है, उन्होंने जनता को लूटा है। यह जनता का पैसा है। प्रधानमंत्री मोदी जनता के लिए पैसा भेजते हैं। इंडी गठबंधन के लोग उसे लूटकर नोटों का पहाड़ खड़ा कर दे रहे हैं। ऐसी पार्टी के नेताओं को चुल्लू भर पानी में डूब कर मर जाना चाहिए।

**यह गठबंधन नहीं ठगबंधन :** उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले सरेआम लूट रहे हैं। बेईमानी कर रहे हैं। लूटे हुए पैसे से किसानों के खेत में पानी पहुंच सकता था। बच्चों के लिए स्कूल बन सकते थे। कॉलेज बन सकते थे। अस्पताल बन सकता था। कारखाने लगा सकते थे। इन बेईमानों ने लूटकर बर्बाद कर दिया इस प्यारे झारखंड को। इन्हें किसी कीमत पर ना छोड़े। यह गठबंधन नहीं ठगबंधन है। प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास करके 33 प्रतिशत रिजर्वेशन लोकसभा और विधानसभा में दे दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे कार्यक्रम चलाएं। भारतीय जनता पार्टी अब लखपति दीदी कार्यक्रम चल रही है।

**देश में महंगाई और...**
अगर इन सबको रोजगार मिल जाए तो हम चीन से मुकाबला कर सकते हैं। हर चीज महंगी हो गई है। जीएसटी से सभी परेशान है। मोदी सरकार की नीतियां सिर्फ चुनिंदा खरबपतियों के लिए बनाए गए हैं। नए संसद भवन बनाने के लिए करोड़ों का फंड है, लेकिन किसानों और आम आदमी के लिए फंड नहीं है।

**वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से चंदा लिया :** इलेक्टॉरल बॉन्ड की स्कीम निकालकर मोदी सरकार ने बीजेपी के लिए भारी मात्रा में चंदा जमा किया। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से चंदा लिया। आज हम घबरा रहे हैं कि हमने कौन सी वैक्सीन लगवाई है, हमारी जिंदगी का अब क्या होगा। मोदी ने कौन सी वैक्सीन लगवाई हैं, ये हमें नहीं पता।

**मेरी छोटी बहन कल्पना सोरेन शेरनी है :** रांची से पहले प्रियंका गांधी गोड्डा के मेला मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में वोट मांगा। कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने सोचा होगा कि वे हेमंत सोरेन को जेल में डालकर आसानी से चुनाव जीत लेंगे, लेकिन आज कल्पना सोरेन हेमंत की लड़ाई लड़ रही हैं। वो शेरनी की तरह सभी समस्याओं का सामना कर रही हैं। मैं उन्हें अपनी छोटी बहन और नारी शक्ति का प्रतीक मानती हूं। कांग्रेस की नीतियां हमेशा आपको मजबूती देने के लिए रही हैं। भाजपा सरकार आपको नहीं जानती और उचित नीतियां नहीं बना पा रही है। उन्होंने कहा कि आपके मुख्यमंत्री को फर्जी बयानों और मुकदमों के आधार पर चुनाव से पहले जेल भेजा गया है।

**एक ही परिवार के दो की...**
प्रतिनिधि कंचन साहू सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना। वहीं उनके परिजन के दो लोग की मौत पर ढांढस बांधाया। साथ ही साथ कंचन साहू ने तत्काल दोनों घायलों को इलाज हेतु एंबुलेंस उपलब्ध कराकर रांची भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। जहां से शव को पोस्टमॉर्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार भदुआ घाटी के पास तीखा मोड होने के कारण हमेशा दुर्घटनाएं की आशंका बनी रहती है। अब तक भदुआ घाटी के पास सड़क दुर्घटना में कई लोगों की जान जा चुकी है। घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने बताया कि सभी कार सवार लोग छत्तीसगढ़ प्रदेश के सरगुजा जिले के सूरजपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

**तथ्य छिपाने पर सुप्रीम कोर्ट..**
के नाम पर है। इस जमीन पर हिलेरियस कच्छप नामक एक व्यक्ति खेती करता था और बिजली का कनेक्शन उसी के नाम पर है। इससे हेमंत सोरेन का कोई संबंध नहीं है। सिब्बल ने कहा था कि हेमंत सोरेन पर वर्ष 2009-10 में इस जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया, लेकिन इसे लेकर कहीं कंप्लेन दर्ज नहीं है। ईडी की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि बरियातू की 8.86 एकड़ जमीन पर हेमंत सोरेन का अवैध कब्जा है। उन्होंने कहा कि सक्षम न्यायालय द्वारा मामले में संज्ञान लिया जा चुका है। जमानत याचिका को रद्द करते हुए सक्षम अदालत ने यह कहा है कि प्रथम दृष्टया आरोप सही प्रतीत होते हैं। इसके बाद कपिल सिब्बल ने कहा था कि वह जमानत नहीं मांग रहे हैं, वह तो ईडी द्वारा हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती दे रहे हैं।

**आलमगीर टेंडर घोटाले की...**
अपराध की आय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां छिपा रहे हैं और अपने जवाबों में भी टालमटोल कर रहे हैं। ईडी ने यह भी कहा कि आलमगीर और उनके सहयोगियों द्वारा अपराध की आय से अर्जित संपत्तियों की पहचान करने और मंत्री के माध्यम से अपराध की आय अर्जित करने वाले अन्य लाभार्थियों की भूमिका की जांच करने के लिए भी उनकी हिरासत में पूछताछ जरूरी है।

**यह 3000 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला, रुपये विदेश भी भेजे गए :** सूत्रों का कहना है कि झारखंड टेंडर घोटाले की जांच कर रही ईडी ने दावा किया है कि यह 3000 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला है। इस घोटाले में अर्जित रुपये विदेश भी भेजे गए हैं। उल्लेखनीय है कि छह मई को ईडी ने संजीव और जहांगीर के परिसरों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने उनके ठिकानों से 37.5 करोड़ बरामद किये थे। इसके बाद ईडी ने आलमगीर आलम को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। दो दिनों तक लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने 13 मई को आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। यह मामला वीरेंद्र कुमार राम से जुड़ा है, जिन्हें पिछले साल 23 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। वह झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल और ग्रामीण कार्य विभाग दोनों में मुख्य अभियंता के पद पर तैनात थे। वीरेंद्र राम निविदा आवंटन के लिए कमीशन इकट्ठा करता था और कमीशन में 1.5 प्रतिशत का निर्धारित हिस्सा मंत्री आलमगीर आलम को देता था।




# पांच चरणों के चुनाव में ही देश में पक्की हो गई हमारी सरकार : पीएम

- *आपका वोट बर्बाद न हो इसलिए वोट उसे दें जिनकी सरकार बन रही है*
- *चार जून को जनता इनको नींद से जगाने वाली है, तब यही लोग ईवीएम पर ठिकरा फोड़ेंगे*

**एजेंसी। बस्ती**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बस्ती में तीन लोकसभा क्षेत्रों बस्ती, संतकबीरनगर और डुमरियागंज से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि देश में पांच चरणों के चुनाव हो गए हैं। इन्हीं चरणों ने मोदी सरकार पक्की कर दी है। इंडी गठबंधन पता नहीं क्या–क्या आंकड़ा बता रहा है। उन्हें याद नहीं रहता कि आज क्या बोल रहे हैं, दो दिन पहले क्या बोला था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वोट देना निरर्थक है। आपका वोट बर्बाद हो जाए, यहां का कोई मतदाता नहीं चाहेगा। इसलिए आपका वोट उसे जाना चाहिए, जिसकी सरकार बनने जा रही है। आज भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत वैश्विक मंचों से बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है। भारत फैसला लेता है तो पूरी दुनिया उसके साथ कदम मिलाकर चलने की कोशिश करता है। जो हमें आतंक की धमकियां देता आज उसकी खुद की स्थिति दयनीय है। मोदी ने सपा और कांग्रेस को पाकिस्तान समर्थक बताया। कहा, भारत किसी को डराना नहीं चाहता, लेकिन जो हमें डराना चाहते हैं उन्हें बख्सेगा नहीं। उन्होंने कहा कि आज का भारत घर में घुस कर मारता है। दोनों शहजादे मिलकर अफवाह फैलाते हैं। चार जून को यूपी की जनता इनको नींद से जगाने वाली है। तब यह लोग इसका ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे।



### तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी

उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। हमारा देश पांच सौ सालों से राम मंदिर का इंतजार कर रहा था। इंडी गठबंधन वालों को राम मंदिर नहीं चाहिए। सपा वाले तो कहते हैं कि राम मंदिर जाने वाले लोग पाखंडी है। ये लोग सनातन धर्म के विनाश करने की बात करते हैं। इन सबके आगे कांग्रेस है।

### एससी, एसटी, ओबीसी से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं

**श्रावस्ती।** भगवान बुद्ध की धरती श्रावस्ती की एक चुनावी जनसभा में पीएम ने बुधवार को इंडी गठबंधन को घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी बताया। उन्होंने कहा कि ये तीनों कैंसर से भी भयंकर बीमारियां हैं जो देश को तबाह कर सकती हैं। तुष्टीकरण के लिए इंडी गठबंधन वाले नई स्कीम लेकर आए हैं। कांग्रेस कहती है कि सम्पत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। मोदी कहते हैं कि सम्पत्ति पर पहला अधिकार गरीबों का है। ये वोट बैंक में बांटना चाहते हैं। दूसरी स्कीम में एससी, एसटी, ओबीसी से आरक्षण छीन कर मुस्लिमों में बांट देना है। पूरे देश में वोट जिहाद करने वालों को आरक्षण छीन कर देना चाहते हैं लेकिन मैं कहता हूं कि जबतक जिंदा हूं, गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासियों का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता।

# सत्ता में आए तो हम करवाएंगे जाति जनगणना : राहुल गांधी

- *संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हुए राहुल*
- *90 फीसदी दलित व पिछड़े को सत्ता में हिस्सेदारी देगी कांग्रेस*

**एजेंसी। चंडीगढ़**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की मांग को दोहराते हुए कहा है कि भारत में 90 प्रतिशत दलित, आदिवासी और पिछड़े हैं। मोदी सरकार इन्हें सम्मान देने की बात करती है लेकिन कांग्रेस इन्हें सत्ता में हिस्सेदारी देने की बात कर रही है। यह अब उनके लिए एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि जीवन का मिशन बन गया है। राहुल गांधी बुधवार की शाम पंचकूला में समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान केवल किताब नहीं बल्कि ट्रांसफर ऑफ पावर है। इस देश में 90 फीसदी दलित, आदिवासी, ओबीसी हैं लेकिन देश के नेरेटिव में उनकी कोई हिस्सेदारी नहीं है। हर फ्रंट पर केवल दस प्रतिशत लोग ही मौजूद हैं। राहुल गांधी ने मीडिया के एक वर्ग की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया के एजेंडे आज किसान, मजदूर, नाई, बड़ई, सफाई कर्मचारी सब बाहर हो चुके हैं। देश के सिस्टम से 90 प्रतिशत को बाहर किया जा रहा है, जबकि इन्हीं के नाम पर सब योजनाएं बनाई जाती हैं। आज मंचों पर भारत की बात होती है और 90 प्रतिशत की भागेदारी नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि कांगेस की सरकार सत्ता में आने पर सबसे पहले जातिगत जनगणना करवाई जाएगी। इसके बाद यह सर्वे किया जाएगा कि देश की न्याय व्यवस्था में इन 90 प्रतिशत की कितनी भागेदारी है। इसके बाद देश का इकनॉमिक फाइनेंशियल सर्वे करवाकर यह पता करेंगे कि आर्थिक रूप से यह 90 प्रतिशत भारत कितना मजबूत है। राहुल गांधी ने कहा कि संविधान को बचाने की लड़ाई 50 साल की नहीं हजारों साल पुरानी है। उन्होंने सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए हुए संविधान पैरोकारों द्वारा से कहा कि पिछले दस वर्षों से भारत के जिस हिस्से को अनदेखा करके केवल दस प्रतिशत लोगों को भारत माना जा रहा है वह मिलकर अगले बीस साल का ऐसा विजन बनाएं जिसमें 90 प्रतिशत भारत की भागेदारी हो। इस काम को एक मिशन की तरह लिया जाए।



# सातवें चरण में 57 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे 904 उम्मीदवार




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में 8 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सातवें चरण के लिए 1 जून को मतदान होना है। गौरतलब है कि 1 जून को होने वाले मतदान का यह सातवां चरण इस लोकसभा चुनाव की वोटिंग का अंतिम चरण है। इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती प्रारंभ होगी। सातवें चरण की जानकारी देते हुए चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में 57 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2105 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। सभी 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चरण 7 के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 मई, 2024 थी। दाखिल किए गए सभी नामांकनों की जांच के बाद 954 नामांकन वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद अंतिम रूप से चुनावी मैदान में 904 उम्मीदवार शेष बचे हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि चरण 7 में पंजाब में 13 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से अधिकतम 598 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 13 संसदीय क्षेत्रों से 495 नामांकन थे। बिहार के जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक 73 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इसके बाद दूसरे नंबर पर पंजाब के लुधियाना संसदीय क्षेत्र से 70 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। चुनाव आयोग के मुताबिक 7वें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 16 है। सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 सीटों पर लोकसभा चुनाव होना है। चंडीगढ़ की 1 सीट पर, हिमाचल प्रदेश की चारों संसदीय सीटों पर लोकसभा का चुनाव होना है। झारखंड की 3 सीटों पर, ओडिशा की 6 सीटों पर व पंजाब की सभी 13 सीटों पर भी सातवें व अंतिम चरण में ही मतदान होना है। वहीं उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों पर भी अंतिम व सातवें चरण में चुनाव होगा।

# चार जून के पहले विपक्ष अपनी तमाम मर्यादाएं खो देगा : चिराग

**एजेंसी। पटना**

लोजपा (रा) के प्रमुख चिराग पासवान ने विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए जा रहे विवादास्पद बयानों पर बुधवार को कहा कि यह सामने दिख रही हार पर उनकी बौखलाहट है। उन्होंने कहा कि विपक्ष 4 जून के पहले अपनी तमाम मर्यादाएं खो देगा। पासवान ने कहा जैसे-जैसे चुनाव के चरण गुजरते जा रहे हैं, विपक्ष की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'झूठों का सरदार' कहे जाने पर कहा कि पहले उनकी पार्टी के दूसरे नेताओं के बाद अब खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस जिस तरह से भाषा की मयार्दा भूल रहे हैं, यह बात साबित होती है कि उनको पता चल चुका है कि वे चुनाव हार रहे हैं। उन्होंने कहा, हम लोग इन पांच चरणों में, जिस तरीके से मतदान हुआ है 300 से 315 तक का आंकड़ा पार कर चुके हैं। अब 25 मई और 1 जून वाला मतदान होना है। इसमें हम लोग यकीनन 400 का भी आंकड़ा पार करेंगे और अगर इस बार पूरा एनडीए मिलकर इतिहास में सबसे बड़ी संख्या के साथ केंद्र में सरकार बनाता है तो उसमें भी किसी को आश्चर्य नहीं होगा। पासवान ने कहा कि कांग्रेस अपने ऑल टाइम लो पर जाती है तो किसी को एतराज नहीं होना चाहिये। ऐसी भाषा का इस्तेमाल सिर्फ इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके अंदर बौखलाहट बढ़ती जा रही है। अपनी सीट कम होता देखा एनडीए बड़ी जीत की ओर अग्रसर हो रहा है। इसी बौखलाहट में लोग ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने हरियाणा के जगाधरी में कहा था कि अगर कोई पीएम ये बातें कहता है, झूठ बोलकर भ्रम फैलाता है, तो हमें क्या कहना चाहिए? क्या ऐसे लोगों को दोबारा वोट दिया जाना चाहिए?

### उपेंद्र कुशवाहा को हराने की साजिश रच रही है भाजपा, चिराग को हार मुबारक : तेजस्वी

**भोजपुरी** स्टार पवन सिंह को भाजपा ने पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी की ओर से की गई इस कार्रवाई के बाद प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी यादव हालांकि पहले इस मामले में प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि हमें इससे क्या, यह उनकी पार्टी का मामला है। हमें तो लगता है कि एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को हराने के लिए भाजपा साजिश कर रही है। इस वजह से पार्टी की ओर से इस तरह की दिखावटी कार्रवाई की गई है। वहीं, चिराग पासवान को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि चिराग पासवान को हार की सबसे पहले मुबारकबाद। हमारे पास जो इंफॉर्मेशन आ रही है, उसके हिसाब से चिराग पासवान अच्छे मार्जिन से हार रहे हैं। भाजपा के ही लोग उन्हें हरा रहे हैं। इसके अलावा उनके साथ कई ऐसे लोग हैं जो उन्हें हराने के लिए लगे हुए हैं। पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब-जब वह बिहार की राजधानी पटना आते हैं, तब तब वह खास लोगों को रात के अंधेरे में अपने पास बुलाते हैं और अच्छे से निर्देश देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम लोगों को पता है कि किन खास लोगों को बुलाया जाता है और क्या-क्या निर्देश दिए जाते हैं, ये लोग बहुत अच्छी तरह से हार रहे हैं।

# पूर्वांचल की जनता भाजपा का करेगी सफाया : अखिलेश



**आजमगढ़।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को आजमगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वांचल की जनता भारतीय जनता पार्टी का पूरा सफाया करने का काम करेगी। अब जैसा पता लग रहा है, हो सकता है जिस तरह का जनता का मूड है, इस बार यूपी की 80 की 80 सीटें भारतीय जनता पार्टी हार जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि ये लोग जो कहते हैं, शहजादे-शहजादे, इस बार दोनों शहजादे मिलकर ऐसी शह देंगे और जनता ऐसी मात देगी कि इनका पता नहीं लगेगा। ये पीडीए परिवार जो जुड़ गया है, 4 तारीख को देखना नई फिल्म रिलीज होगी, जो भाजपा वाले बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, ढूंढे जाएंगे, ये अभिनय वाले जो पूरे के पूरे जुटे हुए हैं, यहां से लेकर दिल्ली तक आपके अधिकारों को छीन रहे हैं, आपके सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं और बाबा साहब के दिए हुए संविधान को खत्म करने का काम कर रहे हैं।

**आजकल के खर्चे पर होनी चाहिए चर्चा**

# इतिहास की बात करने के लिए विवि है : शशि थरुर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दस राज्यों में चुनाव प्रचार के बाद दिल्ली में कांग्रेस के नेता और केरल के तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार शशि थरुर ने दिल्ली प्रदेश कार्यालय में बुधवार संवाददाताओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की अबकी बार 400 पार महज एक कल्पना थी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है ऐसे में वह बीती हुई बातों (इतिहास) की जिक्र करने लगती है। थरुर ने कहा कि देश के सामने मौजूद वास्तविक मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। जिससे आम जनता प्रभावित है। ऐसे में जब आम जनता आज कल के खर्चे से तंग है उससे निजात कैसे मिलेगी इस पर चर्चा होनी चाहिए। यह मुद्दा है । इतिहास की बातों पर चर्चा करने के लिए विश्वविद्यालय है। शशि थरूर ने कहा कि हमें उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना होगा जो आम भारतीयों के जीवन को छूते हैं, न कि इन अन्य मुद्दों पर। वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने से किसी का हित नहीं सधता है। शशि थरुर ने कहा कि पीएम मोदी के पहले कार्यकाल की आर्थिक विफलताओं पर जनमत संग्रह होना चाहिए था किंतु 2019 में पुलवामा में हुई त्रासदी को राष्ट्रीय सुरक्षा चुनाव में बदल दिया गया। परिणामस्वरूप भाजपा कई राज्यों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अब उन सभी 11 राज्यों में उन परिणामों को दोहराना असंभव है । भाजपा के गढ़ों में न्यूनतम मतदान हुआ है और मतदान के आंकड़ों में महत्वपूर्ण गिरावट आई है, कांग्रेस की अच्छी संख्या में वोटिंग हुई है इसलिए हमारा आत्मविश्वास और भी बढ़ गया है। एक अन्य सवाल के जवाब में कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने कहा, राहुल गांधी निर्विवाद रूप से कांग्रेस पार्टी के सबसे लोकप्रिय नेता हैं...उन्हें थोपने की जरूरत नहीं है।



**भाजपा से निष्कासन के बाद पवन सिंह ने कहा**

# 'आज भी रण में अभिमन्यु अकेला है...'

**एजेंसी। पटना**

बिहार के काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के सामने बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ने के कारण भाजपा ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा से निकाले जाने के बाद पवन सिंह की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर पवन सिंह ने पोस्ट शेयर कर लिखा, कल भी, महाभारत में अभिमन्यु अकेला था, कृष्ण और पांडव के होते हुए, चक्रव्यूह में घेरकर राक्षसों ने मारा था, आज भी रण में अभिमन्यु अकेला है। लेकिन, जनता उसके साथ है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की है।

इससे पहले बुधवार को काराकाट संसदीय क्षेत्र से बतौर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह को भाजपा ने पार्टी से निष्कासित कर दिया।

भाजपा ने पवन सिंह के नाम से जारी पत्र में कहा कि लोकसभा चुनाव में आप एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। आपका यह कार्य दल विरोधी है। जिससे पार्टी की छवि घूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरूद्ध आपने यह कार्य किया है। पत्र में कहा गया है कि आपको पार्टी से निष्कासित किया जाता है। एनडीए की ओर से काराकाट संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा चुनावी मैदान में हैं, जिनका मुकाबला महागठबंधन के प्रत्याशी भाकपा माले के राजाराम सिंह से माना जा रहा है।

अभिनेता पवन सिंह को भाजपा ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन, उन्होंने वहां से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। इसके बाद वे काराकाट क्षेत्र से बतौर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे हैं।



**बिहार का रण** | **सीवान में शहाबुद्दीन की पत्नी बतौर निर्दलीय ठोंक रही ताल**

# हिना शहाब के मैदान में आने से रोचक हुआ मुकाबला

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजनीति में बाहुबलियों की अपनी खास पहचान रही है। सीवान की चर्चा बिहार की राजनीति में होती रही है। अपने अंदाज में राजनीति करने वाले बाहुबली नेता शहाबुद्दीन भी इस क्षेत्र से चार बार सांसद चुने गए। इस चुनाव में सीवान लोकसभा क्षेत्र में महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को मैदान में उतारा गया है। एनडीए की ओर से जदयू ने विजयलक्ष्मी को मैदान में उतारकर मुकाबले को कांटे का बना दिया है। इस बीच, पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब भी निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गई हैं। इसके बाद मुकाबला और रोचक हो गया है।



सीवान संसदीय क्षेत्र के तहत छह विधानसभा सीवान, जीरादेई, दरौली, रघुनाथपुर, दरौंदा और बरहड़िया आते हैं। माना जाता है कि इस क्षेत्र में यादव, मुस्लिम, राजपूत जातियों का खासा प्रभाव है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जदयू की कविता सिंह एक लाख से ज्यादा वोटों से जीती थीं। लेकिन, उस चुनाव में यहां से भाकपा माले ने भी अपना उम्मीदवार उतारा था। तब राजद की हिना शहाब को 3.31 लाख और भाकपा माले के अमरनाथ यादव को करीब 74 हजार वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के ओम प्रकाश यादव ने राजद की हिना को पराजित किया था। उस चुनाव में ओम प्रकाश को 3,72,670 मत मिले थे, जबकि हिना शहाब को 2,58,823 मतों से संतोष करना पड़ा था। वर्ष 2009 के चुनाव में भी हिना को ओमप्रकाश ने बतौर निर्दलीय पराजित किया था। हिना शहाब भले ही चौथी बार चुनाव मैदान में उतरी हैं, लेकिन राजनीति में उनकी पहचान आज भी इस क्षेत्र का चार बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले उनके दिवंगत पति मोहम्मद शहाबुद्दीन से ही होती है। शहाबुद्दीन की राजनीतिक पारी की शुरूआत वर्ष 1990 में निर्दलीय विधायक के रूप में हुई थी। वर्ष 1992 से 2004 तक वे चार बार इलाके के सांसद चुने गए। राजद के प्रत्याशी अवध बिहारी चौधरी को जहां मुस्लिम-यादव समीकरण के अलावा मल्लाह और दलितों के वोट बैंक के सहारे जीत की उम्मीद है, वहीं जदयू को सवर्ण जाति के अलावा वैश्य, अति पिछड़े और दलित जाति के साथ मोदी लहर पर भरोसा है।

### वोट बैंक को सुरक्षित रखने की चुनौती

**वहीं,** बिहार के पुराने जंगलराज' को भी याद करवा रहे हैं। महागठबंधन जातीय मुद्दे और सरकार की वादाखिलाफी को लेकर मतदाताओं को रिझाने में लगा है। ऐसे में कहा जा रहा है कि दोनों गठबंधनों के लिए चुनाव तक अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखने की चुनौती है। इस क्षेत्र में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होना है। जबकि, परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com